आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 108 ● नई दिल्ली, रविवार, 23 जुलाई 2023 ● पृष ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737

3 थाना परिसर में हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण ...

भारतीय भाषाओं पर विद्यालयों को सीबीएसई का पत्र एक महत्वपूर्ण सुधार : जेपी नड्डा

एजेंसी/ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भारतीय भाषाओं को एक वैकल्पिक शिक्षण माध्यम के रूप में उपयोग करने के सिलसिले में सीबीएसई द्वारा विद्यालयों को पत्र लिखे जाने की शनिवार को सराहना करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण सुधार बताया। नड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया है।उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि यह साबित हो चुका है कि शुरूआती वर्षों में मातृ भाषा में बच्चे तेजी से सीखते-समझते हैं। सीबीएसई ने बहुभाषी शिक्षा को हकीकत में तब्दील करने के लिए निर्देश (शिक्षण) के एक वैकल्पिक माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने पर विद्यालयों को विचार करने को कहा है। बोर्ड ने उल्लेख किया है कि शिक्षा मंत्रालय और एनसीआरटी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के उपाय किए गए हैं, जिसके बाद सीबीएसई ने अपने स्कूलों को उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने को कहा है।

पिछले नौ साल में करोड़ों नौकरियां खत्म हुईं, युवाओं का भविष्य अंधकार में : कांग्रेस

एजेंसी/ नई दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा करीब 70 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने की पृष्ठभूमि में शनिवार को आरोप लगाया कि पिछले नौ वर्षों के दौरान करोड़ों नौकरियां खत्म हो गईं और लगभग 20 हजार लघु एवं मध्यम इकाइयां बंद हो गईं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री किश्तों में भर्ती पत्र बांटकर ऐसे जता रहें हैं कि मानो उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा पूरा कर दिया हो, जबकि उनकी सरकार के तहत युवाओं का भविष्य अंधकार में है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि एमएसएमई क्षेत्र इस अमृतकाल में अपने सबसे बुरे दौर का सामना कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को करीब 70 हजार लोगों को डिजिटल माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सत्ता के लोभ में राष्ट्रीय हितों को तिलांजलि दी गई।

खरगे ने ट्वीट किया, देश में तीन वर्षों में ही क़रीब 20,000 एमएसएमई उद्योग ठप्प हुए। अकेले सरकारी महकमों में ही 30 लाख पद ख़ाली हैं। पर इवेंटजीवी मोदी सरकार के मुखिया, मोदी जी किश्तों में भर्ती पत्र बांटकर ऐसे जता रहें हैं कि मानो

उन्होंने दो करोड़ नौकरियां, प्रति वर्ष देने का भाजपाई वादा पूरा कर दिया हो। उन्होंने कहा, वो तो सरकार के स्वीकृत पद हैं, वो तो कब के भर जाने चाहिए थे उ पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, स्टैंडअप इंडिया आदि का इवेंट तो बनाया गया, पर लाखों एमएसएमई को मोदी सरकार की ग़लत नीतियों का दंश झेलना पड़ा । खरगे ने आरोप लगाया, करोड़ों युवाओं की नौकरिया ख़त्म हो गई। उनका भविष्य अंधकारमय हो गया। एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस को तो ख़ासा चोट पहुंची। देश के युवा अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस युवा विरोधी सरकार को जाना होगा। भारत जुड़ेगा, इंडिया जीतेगा। रमेश ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री का सारा ध्यान सिर्फ अपने चुनिंदा पूंजीपति मित्रों को फ़ायदा पहुंचाने पर है। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले एमएसएमई को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। लोकसभा में सरकार ने ख़ुद माना कि तीन साल में क़रीब 20 हज़ार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम बंद हुए हैं। यह अनुमान भी वास्तविकता से बेहद कम है। उन्होंने दावा किया, एमएसएमई क्षेत्र अभी तक नोटबंदी और जीएसटी की मार से नहीं उबरा है। सरकार की तरफ़ से पर्याप्त कदम भी नहीं उठाए जा रहे हैं। यही कारण है कि जो सेक्टर युवाओं को रोज़गार देने में अहम भूमिका निभा सकता था, देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूती प्रदान कर सकता था, वो तथाकथित अमृत काल में अपने सबसे बुरे दौर में है।

ख़ास ख़बर

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में छठा आरोपी अरेस्ट

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने चार मई को राज्य के कांगपोकपी जिले में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने के मामले में छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति एक किशोर है। पुलिस ने बुधवार को भयावह घटना का 26 सेकेंड का वीडियो सामने आने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को इस मामले में पहली गिरफ्तारी की थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को ही तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया। पांचवें आरोपी 19 वर्षीय युवक को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन दो महिलाओं के साथ यह शर्मनाक घटना हुई, उनमें से एक भारतीय सेना के पूर्व जवान की पत्नी है।

महाराष्ट्र वर्षा: यवतमाल में फंसे लोगों को वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने बचाया

यवतमाल। महाराष्ट्र में यवतमाल जिले के महागांव तहसील में भारी वर्षा के बाद बाढ़ में 45 लोग फंस गए हैं तथा राज्य आपदा मोचन बल को बचाव कार्य में लगाया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना के दो हेलीकॉप्टर भी बचाव अभियान में भाग लेने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक ट्वीट में कहा कि महागांव तालुका के आनंदनगर गांव में बाढ़ के कारण 45 लोग फंस गए हैं।नागपुर से करीब 150 किलोमीटर दूर इस जिले में शुक्रवार सुबह से ही भारी वर्षा हो रही है जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है और लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा है।जिलाधिकारी अमोल एडगे ने बताया कि महागांव तहसील में शनिवार सुबह तक 231 मिलीमीटर और जिले में 117.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले से बहने वाली पैनगंगा में बाढ़ आ गई है। यवतमाल शहर की कुछ सड़कें पानी में डूब गई हैं तथा प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। बुलढाणा जिले में संगरामपुर तहसील के कासेरगांव में करीब 140 लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया गया। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (नागपुर) ने विदर्भ के यवतमान, गढ़चिरौली, अमरावती और वासिम जिलों में शनिवार को छिटपुट स्थानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ने एवं भारी वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित रोजगार मेला को संबोधित किया

पूर्ववर्ती सरकार ने सत्ता के लोभ में राष्ट्रीय हितों की तिलांजलि दी : मोदी

एजेंसी/ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सत्ता के लोभ में राष्ट्रीय हितों को तिलांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया था लेकिन उनकी सरकार ने वित्तीय सेहत को फिर से बहाल किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित रोजगार मेला को संबोधित किया। उन्होंने परोक्ष रूप से गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ शक्तिशाली नेताओं खासतौर पर एक परिवार विशेष के करीबियों को हजारों करोड़ रुपए का ऋण दिया गया जो कभी वापस करने के लिए नहीं थे। मोदी ने कहा कि फोन बैंकिंग घोटाला पूर्ववर्ती सरकार के सबसे बड़े घोटालों में से एक था, जिसकी वजह से बैंकिंग प्रणाली की कमर टूट गई थी।

उन्होंने कहा कि अब फोन बैंकिंग आम सहूलियत हो सकती है लेकिन नौ साल पहले यह आम लोगों के लिए नहीं थी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से भारत अब उन देशों में शामिल है जिनका बैंकिंग क्षेत्र बहुत मजबूत है। करीब 70 हजार लोगों को डिजिटल माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद एक रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मोदी ने रेखांकित किया कि नियुक्ति पाने वालों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग शामिल हैं, जो बैंकिंग क्षेत्र में काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार द्वारा सुधारात्मक कदम उठाए जाने से पहले कांग्रेस नीत पूर्ववर्ती सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया था। केंद्र में 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार थी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने बैंक प्रबंधन को मजबूत करने, छोटे बैंकों का विलय करने और इस क्षेत्र की मदद के लिए पेशेवर माहौल बनाने सहित कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हजारों करोड़ रुपए के घाटे और गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) की वजह से जाने जाते थे, लेकिन अब वे रिकॉर्ड लाभ के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों की सेवा और मुद्रा योजना के तहत ऋण के माध्यम से गरीबों और असंगठित क्षेत्रों के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों का समर्थन करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के वास्ते बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक विश्वास एवं आकर्षण के केंद्र के रूप में उभरा है और देश को इसका भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की गिनती अब उन देशों में की जाती है जिनकी बैंकिंग प्रणाली मजबूत है लेकिन नौ साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। मोदी ने नए भर्ती युवाओं से कहा, बर्बादी के कई उदाहरण है जो सत्ता के लोभ में राष्ट्रीय हितों की तिलांजलि देने से हुई। हमारे बैंकिंग क्षेत्र को पूर्ववर्ती सरकार में बर्बादी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उन दिनों चहेतों को जो कर्ज दिया गया उसकी वापसी नहीं हुई और पूर्व की देनदारी का भुगतान दिखाने के लिए एक के बाद एक कर्ज दिए गए।

मोदी ने कहा कि दिवालिया संहिता जैसे कानूनों से बैंकों की एनपीए से रक्षा की गई जबकि बैंकों को चूना लगाने के आरोपियों के खिलाफ उनकी संपत्ति कुर्क करने जैसे कड़े कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बैंकों में पांच लाख रुपए तक जमा राशि का बीमा किया जिससे 99 प्रतिशत से अधिक खाताधारकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

मोदी सरकार में भारत दुनिया की 10वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

पीएम ने कहा कि अगले 25 साल नए भर्ती युवाओं और राष्ट्र के लिए अहम हैं क्योंकि इस अवधि में विकसित देश बनने का सफर तय करना है। मोदी ने रेखांकित किया कि उनके शासनकाल में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। उन्होंने कहा कि अधिकतर विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले कुछ साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और वह ऐतिहासिक क्षण होगा। मोदी ने कहा कि इससे प्रत्एक क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आम नागरिकों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने नीति आयोग की एकहालिया रिपोर्ट का हवाला दिया जिसके मुताबिक गत पांच साल में 13 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है। मोदी ने पक्का मकान और शौचालय बनाने, जनधन खाता खोलने और गरीबों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने जैसी सरकारी योजनाओं को लागू करने में सरकारी कर्मचारियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की : गहलोत

एजेंसी/ जयपुर

मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया में राजस्थान का जिक्र आने पर पलटवार करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उन्होंने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की है। साथ ही गहलोत ने कहा कि देश की जनता मोदी नीत सरकार के कारनामों व लापरवाही से दुखी है। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की घटना पर बृहस्पतिवार को कहा था, घटना चाहे राजस्थान की हो, चाहे छत्तीसगढ़ की हो या फिर मणिपुर की... हिंदुस्तान के किसी भी कोने में किसी भी राज्य की सरकार को राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था को महत्व देना चाहिए और नारी के सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। इसका जिक्र करते हुए गहलोत ने शनिवार को यहां मीडिया से कहा, प्रधानमंत्री ने राजस्थान के स्वाभिमान पर चोट की है। मोदी ने कहा था, मणिपुर की जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है...140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। गहलोत ने कहा, देश की 140 करोड़ जनता को शर्मसार नहीं होना पड़ रहा है बल्कि वह आपकी सरकार के कारनामों, आपकी विफलता और आपकी लापरवाही से दुखी है।

मणिपुर पर मोदी 77 दिनों तक चुप रहे

गहलोत ने कहा कि 77 दिन तक मोदी ने इस मुद्दे पर एक शब्द नहीं बोला लेकिन उच्चतम न्यायालय से संकेत मिलने के बाद कुछ सेकंड में ही अपनी बात रखकर औपचारिकता पूरी कर दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह सब उस मणिपुर राज्य में हो रहा है जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। अगर वहां कांग्रेस नीत सरकार होती तो आप कल्पना कीजिए वे क्या-क्या नही बोलते? ए बातें देश में हो रही हैं जो बहुत दुखद हैं। गहलोत ने कहा, ए माहौल खराब कर रहे हैं इनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। ये बस रटी-रटाई बातें करते हैं। हमने विकास में कमी रखी हो तो बताएं।

हिंद-प्रशांत, हिंद महासागर का महत्व बढ़ा

स्थिति का जायजा लेने मुंबई पहुंचा ब्रिटेन का रक्षा प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी/ मुंबई

ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स की रक्षा प्रवर समिति के सदस्यों ने हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति की बेहतर समझ हासिल करने और यह पता लगाने के लिए मुंबई का दौरा किया कि ब्रिटेन क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में कैसे योगदान दे सकता है। भारतीय नौसेना ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।बयान के मुताबिक, सांसद टोबियास एलवुड के नेतृत्व में ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल ने 19 से 21 जुलाई तक मुंबई का दौरा किया। एलवुड ब्रिटिश सेना के पूर्व अधिकारी और रक्षा प्रवर समिति के मौजूदा अध्यक्ष हैं।बयान के अनुसार, ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल संजय भल्ला और कमान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। बयान में कहा गया है, ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति की बेहतर समझ हासिल करने और यह पता लगाने के लिए भारत आया था कि ब्रिटेन क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में कैसे योगदान दे सकता है। इसमें बताया गया है कि बातचीत में साझा हित से जुड़े मुद्दों और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के दोनों देशों के प्रयासों के अलावा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।

कांग्रेस की विचारधारा पर नहीं चलने वालों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं : रंधावा

जयपुर। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने शनिवार को कहा कि जो कांग्रेस की विचारधारा पर नहीं चलेगा उसके लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। रंधावा ने कहा, पार्टी में अनुशासन बनाए रखना मेरा व प्रदेश अध्यक्ष का काम है। कांग्रेस पार्टी में उन लोगों की जरूरत है जो कांग्रेस की विचारधारा को अपनाते हैं। जो पार्टी की विचारधारा पर नहीं चलेगा उसके लिए कांग्रेस में कोई जगह नहीं है। राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने विभा में महिला अत्याचार के मुद्दे पर अपनी ही सरकार को घेरा था।

मणिपुर पर गुजरात के जनजातीय क्षेत्र में 23 को बंद का आयोजन

अहमदाबाद। गुजरात के जनजातीय क्षेत्र में रविवार को मणिपुर में जातीय हिंसा और महिलाओं के प्रति अत्याचार के विरोध में बंद का आयोजन किया जाएगा। राज्य के विपक्षी दल कांग्रेस ने पूर्वोत्तर राज्य में स्थिति को नियंत्रित करने में सत्ताधारी भाजपा सरकार की विफलता के विरोध में बंद का समर्थन करने का फैसला किया है। आदिवासी एकता मंच सहित कई जनजातीय संगठन गुजरात के जनजातीय बहुल जिलों में बंद का आह्वान करने के लिए एक साथ आए हैं। मणिपुर हिंसा को लेकर इलाके में बंद रखा जाएगा।

भाजपा का दावा, मालदा में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा गया, टीएमसी ने आरोप खारिज किया

एजेंसी/ कोलकाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में लोगों के एक समूह ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र किया और उनके साथ मारपीट की। बुधवार की घटना का एक कथित वीडियो भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किया जिसमें महिलाओं को बेरहमी से पीटते हुए दिखाया गया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप को खारिज कर दिया और भाजपा पर ध्यान भटकाने

की रणनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया। मालवीय ने ट्वीट कर दावा किया, पश्चिम बंगाल में दहशत जारी है। मालदा के बामनगोला पुलिस थाने के पाकुआ हाट इलाके में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र किया गया, प्रताड़ित किया गया और बेरहमी से पीटा गया, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा, यह भयानक घटना 19 जुलाई की सुबह हुई थी। महिलाएं सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदाय से थीं और एक उन्मादी भीड़ उनके खून की प्यासी थी... कोई भी त्रासदी घट सकती थी जिससे ममता बनर्जी को गहरा आघात लगना चाहिए था और केवल आक्रोश जताने के बजाय वह कार्वाई कर सकती थीं, क्योंकि वह बंगाल की गृह मंत्री भी हैं...। राज्य की महिला एवं बाल स्वास्थ्य मंत्री शशि पांजा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि महिलाएं आपस में झगड़ रही थीं और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

भारत में कुशल व्यापार श्रमिकों की कमी का एक कारण नकारात्मक धारणा

एजेंसी/ नई दिल्ली

एक वैश्विक कंपनी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया है कि 80 प्रतिशत भारतीय लोगों का मानना है कि देश में कुशल व्यापार श्रमिकों की कमी का नकारात्मक आर्थिक प्रभाव हो सकता है, जीवन की समग्र गुणवत्ता में गिरावट आ सकती है और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को

नुकसान हो सकता है। कुशल व्यापार श्रमिकों में इलेक्ट्रीशियन, बढ़ई, प्लंबर, स्टीमफिटर, पाइपफिटर, वेल्डर, भारी उपकरण ऑपरेटर और पेंटर शामिल हैं। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी 3एम द्वारा जारी स्टेट ऑफ साइंस इंडेक्स (एसओएस)-2023 में यह भी पाया गया कि 85 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि कुशल व्यापार श्रमिकों की कमी का एक कारण यह है कि बच्चों के माता-पिता नहीं चाहते कि इस क्षेत्र में अवसर तलाशें। एसओएसआई-2023 में भारत में सर्वेक्षण के निष्कर्षों का जिक्र करते हुए कहा गया है,ै 80 प्रतिशत का मानना है कि एक कुशल व्यापार श्रमिक होने को लेकर एक नकारात्मक धारणा है। एसओएसआई-2023 17 देशों का एक सर्वेक्षण है। यह पिछले साल सितंबर से दिसंबर के दौरान प्रत्एक देश में।,000 लोगों के बीच किया गया था। इसमें विज्ञान के भविष्य पर रोशनी डाली गई है और यह एसटीईएम इक्विटी, कुशल व्यापार, स्थिरता, स्वास्थ्य और भविष्य के नवाचार से संबंधित भावनाओं को दर्शाता है।

ख़ास ख़बर

लाठीतंत्र शासन के विरुद्ध भाजयुमो पूरे बिहार में 24 जुलाई से प्रदर्शनी लगाकर चलाएगी हस्ताक्षर अभियान- प्रवीण कुमार

अररिया। दस लाख नौकरी देने के नाम पर युवाओं के साथ छलावा, शिक्षकभर्ती में बिहार स्थायी निवासी की शर्त (डोमिसाइल नीति) समाप्त करने और बीते 13 जुलाई को विधानसभा मार्च के दौरान बिहार के निरकुंश नीतीश तेजस्वी सरकार द्वारा की गई क्रूरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरुद्ध बिहार भारतीय जनता युवा मोर्चा 24 जुलाई से जनादेश का अपमान कर एनडीए सरकार को तोड़ने की तिथि 9 अगस्त के बीच सभी जिला एवं मंडल केंद्रों पर महाठगबंधन सरकार के अत्याचार की प्रदर्शनी लगाकर ना सिर्फ चाचा भतीजा सरकार के छात्रयुवा विरोधी चेहरे को बेनकाब करेगी बल्कि हस्ताक्षर अभियान चलाकर नीतीश सरकार के लाठितंत्र शासन के विरुद्ध आमजन का समर्थन जुटाएगी।उक्त जानकारी भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने यहाँ बिहार भाजयूमो द्वारा लिए गए निर्णय को युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं संग प्रेस से साझा करते हुए कही।प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि लठबंधन सरकार द्वारा बिहार में नोकरी के मांगने के नाम पर लोकतंत्र को शर्मसार कर बेरोजगारों सहित शिक्षकों महिलाओं, छात्रों पर अत्याचार और कुठाराघात आजाद भारत मे निरंकुशता का एक बड़ा गवाह बना है जिसके खिलाफ युवा मोर्चा प्रदेश के हर छात्र युवा सहित लाखों नागरिकों का हस्ताक्षर संग्रह कर महामहिम राज्यपाल को मांग पत्र के माध्यम से सौपें कर लोकतंत्र की हत्यारी नीतीश सरकार के बर्बरतापूर्ण कृत्य की जांच हाइकोर्ट के सिटिंग जज के नेतृत्व में या सीबीआई से कराने की मांग करेगी। कहा कि अभियान की सफलता के लिए अररिया सहित सभी जिलों तैयारी अंतिम चरण में है।इस मौके पर श्री कुमार के साथ युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, जिला मंत्री करण सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य विपुल सिंह, नगर अध्यक्ष किशन शर्मा, नगर उपाध्यक्ष आनंद कुमार सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे।

मणीपुर में महिलाओ के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रधानमंत्री का किया सीपीआई(एम) ने किया पुतला दहन

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब) जयनगर शहर में जुलूस निकालकर स्टेशन चौक पर पुतला दहन किया गया।भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) लोकल कमिटी जयनगर की ओर से मनीपुर मे जातिय हिंसा के तहत महिलाओं को नंगा कर भीड़ के द्वारा दबोचने, परेड कराने एवं सामुहिक बलात्कार की घटना की तीव्र निंदा करते हुए मोदी सरकार का स्टेशन चौक पर पुतला दहन किया गया।इस मौके पर प्रतिरोध मार्च भी किया गया, जिसका नेतृत्व माकपा सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने किया।कार्यक्रम को किसान सभा के जिला अध्यक्ष कॉमरेड रामजी यादव, खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव शशिभूषण प्रसाद, शिव कुमार यादव, पवन कुमार यादव, उमाशंकर प्रसाद,शंकर यादव, कन्हैया चौधरी,आत्मा राम, रविन्द्र बिहारी उर्फ मोहन, विन्दा मुखिया ने संयुक्त रूप से आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बक्ताओ ने कहा कि मणीपुर में सबसे कमजोर महिलाएं जिसे जाति धर्म से कोई मतलब नहीं है, उसे टार्गेट किया जा रहा है। जाति,धर्म,भाषा,क्षेत्र के नाम पर पहचान की राजनीति ने आदमी को आदमखोर बना दिया है।पिछले कई महीनों से वहॉ जातिय हिंसा में लूट,हत्या,आगजनी,बलात्कार की घटना के डर लाखों लोग बिस्थापित है। मणिपुर की घटना देश के लिए कलंक है और इसके लिए जिम्मेदार भाजपा सरकार को इस्तीफा करना चाहिए। साथ ही मणिपुर के अन्दर इंटरनेट को चालू करने एवं महामहिम राष्टपति से मांग किया है कि मणिपुर के अन्दर राष्टपति शासन लागू करने की मांग की हैं।

फैमिली जज आनंद नंदन सिंह बने बक्सर देते के जिला न्यायाधीश

अररिया ।पटना हाई कोर्ट के आदेश पर व्यवहार न्यायालय अररिया के फैमिली जज आनंद नंदन सिंह को प्रोन्नति मिला है. इन्हें बक्सर में जिला व सत्र न्यायाधीश बनाया गया है. यह जानकारी जिला न्यायाधीश हर्षित सिंह के हवाले से प्रशासन प्रभारी श्याम बिहारी सिंह ने दी है।

महामहिम ! बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत सभी महाविद्यालयों से शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति का मांगा जा रहा है ब्योरा- डा. संजीव

उपस्थिति/अनुपस्थिति के आधार पर महाविद्यालय की संबद्धता रद्द किये जाने तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय की स्वायतता हो रही है तार/तार- एम एल सी

पटना। डा. संजीव कुमार सिंह विधान परिषद सदस्य ने महामहिम कुलाधिपति सह राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर लिखा कि विगत दिनों राज्यादेश के आलोक में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों के अधीन स्नातकोत्तर विभागों तथा अंगीभूत महाविद्यालयों के साथ-साथ वित्त अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों से शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति का ब्योरा मांगा जा रहा है। इसी क्रम में सभी विश्वविद्यालयों द्वारा उनके लोकतांत्रिक निकायों की अनदेखी कर वित्त अनुदानित डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों की संबद्धता रद्द किये जाने की अनुशंसा की जा रही है जो सर्वथा अनुचित है। इस संबंध में आपके कृपापूर्ण संज्ञान में निम्नांकित तथ्यों को लाया जाना उचित प्रतीत होता है- यह कि ऐसे संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षकों/ कर्मचारियों को परीक्षाफल आधारित अनुदान शैक्षणिक सत्र 2013-16 तक ही विमुक्त किया गया है तथा अभी भी अधिकांश महाविद्यालयों का वेतनानुदान संबंधित विश्वविद्यालय में ही लंबित है। इस राशि की विमुक्ति प्रक्रिया में विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया एकदम ही संवेदनहीन है। लगभग सभी महाविद्यालयों के व्ययगत शैक्षणिक सत्रों का परीक्षा फल आधारित बेतनानुदान लगभग सात वर्षों से लंबित है, जिसके एकमुश्त भुगतान हेतु राज्य सरकार के स्तर से कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। सम्प्रति घोर आर्थिक संकट में भी ये शिक्षक / कर्मी शिक्षण, परीक्षा संचालन, परीक्षाफल प्रकाशन का कार्य निष्ठापूर्वक कर रहे हैं। महाविद्यालय के कतिपय शिक्षकों / कर्मियों की अनुपस्थिति के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उनके महाविद्यालय की संबद्धता को ही रद्द किये जाने की अनुशंसा किया जाना हास्यास्पद है। अगर शिक्षक अथवा कम अनुपस्थित है तो कार्रवाई उन पर होना है न कि संस्थानों की संबद्धता का रद्द किया जाना। महोदय, संबद्धता संस्थानों की होती है न कि शिक्षकों एवं कर्मियों की। जबकि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रत्येक विश्वविद्यालयों में क्रमशः दो-दो निरीक्षी पदाधिकारी यथा महाविद्यालय निरीक्षक (Inspector of colleges) का पद संसूचित है, फिर भी इस कोटि के महाविद्यालयों की स्वयतता की अनदेखी कर अधिनियम के प्रावधानों के इतर प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण कराया जाना कतई उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के संरक्षक के रूप में इस मामले में महोदय का हस्तक्षेप सर्वथा अपेक्षित है। यह कि विगत कुछ महीने पूर्व पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया में आयोजित अधिसद् (Senete) सभा की बैठक में महोदय के समक्ष क्रमशः दो मामला मेरे द्वारा लाया गया था-यह कि राज्यादेश के तहत अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्र और सभी कोटि की छात्राओं के निःशुल्क शिक्षण के कारण संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के आंतरिक आय पर विपरीत असर पड़ रहा है जिससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भुगतान वर्षों से बाधित है।

जबकि ऐसे महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राज्यादेश के तहत छात्र-छात्राओं से प्राप्त आंतरिक आय / श्रोत से ही वेतन मद में 70त्न तथा महाविद्यालय के विकास मद में 30त्न राशि खर्च किया जाना है। जिसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जानी है जो विगत कई वर्षों से अप्राप्त है। उक्त संदर्भ में सर्वविदित है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों के क्षेत्रान्तर्गत संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के लिए आधारभूत संरचना मद में राज्य सरकार का कोई अंशदान नहीं है। फलतः ऐसे महाविद्यालय अपने आंतरिक आय के श्रोत से ही अपनी आधारभूत संरचना को समृद्ध कर रहे हैं। यह कि उक्त कोटि के महाविद्यालयों में स्ढ्ढस् के तहत डिग्री पाठ्यक्रम में नामांकन तथा ह्स्नस्स् के तहत अंगीभूत एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में इंटर पाठ्यक्रम में नामांकन का महोदय, सच तो यह है कि जब से इस पद्धति के द्वारा नामांकन शुरू हुआ है तभी से महाविद्यालयों में छात्रोंपस्थिति बुरी तरह प्रभावित है। इस पद्धति के तहत छात्र-छात्राओं को अपने नामांकन हेतु लाचारीवश बहुविकल्पीय संस्थानों का नाम चयन करना पड़ता है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं का नामांकन सुदूर हो जाने से उन्हें वर्गाध्यापन हेतु आने-जाने में शारीरिक, मानसिक परेशानी के साथ-साथ आर्थिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। फलतः महाविद्यालयों में शिक्षक तो रहते हैं लेकिन छात्रोपस्थिति अत्यधिक कम हो जाता है। अतः स्ढ्ढस् ह्स्नस्स् पद्धति के तहत छात्रहित एवं संस्थाहित में नामांकन की समीक्षा कर इसे पूर्व की भांति लागू किया जाना भवदीय के स्तर से अपेक्षित है। तदालोक में आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों पर कृपापूर्ण संज्ञान लेते हुए उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के साथ-साथ सभी संबंधित विश्विद्यालयों को यथोचित निर्देश देना चाहेंगे ताकि विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता बरकरार रहे।

फोर्थ सेमेस्टर के छात्रों की विदाई और पी ए टी के छात्रों का किया गया सम्मान

मधेपुरा/सहरसा। बीएनएमयू के पश्चिमी परिसर पीजी सेंटर के पॉलिटिकल साइंस विभाग में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पीजी सत्र 2020 22 के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई साथ ही विभाग के पीएटी उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. रंजित कुमार सिंह ने की। समारोह में बीएनएमयू के डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह ने कहा कि जीवन को स्वर्णिम बनाने को कड़ी मेहनत की जरूरत है। पीजी पास आउट छात्र छात्राओं को अब परिवार और समाज की नई जिम्मेदारी मिलने वाली है। इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में आदर्श स्थापित करने के लिए अपने ज्ञान का सदुपयोग करें। समारोह में सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजुम ने कहा कि पॉलिटिकल साइंस से एक साथ आठ छात्रों का पी ए टी उत्तीर्ण हुए यह गौरव की बात है। एचओडी डा. रंजीत कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। एम एल टी के प्रधानाचार्य डॉ. पवन कुमार ने कहा कि पीजी सेंटर में को कैलिकुलर एक्टिविटी होने से छात्रों की प्रतिभा में निखार आती है। एसएनएस आरकेएस कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने मात्र से कुछ नहीं होगा जब तक हम अपने आप को अप डेट नहीं होंगे। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि पॉलिटिकल साइंस विभाग के शिक्षकों का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एकाग्र चित्त होकर अध्ययन करने से सफलता अवश्य मिलती है। इससे पहले डॉ. कविता कुमारी और छात्र छात्राओं ने मां शारदे के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सुषमा और क्षमा ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। समारोह का सफल संचालन डॉ. हर्ष वर्धन ने किया। उन्होंने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पीजी सेंटर सहरसा के राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर हर्षवर्धन ने कहा कि राजनीति विज्ञान विभाग के

आठ छात्र छात्राओं ने पैट पास कर विभाग को किया गौरवान्वित- डॉ. रंजीत

शिक्षकों की कर्मठता और कर्तव्यनिष्ठा ही है कि संपूर्ण विश्व विद्यालय में किसी एक संकाय और संस्थान से पीएचडी प्रवेश परीक्षा के एक ही सत्र में एक साथ आठ छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। समारोह में डॉ श्याम मोहन मिश्र, डॉ. सिद्धेश्वर कश्यप, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. संजय मिश्र, डॉ. संजीव कुमार सिंह, डॉ. मुकुंद कुमार सिंह, सीएम साइंस कॉलेज के डॉ. संजय कुमार परमार, डॉ. अर्चना चौधरी, डॉ.अनिल कुमार, डा. प्रीति गुप्ता, डॉ. कोमल, डॉ. जैनेंद्र, डॉ. अनिमा, पी ए टी क्वालीफाइड छात्रों में अंशु कुमार सिंह, राकेश, महेश, प्रवीण, निशा, नन्ही, विशाखा, प्रेरणा, फोर्थ सेमेस्टर के छात्र इमरान, राजीव, आशीष, आलोक, सुषमा, क्षमा, अनुराधा, तयीबा परवीन, प्रगति, रानी, प्रवीण सहित अन्य मौजूद थे।

कैलाश पासवान बने जदयू जिला उपाध्यक्ष, बधाई देने वालों का लगा तांता

जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब) मधुबनी जिले मे पार्टी के मजबूती और विस्तार करने के उद्देश्य से जदयू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कामत ने जिला कमिटी का विस्तार करते हुए जयनगर के दो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें पार्टी वरिष्ठ नेता जयनगर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान को जिला उपाध्यक्ष व राम विनोद सिंह को जिला महासचिव बनाएं जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को जिला टीम में शामिल किए जाने से पार्टी और मजबूत होगी। बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, युवा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार साह, शिव शंकर ठाकुर,विनय कुमार सिंह, मो. शकुर, सुधीर गुप्ता, बबलू राउत, मनोज सिन्हा, विष्णु देव यादव, काजल कुमारी, सूकदेव महतों, रंजीत गुप्ता, रंजीत पासवान एवं चूननू सिंह समेत अन्य शामिल हैं।

मणिपुर राज्य में दो महिलाओं के साथ घटी घटना ने देश को शर्मसार करते हुए झकझोर कर रख दिया है- मो. नसीम

अररिया ।मणिपुर राज्य में दो महिलाओं के साथ जो घटना घटी है वो घटना देश को शर्मसार करते हुए झकझोर कर रख दिया है ।आज हर जगह मणिपुर की घटना की बात लोग कर रहे हैं।देश की हजारों महिलाएँ सड़को पर उतर गई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उक्त बातें अररिया प्रखंड राजद अध्यक्ष जनाब मो.नसीम ने कही। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जिस प्रकार दो महिलाओं को नंगा कर सरेआम घुमाया गया, उनके साथ बलात्कार किया गया, गिद्ध कौवे की तरह नोचा गया बहुत ही दुःखद हुआ यह शर्मसार करने वाली घटना है। अररिया राजद घटना का पुरजोर विरोध करता हूं। मणिपुर सरकार को अविलम्ब बर्खास्त करें इसका भी मैं मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि जिन दो बहनों के साथ ऐसी बर्बरतापूर्ण घटना को अंजाम को अंजाम दिया है उन बहनों के ऊपर क्या बीत रही होगी। अभी वह किस हाल में होगी यह सोचने की बात है। कहा कि प्रधानमंत्री बराबर कहते हैं कि "बेटी पढ़ाओ", "बेटी बचाओ" परन्तु आज उसका उल्टा हो रहा है। आज कोई भी महिलाएं मोदी के शासनकाल में सुरक्षित नहीं है। जिस तरह उन दोनों के साथ घटना घटी है, वीडियो देखकर रूह कांपने लगती है। इस घटना से साबित होता है कि प्रधानमंत्री मोदी गंभीर नहीं है। 2 माह से मणिपुर आग में जलते रहे और प्रधानमंत्री विदेशों में जाकर अपना चेहरा चमकाते रहे । इस प्रकार कितने बहनें की जान जा चुकी होगी।

हत्यारों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार आरोपियों को सरेंडर करने का दिया अल्टीमेटम

कुर्साकांटा। कुआड़ी ओपी क्षेत्र में 27 मई को 40 वर्षीय महिला मुसर्रत बानो की गला रेत कर हत्या मामले में नामजद पूर्व मुखिया जावेद आलम के घर में कुआड़ी पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया और उन्हें 5 दिन के अंदर सिलेंडर करने का अल्टीमेटम दिया है ओपी अध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पूर्व मुखिया जावेद आलम के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया है अगर 5 दिनों के अंदर आरोपी कोर्ट में सिलेंडर नहीं करता है तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी बता दें की 27 मई की रात्रि कुआड़ी वार्ड संख्या 8 में घर में घुसकर 40 वर्षीय महिला मुसर्रत बानो पति शमशाद की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई थी पूर्व मुखिया जावेद आलम अभी फरार चल रहे हैं घटना के बाद मृतिका के पति शमशाद ने हुसैन आलम, हसन आलम व पूर्व मुखिया जावेद आलम को आरोपी बनाया था इनमें से हुसैन आलम हसन आलम, को कुआड़ी पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया जबकि पूर्व मुखिया जावेद आलम फरार चल रहा है।

सीजेएम के रूप में योगदान दिये शैलेंद्र कुमार सिंह

अररिया ।व्यवहार न्यायलय अररिया के एसीजेएम 01 शैलेंद्र कुमार सिंह को अररिया व्यवहार न्यायालय का सीजेएम बनाया गया है. पटना हाइकोर्ट से आदेश मिलते ही सीजेएम के रूप शैलेंद्र कुमार सिंह योगदान कर लिए हैं. यह जानकारी जिला न्यायाधीश हर्षित सिंह के हवाले से कोर्ट के प्रशासन प्रभारी श्याम बिहारी सिंह ने दी है।

बयान ये विचार मुहम्मद सलीम अबुल कलाम शकील इमानी ने व्यक्त किये।

इंसान का अपना ज़मीर सबसे बड़ी समस्या है, इसलिए अपने ज़मीर को परखें ताकि हमें अल्लाह ताला के हुज़ूर में अच्छे कामों को स्वीकार करने का जरिया बनायें। मो सालिम अबुल कलाम शकील इमामी

मधुबनी संबाददाता मो सालिम आजाद/यदि कोई डॉक्टर अपने मरीज को केवल उन कंपनियों के लिए दवाएं लिखता है जो उसे कमीशन, उपहार, सम्मेलनों और मनोरंजन पर्यटन में भाग लेने के लिए निमंत्रण देती हैं, तो यह धोखाधड़ी है। जबकि अन्य कंपनियों की यही दवाएं बाजार में कम कीमत पर उपलब्ध हैं। डॉक्टर अपने मरीज़ों को विभिन्न जांचों और एक्स-रे के लिए सबसे महंगी प्रयोगशालाओं में भेजते हैं, केवल इस आधार पर कि उन्हें उन प्रयोगशालाओं के अलावा किसी और पर भरोसा नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि डॉक्टरों का इन प्रयोगशालाओं के साथ एक निश्चित प्रतिशत कमीशन पर समझौता होता है। इससे भी अधिक घृणित तथ्य यह है कि कुछ कमीशन कमाने के लिए डॉक्टर मरीजों को ऐसे चेक-अप और एक्स-रे लिखते हैं जिनकी बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं होती है। सामान्य प्रसव की संभावना के बावजूद, डॉक्टर पैसे कमाने के लिए गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन के माध्यम से बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर करते हैं। यह भी एक धोखाधड़ी है कि डॉक्टर मरीजों का ऑपरेशन सामान्य अस्पताल के बजाय अपने निजी अस्पताल में करता है और ऑपरेशन के लिए इतने पैसे मांगता है कि मरीज के परिवार वालों की कमर टूट जाती है, यहां तक कि कर्ज लेना पड़ता है या अपना कीमती सामान ऊंचे दामों पर बेच देना पड़ता है। इतना ही नहीं बल्कि कभी-कभी इतना पैसा इकट्ठा करने के लिए उन्हें भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार की मार भी झेलनी पड़ती है। डॉक्टर मरीज को नवजात शिशु को अतिरिक्त देखभाल में रखने के लिए कहता है, जबकि वह अच्छी तरह से जानता है कि इसकी कोई ज़रूरत नहीं है, लेकिन यह सब सिर्फ पैसा कमाने के लिए है। एम्बुलेंस ड्राइव मरीज को अस्पताल ले जाती है जहां उसे प्रत्येक मरीज के लिए कुछ कमीशन मिलता है, भले ही अन्य सस्ते और बेहतर अस्पताल उपलब्ध हों। मरीज से पैसे हड़पने के लिए उसे ऐसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, जहां उसकी बीमारी के इलाज के लिए उचित सुविधाएं नहीं हैं और अंत में उसे यह कहते हुए छुट्टी दे दी जाती है, "भाई, हमें खेद है कि मरीज की हालत गंभीर हो गई है और उसे एक विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत है, जबकि वह शुरू से ही जानता है।" और अगर मरीज को दूसरे अस्पताल में रेफर करना हो तो उसे सबसे महंगी एंबुलेंस से रेफर करना भी एक तरह की धोखाधड़ी है। ये तो कुछ उदाहरण हैं, अन्यथा धोखाधड़ी और अवैध कमाई के और भी कई मामले हैं जिनका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। सवाल यह है कि क्या हम चिकित्सा का अध्ययन रोगियों की सेवा करने के लिए करते हैं या उनके लिए दर्द और पीड़ा का स्रोत बनने के लिए। ये विचार मुहम्मद सलीम अबुल कलाम शकील इमानी ने व्यक्त किये। चिकित्सक- चिकित्सा एक ऊंचा संदेश है और मानवता की सेवा के एक उत्कृष्ट पेशे का नाम है, जिसके अपने नियम-कायदे और अनुबंध हैं

क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता का आयोजन मधेपुरा जिले में शुरू

मधेपुरा।आजादी के 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के तहत मधेपुरा जिले के क्रांतिकारियों के बारे में यहाँ के बच्चों को जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित संस्कार भारती बिहार, इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल एंड कल्चरल स्टडीज इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित देशभक्ति कविता, देशभक्ति गीत, चित्रकारी, भाषण/काव्य, पीपीटी/शार्ट वीडियो, समूह नृत्य, समूह गायन के माध्यम से मधेपुरा जिले के सुखासन गाँव में नमक सत्याग्रह क़ानून भंग स्थल तथा इसमें भाग लेने वाले सेनानियों के बारे में देश के लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाने की योजना है.

इस अवसर पर संस्कार भारती के जिला संयोजक राहुल कुमार यादव ने बताया की क्रांति तीर्थ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी जोरों पर संस्कार भारती बिहार के बैनर तले पूरे बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन के 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन विद्यालय स्तर पर कर रही है जिसके तहत 9 से 15 जुलाई 2023 के बीच विभिन्न विधा में लगभग 1200 बच्चे भाग ले रहें हैं जिसका जिला स्तर पर 16 से 22 जुलाई के बीच प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है 28 जुलाई 2023 को जिला स्तर पर बीएन मंडल विवि के प्रेक्षागृह में 10 बजे से कार्यक्रम आयोजित कर सभी को सम्मानित किया जायेगा.

28 जुलाई 2023 को बीएन मंडल वि वि के प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित कर सभी को किया जायेगा सम्मानित- राहुल यादव

इस अवसर पर कार्यक्रम के सह संयोजक सुधांशु कुमार एवं सौरव कुमार ने कहा कि हमारे रीति रस्म, पहनावे, मेले, गान, नाच, पर्व, त्योहार, उत्सव सांस्कृतिक विरासत की गाथा सुनाते हैं।

बिहार के आंचलिक भाषाओं में छुपी ऐसी ही कुछ सांस्कृतिक समृद्धि पर आधारित कार्यक्रम समापन के दिन आयोजित किया जायेगा.

ख़ास ख़बर

अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से बाइक की चोरी



अजय कुमार, दैनिक शुभ भास्कर, सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)। अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से शनिवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोर ने एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर फरार हो गया।पीड़ित ने बख्तियारपुर थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भटौनी गांव के वार्ड संख्या 10 निवासी विष्णु देव साह का पुत्र भानु रंजन ने कहा कि वह शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में शनिवार को अपने पड़ोसी को लेकर अपनी बाइक बीआर 19एफ7103 से इलाज करवाने आया हुआ था।अस्पताल परिसर में ही बाइक खड़ी कर के इलाज करवाने अंदर चला गया।कुछ देर बाद वह जब बाहर आया तो देखा की बाइक नही है। बख्तियारपुर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।

द ग्रीन प्लेनेट स्कूल में मनाया गया आम दिवस

अजय कुमार, दैनिक शुभ भास्कर, सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)। सिमरी बख्तियारपुर बाजार के पुरानी स्टेट बैंक गली स्थित द ग्रीन प्लेनेट स्कूल में आम दिवस मनाया गया। मैंगो डे के मौके पर बच्चों ने खूब आम का आनंद लिया।साथ ही मनपसंद आम की आकृतियां बनाकर प्रदर्शित की। बच्चों ने कविता "देखो कितना आम रसीला, छिलका इसका पीला-पीला, लगता कितना ताजा-ताजा है, आम फलों का है राजा.. "सुनाकर आनंदित किया।साथ ही आम खाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. जिसमे रिया कुमारी विजेता बनी।इस मौके पर जीपीएस के शिक्षक-शिक्षिकाओ ने विद्यार्थियों को आम के गुणों से अवगत करवाया।इस मौके पर सुमित गुप्ता ने कहा कि आम दिवस के मनाने का मुख्य लक्ष्य बच्चो को फल संबंधी ज्ञान प्रदान करना था।उन्होंने बच्चों को बताया कि आम ग्रीष्म ऋतु का सबसे उपयोगी फल होता है।इसमें विटामिन सी की मात्रा भरपूर रहती है।इस अवसर पर शालिनी गुप्ता,अनु गुप्ता, नाजिया, ज्योति, आशिया, नेहा, हिमांशु, निकिता, शिरत, हेमा, अंजली, नेंसी सहित अन्य मौजूद थे।

मणिपुर की घटना को लेकर जाप ने गृहमंत्री मंत्री अमित शाह का पुतला फूंक जताया विरोध

सहरसा/जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक द्वारा मणिपुर में हो रहे जुल्म,बलात्कार और हिंसा के खिलाफ वीर कुंवर सिंह चौक पर देश के गृहमंत्री मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका।वहीं पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजन यादव ने कहा मणिपुर में दो लड़कियों को नहीं बल्कि हिंदुस्तान की आत्मा को नग्न दबोचा गया हैं। मणिपुर में दो लड़कियों के साथ जो हुआ है।उसपर फ़ौरन देश के गृहमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस्तीफ़ा देना चाहिए। ये आज के हिंदुस्तान में रूह कंपा देने वाली वो दरिंदगी है जिसकी आंच से राज्य और केंद्र सरकार अपना दामन नहीं बचा सकते।वहीं प्रदेश सचिव कमलेश्वर यादव और उमेश यादव ने कहा मणिपुर की घटना ने अमृतकाल की पोल खोल दी है। यह विष काल ही तो है, जहां कारगिल युद्ध में देश के लिए जंग लड़ चुके और श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षक बल में सेवा देने वाले जवान की पत्नी को उपद्रवियों ने निर्वस्त्र किया।पूरी दुनिया इस ढोंग काल के परिणाम को देख रही है।युवा परिषद के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा मणिपुर में लोकतंत्र, लोकलाज, विश्वास, संस्कृति, सौहार्द, संवाद और मानवता का सरेआम कत्ल हो रहा है। इन लोगों को प्रेम, सौहार्द, इंसानियत, सामाजिक एकता एवं भारतीय सभ्यता से कोई लेना-देना नहीं है। मणिपुर में जो हो रहा है वह शर्मनाक है।छात्र परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश निराला और मनीष यादव ने भी कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा मणिपुर की वारदात बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। भारतीय समाज में इस तरह की घिनौनी हरकत बर्दाश्त नहीं की जा सकती। मणिपुर के हालात बेहद चिंताजनक बनते जा रहे हैं।

विभिन्न मांग को लेकर 102 एंबुलेंस कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ

कम्पनी की मनमानी और शोषण दोनो हमलोगों को सहना पड़ता है

दैनिक शुभ भास्कर।सुभाष चंद्र झा/सहरसा/ बिहार राज्य के सहरसा जिला मुख्यालय में कार्यरत एंबुलेंस कर्मी अपने विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। मॉडल अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों में कहा की हमलोग दस बारह साल से दिन रात विभिन्न स्वास्थ्य संस्था में अपना फर्ज निभा रहे है।लेकिन हम लोगों का वाजिब हक अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।आउट सोर्सिंग पर हमलोग काम कर रहें है। कम्पनी की मनमानी और शोषण दोनो हमलोगों को सहना पड़ता है। 8 घन्टे के बजाय कई घन्टे तक अधिक काम लिया जाता है।जिसका अतिरिक्त मेहनताना भी नही दिया जा रहा है।वही बकाया पिछला भुगतान के अलावा कई तरह की समस्या को सामना करना पड़ रहा है।

कम्पनी श्रम अधिनियम नियम का पालन भी नहीं कर रही है। हमलोग जिला प्रशासन से कहना चाहते है की हमलोगों की विभिन्न मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाये नहीं तो हमलोगों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।बिहार राज्य चिकित्सा कर्मचारी संघ इंटक के शाखा 102 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ, सहरसा के द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।आगें 102 एम्बुलेंस कर्मियों ने कहा की कंसोर्टियम ऑफ पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं सम्मान फाउंडेशन द्वारा मात्र 102 एम्बुलेंस कर्मियों को ही आर्थिक एवं मानसिक तौर पर प्रताड़ित नहीं किया गया है।बल्कि ईपीएफ एवं ई एसआई जैसी देश की प्रतिष्ठित संस्था को भी राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है। पुनः उसी संस्था पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा0 लि0 को ही 102 एम्बुलेंस परिचालन की अनुमति प्रदान किया जाना हम 102 एम्बुलेंस कर्मियों पर सीधे प्रहार करने जैसा प्रतीत हो रहा है। 102 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के सदस्यों ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न समस्याओं का समाधान ससमय करवाने को कहा।ताकि हम एम्बुलेंस कर्मियों को समय से मानदेय का भुगतान सहित अन्य सुविधा मिल सकें।इस अवसर पर चंदन कुमार, शशि शेखर,बेचन कुमार, राजेश यादव, विजय कुमार,गुड्डू कुमार, शंभू शर्मा, नवीन कुमार,मिथुन कुमार, पप्पू साह, संतोष पासवान, जयप्रकाश, रंजीत कुमार, नंद कुमार यादव, प्रमोद भगत,विकास यादव, बम बम सिंह,आशीष यादव, विकास यादव, शोएब आलम, नौशाद आलम, अनिल यादव, मोहम्मद अकमल, गजेंद्र यादव, राज किशोर राय,प्रमोद पासवान, भगवान झा, बद्री यादव तथा सज्जन पंडित सहित अन्य कर्मी मौजूद थें।

पूर्व सांसद फूलन देवी के शहादत दिवस पर जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता लेंगे भाग- डॉ एस एन सहनी

दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/ विकासशील इंसान पार्टी द्वारा 25 जुलाई को कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया जाएगा। विकासशील इंसान पार्टी के जिला प्रभारी डॉक्टर एस एन सहनी ने बताया कि पार्टी के सुप्रीमो पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के नेतृत्व में 25 जुलाई को वीरांगना फूलन देवी एवं जुब्बा सहनी का शहादत दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में कार्यकर्ताओं को सूचना दी गई है। इस कार्यक्रम में भाग लेने 24 की रात्रि में जनहित एक्सप्रेस से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी सुप्रीमो द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।वही पार्टी द्वारा आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पटना जाने के लिए लोगो का आह्वान किया गया है। श्री सहनी ने बताया कि आगामी चुनाव को देखकर पार्टी द्वारा संगठन का विस्तार भी शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गठबंधन करना सभी राजनीतिक दलो की मजबूरी ही नहीं बल्कि समय की मांग की है। ऐसे में वीआईपी पार्टी द्वारा बहुत सोच समझकर राज्य एवं देश हित में निर्णय लिया जाएगा।

थाना परिसर में हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/ स्थानीय नगर थाना परिसर में हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत सदर थाना प्रभारी सुधाकर कुमार,यातायात प्रभारी नगेंद्र राम, सार्जेंट प्रदीप कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर फाउंडेशन के संरक्षक सदस्य प्रभाकरण देव, अध्यक्ष आशीष सिंह, संस्थापक सदस्य आर्यन वत्स, सोमनाथ मोहन, अखिलेश पांडेय भी मौजूद थे।थाना परिसर में वृक्ष लगाकर आम जनमानस को स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित पृथ्वी बनाने के लिए अलग अलग तरीके से जागरूक किया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से पौधारोपण करने की अपील की गई। साथ ही मौजूद विशिष्ट जनों द्वारा हेल्पिंग बिहार फाउंडेशन के इस पहल की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए फाउंडेशन के सदस्यों से आग्रह किया गया।ज्ञात हो कि इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा भी काफ़ी सहयोग फाउंडेशन को दिया गया। यह कार्यक्रम राज्यस्तरीय वन महोत्सव में वनों की प्रतिशतता बढ़ाने हेतु किया जा रहा है।इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य संकेत वर्धन, सुमन कुमार, इंजीनियर आशीष कुमार,अंशु आनंद , आदि मौजूद रहे।

सोनवर्षाराज बीडीओ की विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षा राज (सहरसा)। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर पदस्थापित बीडीओ अरविंद कुमार का स्वागत तथा स्थानांतरित बीडीओ कैलाशपति मिश्र को भावभीनी विदाई दी गई।समारोह की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र नारायण सिंह तथा संचालन बौआ खां ने किया।इस दौरान मौजूद विभिन्न गणमान्यों ने स्थानांतरित बीडीओ श्री मिश्र के कार्यकलापों की सरहाना की।पूर्व प्रमुख सह बड़सम पंचायत के मुखिया तेजनारायण यादव ने कहा कि स्थानांतरित बीडीओ श्री मिश्र ने अपने कार्यकाल के दौरान निस्संदेह विकास की लंबी लकीर खिंची है।अब उससे बड़ी लकीर खिंचने की बारी नव पदस्थापित बीडीओ अरविंद कुमार की है।इस दौरान स्थानांतरित बीडीओ श्री मिश्र ने कहा कि सोनवर्षा के लोगों को छोड़कर कर जाना उनके लिए अत्यंत तकलीफदेह है।लेकिन नौकरी में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है।जिसे पूरा करना ही होता है।

सलखुआ के नीतीश हत्याकांड में पांच के विरुद्ध, मानसी रेल थाना में मामला दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर, सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)। बख्तियारपुर पुलिस सर्किल क्षेत्र के सलखुआ निवासी नीतीश हत्याकांड मामले में मृत युवक के पिता ने पांच नामजद के विरुद्ध रेल पुलिस थाना मानसी में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। रेल पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। आवेदन में मृतक के पिता सलखुआ थाना क्षेत्र के गोठ टोला निवासी बबलू यादव ने मानसी थाना क्षेत्र के रोहियार गांव निवासी रमन यादव व उसके पुत्र शुभंकर कुमार, विपुल यादव, सैदपुर निवासी सुभाष यादव के पुत्र ब्रजेश यादव, सलखुआ थाना क्षेत्र के नवटोलिया निवासी बासुदेव यादव के पुत्र कारी यादव पर हत्या का आरोप लगाया है। हत्या के संबंध में कहा गया है कि 20 जुलाई को नीतीश कुमार बाइक से एक रिश्तेदार के साथ धमारा घाट गया था।इसी दौरान उपरोक्त लोगों ने नीतीश कुमार को आंख में गोली मार दी। जिसके बाद सभी मेरे पुत्र को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में भर्ती कराया गया था।जहां डॉक्टर ने नीतीश कुमार को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में रेल थाना मानसी के थानाध्यक्ष अशोक राय ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन के आलोक में केस दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नगर निगम के प्रशासनिक तंत्र एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य- महापौर बैन प्रिया

सहरसा/नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को महापौर बैन प्रिया की अध्यक्षता एवं उप नगर आयुक्त के संचालन व उप महापौर की उपस्थिति में कार्यरत नियुक्त एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमे नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित योजना,साफ सफाई ,बुडको द्वारा क्रियान्वित योजना जलनिकासी एवं हर घर नल का जल,प्रधानमंत्री आवास योजना,कबीर अंत्येष्टि योजना एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।महापौर ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम के प्रशासनिक तंत्र एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।वही सरकार की जन कल्याणकारी योजना है उसे आम जनों तक सुगमता पूर्वक पहुंचाना है।साथ ही नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाकर आदर्श नगर निगम के रूप में स्थापित किया जा सके।उन्होंने कर्मियों से मुखातिब होते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर नगर निगम बनाने में आप सबों का सहयोग चाहिए।नगर निगम कार्यालय में जो भी आम जन एवं जनप्रतिनिधि के साथ विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने तथा समस्या का त्वरित निष्पादन करने की अपील की।वही आमजनों के सहायतार्थ मे आई हेल्प यू काउंटर हो ताकि किसी भी कार्य के लिए भटकना ना पड़े।उन्हें अपने कार्यों की जानकारी जिन कर्मी से प्राप्त करना हो। उन कर्मी तक सुगमता पूर्वक पहुंच सके। साथ ही प्रत्येक कार्य से संबंधित कमरा नंबर या काउंटर नंबर एवं संबंधित कार्य के लिए प्रतिनियुक्ति कर्मी निर्धारित हो ।सभी कर्मी निर्धारित समय से कार्यालय आयेंगे एवं समय से पहले कार्यालय नही छोड़ेंगे।सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि सफाई में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने बुडको द्वार किए जा रहे ड्रेनेज कार्य एवं हर घर नल का जल योजना पर असंतोष व्यक्त करते हुए विषयवार जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही के कारण जल निकासी की समस्या में कोई सुधार नहीं हुआ है और ना ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल आमलोगों तक पहुंच पा रहा है।कबीर अंतेष्टि योजना की राशि लोगों को नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा जल्द से जल्द जन प्रतिनिधि को तत्काल राशि मुहैया कराई जाय।प्रधानमंत्री आवास योजना में योग्य लाभुकों को लाभ मिले एवं उसे कोई कठिनाई का सामना ना करना पड़े इसका हरसंभव कोशिश की जाय ।नगर निगम के सभी विकास मित्र से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि नगर निगम के प्रत्येक महादलित परिवार सरकार की हर एक जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित हो। इसके लिए आपको हरसंभव प्रयास करनी होगी। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सभी सीआरपी से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि जो भी शहरी गरीब है उनको समूहों से जोड़ते हुए सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित किया जा सके। इसके लिए आप लोग ज्यादा से ज्यादा स्वयं सहायता समूह बनाए एवं उन समूहों के सदस्यों को सभी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से अवगत कराएं एवं स्वयं सहायता समूह को स्वावलंबी बनाने हेतु सदस्यों को प्रशिक्षण एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराएं।समूह द्वारा बनाए गए उत्पाद की गुणवत्ता पर ध्यान दीजिए एवं उत्पाद को बाजार से कैसे जोड़ा जाय इसपर ध्यान दीजिए।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में सबों को अपना विजन एवं मिशन बताते हुए संकल्प व्यक्त किया कि हमलोग मिलकर काम करेंगे लेकिन यदि किसी भी प्रकार की कोताही बरती गई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सौंपा ज्ञापन ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों का भविष्य खराब करने की सारी जिम्मेदारी जयप्रकाश ठाकुर ही है

विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य में अनियमितता के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/जिलें के महिषी प्रखंड स्थित घोघेपुर पंचायत के पंचभिंडा प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य में अनियमितता बरतने एवं प्राकल्पित राशि गबन किये जाने को लेकर ग्रामीणो ने डीएम को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।दिए गए आवेदन में वार्ड सदस्य सुरेंद्र पासवान सहित अन्य ग्रामीणो ने कहा कि ग्रामीण शिक्षक जयप्रकाश ठाकुर और रोजगार सेवक ओम प्रकाश के मिलीभगत से प्राथमिक विद्यालय पंचभिडा के प्रांगण में मिटटी भराई का कार्य हेतु 4 लाख 94 हजार 300 रुपैया का गबन कर लिया गया।जिसके कारण विद्यालय के चारों बगल पानी जमा हो जाने के कारण पठन-पाठन कार्य बाघ बाधित है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों का भविष्य खराब करने की सारी जिम्मेदारी जयप्रकाश ठाकुर ही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में पदस्थापित प्रधानाध्यापक संजय साह का फर्जी हस्ताक्षर करके व मोहर मारकर जयप्रकाश ठाकुर संतुष्टि प्रमाण पत्र फर्जी बनाकर जमा कर दिया और सारा पैसा गबन कर लिया गया। जिसके कारण बच्चों का भविष्य चौपट हो गया है।ग्रामीणों ने बताया कि जय प्रकाश ठाकुर केवल नेतागिरी करते हैं जिन्हें पढ़ाई लिखाई से में कोई दिलचस्पी नहीं है। वार्ड सदस्य वार्ड 3 के सदस्य सुरेंद्र पासवान एवं वार्ड नंबर 4 के सदस्य जीवछी देवी ने शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव से अपील की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर सैनी साह,शिवनाथ ठाकुर, अल्लाह मुखिया, श्यामसुंदर पासवान, अमरजीत पासवान, मनोज पासवान, हरदेव सादा, पांचू पासवान ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत घोघेपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पंचभिंडा के प्रांगण में मनरेगा द्वारा मिट्टी भराई का कार्य हेतु 4 लाख 54 हजार जिसमें श्रम के लिए 4 लाभ 88 हजार एवं अन्य सामग्री के लिए ?6300 प्राकल्पित राशि मुहैया कराया गया। जिसमें 194 दैनिक मजदूरों से काम लिया जाना निर्धारित किया गया था,लेकिन श्री ठाकुर द्वारा 15 ट्रेलर मिट्टी गिरा कर छोड़ दिया गया। वार्ड सदस्य सुरेंद्र पासवान ने बताया कि इस संबंध में जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा लोक शिकायत निवारण कार्यालय में आवेदन देकर इस संबंध में उचित कार्रवाई की मांग की गई थी लेकिन ताज्जुब की बात है 2 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक अनियमितता बरतने वाले शिक्षक के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वही विगत 1 महीने से विद्यालय परिसर में पानी जमा होने के कारण पढ़ाई बाधित है।ग्रामीणों ने बच्चों की पढ़ाई के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की भी किए जाने की मांग की है।

दिल्ली में आयोजित विद्यापति पर्व समारोह में सम्मानित हुए मैथिली गायक संजीव कश्यप

दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/ जिले के पतरघट प्रखंड स्थित कहरा निवासी संजीव कश्यप को दिल्ली में आयोजित कवि कोकिल विद्यापति पर्व समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें पाग चादर एवं प्रतीक चिन्ह देकर पुरुस्कृत किया गया।इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुभाष झा, उपाध्यक्ष संतोष मिश्र, अरुण झा,मनोज झा एवं शंकर सिंह ने बताया कि मारकंडे भवन मां कात्यानी मंदिर छतरपुर में विद्यापति पर्व समारोह आयोजित किया गया। इसमें मैथिली गायकों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। गायक संजीव कश्यप ने बताया कि विद्यापति पर्व समारोह में मुझे आमंत्रित कर सम्मानित किया गया है। इसके लिए उन्होंने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि देश की राजधानी में बड़ी संख्या में मैथिल समुदाय के लोग रहते हैं। वहीं विभिन्न जगहों पर हर वर्ष विद्यापति पर्व समारोह एवं मैथिली सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जाता है। ज्ञात हो कि संजीव कश्यप के द्वारा मैथिली में पारंपरिक एवं मधुर लोकगीत का गायन किया जाता है। वही उनके द्वारा अब तक दर्जनों एल्बम मैथिली सीडी तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि सावन के अवसर पर महादेव के नचारी भी रिलीज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी हाल में ही इसी सप्ताह एसके मूवीज के द्वारा दुख हर लीहे भोले दानी गीत का रिलीज किया गया। जिसे कावड़ यात्रा के दौरान कावड़िया खूब पसंद कर रहे हैं। वही सोशल मीडिया पर भी यह गीत तेजी से वायरल हो रहा है।

ख़ास ख़बर

कोचस पुलिस ने बड़े पैमाने पर कार से किया शराब जब्त

कोचस (रोहतास) कोचस थाना के पुलिस ने शुक्रवार की देर रात शराब को लेकर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक एक्सयूभी कार से 59 पेटी शराब बरामद किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि कोचस महात्मा गाँधी चौक पर वाहन चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान एक एक्सयूभी कार मोहनिया से आरा के तरफ जा रहा था । पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया परंतु वाहन चालक के द्वारा गाड़ी को बहुत तेजी से लेकर भागने लगा। जहां पुलिस ने वाहन को पीछा करते हुए एक्सयूभी कार को पकड़ लिया जहां कार से 50 पेटी व्लू लाईम देशी शराब 200 एमएल 9 पेटी एटपीएम स्पेशल ब्लेन्ड स्कॉच व्हिस्की 180 एमएल की कुल 528 लीटर शराब बरामद किया गया। वही एक्सयूभी 500 सिल्वर कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर क्क66 क्क1333 जब्त किया गया। वही शराब धंधेबाज 18 वर्षीय रोहित कुमार भारती पिता मनोज कुमार भारती साकिम पीएनबी कॉलोनी मकबुल आलम रोड थाना चौका घाट वाराणसी व चालक 28 वर्षीय सुनिल गिरी पिता गौरी शंकर गिरी साकिम रमजनपुर, कान्डा, गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों के उपर मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

अनियंत्रित बाइक पलटने से महिला जख्मी

कोचस (रोहतास) थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक अनियंत्रित बाइक से गिर महिला बुरी तरह घायल हो गई। घायल महिला विनोद ठाकुर की पत्नी किरण देवी ग्राम नागदो थाना नटवर जिला रोहतास की निवासी हैं। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल महिला अपने गांव से बाइक पर सवार होकर कहीं रिलेशन में जा रही थी तभी कोचस दिनारा रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बाइक के अनियंत्रित हो जाने के कारण गिर गई जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गई। आनन फानन मे घायल महिला को सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद स्थिति चिंताजनक बताई।वही घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में लगातार किया जा रहा है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी की विदाई समारोह आयोजित

कोचस (रोहतास) कोचस प्रखंड अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार को स्थांतरण के बाद विदाई समारोह में पुष्प गुच्छ एवं पुष्प माला पहनकर सम्मान के साथ विदाई किया गया। जिस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख एवं संचालन प्रखंड रोजगार पदाधिकारी के द्वारा किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार के 3 साल के किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि कोचस प्रखंड में कार्य कर हमको बहुत अच्छा लगा साथ ही साथ यहां के लोगों द्वारा भरपूर प्यार मिला। इसके लिए मैं कोचस प्रखंड के लोगों को नहीं भूल सकूंगा, हमें दुख हो रहा है कि मैं आपके स्नेह और प्यार को अपने साथ ले जा रहा हूं। इस अवसर पर प्रमुख ने कहा कि पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं जो अपने कार्य के बदौलत छाप छोड़ जाते हैं जिससे लोग भूल नहीं पाते है। वही कपसिया पंचायत के मुखिया जिब्राईल सिद्दीकी उर्फ जोखन जी ने भी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यों का सराहना किया और कहा कि इनका कार्य बहुत ईमानदारी से हुआ है हमें दुख हो रहा है यह आज हम लोगों को छोड़कर जा रहे हैं। इस मौके पर मुखिया कमलाकांत पांडे, अनिल राय, लाल साहब सिंह, पैक्स अध्यक्ष अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे, विमलेश तिवारी, उदयनारायण उपाध्याय, धनजी सिंह, रामप्रवेश ,मदन कुशवाहा थाना प्रभारी अमोद कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित प्रखंड के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

भाजपा की बेगूं विधानसभा में उपखंड स्तर पर बैठक हुए संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह/राजस्थान/चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा में नही सहेगा राजस्थान आंदोलन के लिए भाजपा चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष मिठू लाल जाट की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।बैठक में भाजपा चित्तौड़गढ़ जिला उपाध्यक्ष रघु शर्मा,महामंत्री कमलेश पुरोहित,नही सहेगा राजस्थान आंदोलन के जिला संयोजक हर्षवर्धन सिंह,जिला सहसंयोजक किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा,कैलाश चंद जाट ने आंदोलन को लेकर समस्त भाजपा मंडल अध्यक्षों,पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर प्रभारी नियुक्त किए। भाजपा चित्तौड़गढ़ जिला उपाध्यक्ष रघु शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा बताई जिसमे भाजपा मंडल स्तर से लेकर 1 अगस्त को जयपुर में होने वाली महारैली की योजना बताई।आई टी प्रमुख राहुल धाकड़ ने बताया कि पूर्व पार्षद हरीश राठौर के प्रभार में 25 जुलाई को रावतभाटा तहसील के चारों मंडलों द्वारा रावतभाटा में वर्तमान सरकार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के विरोध में पैदल मार्च निकाला जायेगा।26 जुलाई को एडवोकेट लालचंद के प्रभार में राजस्थान में बढ़ते अपराधों पर सरकार के खिलाफ जनता से आरोप पत्र लिए जाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री शंकर लाल गुर्जर,अमर सिंह हाड़ा, शिवलाल धाकड़, सत्यनारायण मेनारिया, चित्तौड़गढ़ भूमि विकास बैंक उपाध्यक्ष मदनगोपाल धाकड़,बेगूं विधानसभा विस्तारक मदनलाल गुर्जर, बेगूं विधानसभा के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष बेगूं नगर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जोशी,बेगूं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लीला शंकर धाकड़,नंदवाई मंडल अधक्ष राघवेंद्र सिंह चुंडावत,जावदा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़, भैंसरोड मंडल अध्यक्ष सुनील जैन,कुंडाल मंडल अध्यक्ष रोडूलाल धाकड़,कमांड मंडल अध्यक्ष शंकर कुमावत, साडास मंडल अध्यक्ष संजय वैष्णव,गंगरार मंडल अध्यक्ष ज्योतिष पुरोहित,आंदोलन के मंडल संयोजक,पार्टी पदाधिकारीगण,पूर्व पदाधिकारीगण,जनप्रतिनिधिगण,पूर्व जनप्रतिनिधिगण,एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्युत कनेक्शन कटने के बाद भी बिजली चोरी में आरोपी पर लगा जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास) बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-दिनारा के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर सुनील कुमार पर 66084, भरत साह पर 48146 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। आगे बताते चलें कि मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर मंजू देवी पर 21166 रुपये दंडित राशि लगाई गई है उक्त उपभोक्ताओं के मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चलें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली की चोरी करने को लेकर बिगू कुमार गुप्ता पर 30998, मो. मुन्ना सुलेमानी पर 13788 आर्थिक दंड लगाई गई है। ऊक्त व्यक्तियों के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था, विद्युत संबंधित दस्तावेज की मांग करने पर कोई कागजात नही दिखाई गई। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार शर्मा के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें।

सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर अंकित राज ने रोहतास में लहराया परचम, घर पर बधाई देने वालें लोगों का लगा तांता

नासरीगंज (रोहतास) स्थानीय नगर के वार्ड 3 निवासी सह मेन रोड स्थित आनन्द मेडिकल के संचालक संजय कुमार के पुत्र अंकित राज ने सीए की परीक्षा उतीर्ण कर अपने जिला, प्रखण्ड व नगर समेत परिवार का नाम रौशन किया है। उक्त छात्र ने मैट्रिक की परीक्षा 2013 में डॉन बॉस्को विधालय पटना से और आई कॉम उसी विधालय से 2015 में और बिकॉम वाणिज्य महाविधालय पटना यूनिवर्सिटी से 2018 में और सीए की परीक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेड ऑफ इंडिया दिल्ली 2023 में उतीर्ण किया है। उक्त छात्र ने मात्र साढ़े चार वर्ष में सीए की परीक्षा उतीर्ण किया है।

उक्त छात्र अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय बड़े पिता अजय कुमार गुप्ता को देना चाहता है। इस अवसर पर छात्र ने बताया की उसके चचेरे भाई और बहन सरकारी सेवा में पूर्व से हैं। उक्त छात्र ने बताया कि उनके बड़े पिता विगत डेढ़ वर्ष से कैंसर से पीड़ित थे और सिए के होने वाले फाइनल परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व ही कैंसर पीड़ित बड़े पिता का देहांत हो गया था। दुख की घड़ी में अपने आप को ढाढस देते हुए परीक्षा में सम्मिलित हुआ। उनकी हार्दिक इच्छा थी कि मैं सीए की परीक्षा उतीर्ण करूँ। उनके आशीर्वाद से सीए की परीक्षा उतीर्ण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दिया।

वह भविष्य में भारत के अर्थव्यवस्था में योगदान कर देश का नाम रौशन करने की तमन्ना रखता है। उसकी सफलता पर दादा राजेन्द्र प्रसाद, दादी राधिका कुमारी, माता अनु देवी, चाचा सन्तोष कुमार, बहन पूजा कुमारी, मित्र वसीम अकरम, रौनक समेत बड़ी संख्या में प्रखण्ड व नगरवासियों ने उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सफल छात्र को बधाई दिया है।

मुहर्रम पर्व में डीजे बजाने पर प्रशासन ने लगाई रोक

नासरीगंज (रोहतास) स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम पर्व को लेकर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सुबोध कुमार व संचालन सीओ अमित कुमार ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की गयी।

थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने अति संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने कहा कि जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार मुहर्रम में डीजे बजाना पूरी तरह से प्रतिबंध है। डीजे बजाने के लिए बिक्रमगंज एसडीएम से अनुमति लेना जरूरी है। जिन लोगों पर धारा 107 निर्गत है, वे अपना बांड भरवा लें। सीओ अमित कुमार ने कहा कि ताजिया जुलूस में सड़क को पूरी तरह से बन्द नही किया जाए। सड़क की एक तरफ से आने-जाने का रास्ता छोड़ा जाना चाहिए। ताकि अन्य लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की कि अगर क्षेत्र में कुछ भी गलत नजर आए, तो प्रशासन को सूचित करें। मौके पर प्रमुख योगेश कुमार, नगर ईओ राकेश कुमार, बीसीएम शकील अहमद, जेई पंकज शर्मा, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामुल हक, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय, मुखिया सुजीत कुमार उर्फ टिंकू सिंह, कृष्णा कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ0अमरेंद्र कुमार, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष मन्ना खां, कॉंग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष बक्शी जौहर अली, गुलाम मुस्तफा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

महिला वारंटी गिरफ्तार

नासरीगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के सराव गांव से स्थानीय पुलिस ने कुर्की जब्ती के एक वारंटी महिला को गिरफ्तार किया है। उक्त वारंटी महिला सराव गांव की रिंकी देवी बतायी जाती है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सराव गांव से एक महिला वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके ऊपर बिक्रमगंज कोर्ट का कुर्की जब्ती का वारंट निर्गत था। जो काफी दिनों से फरार चल रही थी। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

महिला एवं बाल कल्याण संगठन ने अभियान शुरू किया

दैनिक शुभ भास्कर/ विशाखा व्यास /राजस्थान /डूंगरपुर/संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौधरी द्वारा बताया गया कि महिलाओं को उत्साह एवं उनके उज्जवल भविष्य से जोड़ने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है जिसमें कई प्रकार के व्यवसाय एवं सहयोग की बात की गई है एकमत संगठन का उनका संकल्प है

अवैध रूप से बिजली चोरी में विभाग ने 64208 रूपये का लगाया जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास) कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा, प्रदीप कुमार प्रजापति के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रखंड सूर्यपुरा के बलिहार में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चले कि ग्राम-बलिहार मे बिना कोई कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली का उपभोग करने को लेकर उमेश वर्मा पर 64208 रुपये दंडित राशि लगाई गयी है। उपरोक्त व्यक्ति के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा विद्युत कनेक्शन से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गयी। आगे बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है।

बिजली चोरी में दो व्यक्तियों पर लगा 188773 रुपये का जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड बिक्रमगंज के अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर एक जांच दल का गठन किया गया। जिसमें सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार, कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल एवं अन्य क्षेत्रीय मिस्त्री थे। जांच दल द्वारा ग्राम-बिक्रमगंज थाना चौक के उपभोक्ता मो0 मंजूर आलम पर 162147 रुपये दंडित राशि लगाई गई है, बताते चले कि उपरोक्त उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विद्युत संबंध अस्थायी रूप से विच्छेद कर दिया गया था। जिसके पश्चात उक्त उपभोक्ता द्वारा बिना रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिससे कि शीर्ष कंपनी को राजस्व की क्षति हुई है। आगे बताते चले कि बिना कोई वैध विद्युत संबंध के अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर राजवंश सिंह पर 26625 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। उक्त व्यक्तियों से विद्युत संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गई तथा परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज अंतर्गत इस माह में अब तक 37 लोगो पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है, जिसमे 1342464 रुपये अर्थ दंड लगाया गया है।

महादलित बस्ती में पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाया सर्च ऑपरेशन

केसठ (बक्सर) जिला एसपी के निर्देश पर नावानगर पुलिस ने केसठ के विभिन्न महादलित वस्ति में शराब के विरुद्ध संघन छापेमारी अभियान चलाया।पुलिस को देख सभी शराब कारोबारी अपने अपने घरों से फरार हो गए।इस दौरान पुलिस ने सभी महादलित वस्ति में संघन छापेमारी की।छापेमारी के दौरान शराब बनाने वाले उपकरण जैसे केन, टीन आदि को तोड़ फोड़ दिए।सघन छापेमारी को देख लोगो में आफरा तफरी मची हुई थी।छापेमारी में लगभग सैकड़ों लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट किया गया।इस संबंध में नावानगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया की शनिवार को नावानगर पुलिस के द्वारा की गई छापेमारी में करीब सैकड़ों लीटर अर्धनिर्मित महुवा शराब को नष्ट किया गया है।छापेमारी के बाद थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार को समाप्त करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।वही उन्होंने शराब का अवैध कारोबार कर रहे लोगों से शराब की धंधा को छोड़ कर अन्य कार्य करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण गैर कानूनी और उससे कई परिवार भी उजड़ता है।उन्होंने महिलाओं से भी शराब पीकर घर आने वाले पति को समझाने और शराब बनाने वाले लोगों की सूचना देने की अपील की।

आयोजन शिक्षक एवम कर्मचारियों की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन डा ललन कुमार झा की अध्यक्षता में हुई

यू भी के कॉलेज कड़ामा में "वर्तमान परिपेक्ष में उच्च शिक्षा की गरिमा अक्षुण्ण रखने में शिक्षक एवम कर्मचारियों की भूमिका" पर संगोष्ठी आयोजित

आलमनगर ।वर्तमान परिपेक्ष में उच्च शिक्षा की गरिमा अक्षुण्ण रखने में शिक्षक एवम कर्मचारियों की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन महाविधालय के उप प्रधानाचार्य डा ललन कुमार झा की अध्यक्षता में हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में स्थाई प्रधानाचार्य डा. माधवेन्द्र झा मौजूद थे। एक स्वर से उपस्थित शत प्रतिशत शिक्षक एवं कर्मचारियों ने शिक्षा विभाग के गरिमा को अक्षुण्ण रखने के सदप्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार अनवरत जारी रही है। शिक्षक एवम कर्मचारी अपनी भूमिका से कभी पीछे नहीं रहे हैं। यह सच है कि कोविड 19 से शिक्षा ही नहीं, हर क्षेत्र में आनुपातिक गिरावट आई है। ऑनलाइन कार्य पद्धति से विश्व प्रभावित हुवा है। शिक्षक एवम कर्मचारियों के अथक परिश्रम से उच्च शिक्षा पटरी पर आया है लेकिन कोविड पीरियड में हुवे विलंबित सत्र को नियमित करने के रुझान से छात्र छात्राओं को परेशानी हुई है फिर भी सभी संस्थानों के प्रधान एवम सहायकों से अपारतीत सफलता मिल रही है। यह भी सच है कि कोविड पीरियड में शिक्षक छात्र घर से पठन पाठन नियमित रखे फलस्वरूप समाज में उच्च शिक्षा के प्रति विरोधाभास हुआ है, लेकिन युग पुरुष अपर मुख्य सचिव के के पाठक इस विरोधाभास को दूर करने हेतु निरंतर प्रयास कर रहे हैं । इससे शिक्षा जगत में क्रांति आए है। शिक्षक एवम कर्मचारियों को विश्वास हो रहा है कि हमारे कर्मफल का मूल्यांकन हो रहा है। वर्षों से अनुदानित डिग्री महाविद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता का जुवा उन वृद्ध कंधों पर है जिसे 8 वर्षों का छात्र उत्तीर्णता आधारित अनुदान भी शिक्षा विभाग आवंटित और स्वीकृत नहीं कर रही है। वृद्ध माता पिता, रुग्ण पत्नी, शिक्षा के लिए तड़प रहे बच्चे को छोड़ ऐसे शिक्षक एवं कर्मचारी अपने महाविद्यालयों में तपस्वी की तरह सेवा दे रहे हैं। ऐसे शिक्षक अस्वस्थता की अवस्था में कदाचित अपने संस्थान में नहीं पहुंच पाते और महाविद्यालय प्रधान अपने संस्थान की गरिमा अक्षुण्ण रखने हेतु अनुपस्थिति विवरणी भेजते हैं तो उस संस्थान को असंबद्ध करने/कराने का तुगलकी फरमान जारी करते हैं जो पूर्ण असंवैधानिक ही नहीं, एक्ट एंड स्टेच्यूट के विपरित है तथा बौद्धिक समाज के लिए क्रूर मजाक। इसमें संशोधन लाने की आवश्यकता के साथ बिहार प्रदेश अनुदानित डिग्री महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ के प्रधान महासचिव डा माधवेंद्र झा ने सुझाव दिया कि सोना और हीरे की पहचान जांच से ही निर्धारित होती है। जांच प्रक्रिया अवश्य होनी चाहिए साथ ही जांच पश्चात उसका समाधान होना चाहिए। विश्वविद्यालय में संकायवार महाविद्यालय निरीक्षक होते हैं लेकिन वे तभी जांच में जाते जब उनके आने के लिए निरीक्षण शुल्क दिया जाता है। बाकी दिन वे संचिका का विश्वविद्यालय में अवलोकन करते हैं। यदि महाविद्यालय निरीक्षक गतिशील रहकर अपने दायित्वों का पालन करें तो शिक्षा विभाग को अतिरेक कार्यभार की आवश्यकता नही होनी चाहिए। अनुदानित डिग्री महाविद्यालय के अच्छे दिन शिक्षा विभाग की तत्परता से आनेवाले हैं, इसी विश्वास के साथ दानी के रूप में कार्यरत शिक्षक एवम कर्मचारी संतोष कर रहे हैं।

संत एसएन ग्लोबल विद्यालय में राष्ट्रीय आम महोत्सव कार्यक्रम आयोजित, बच्चों ने कलाकृति प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा

बिक्रमगंज (रोहतास) शहर के डुमरांव रोड स्थित संत एस एन ग्लोबल स्कूल में भारत के प्रिय फल और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चे येलो मैंगो के अलग-अलग रूप में तैयार होकर आए थे। वे अपने साथ तरह-तरह के मैंगो भी लाए थे।

इस मौके पर आम के बारे में उन्हें जानकारी दी गई। बच्चों ने मैंगो शेक मेकिंग और आम से तैयार किए जाने वाले व्यजंनों और पारंपरिक पकवान को बनाने सम्बन्धी एक्टिविटी में भी हिस्सा लिया। टीचर्स ने क्लास में मैंगो शेक बनाकर दिखाया। मैंगो डे सेलिब्रेशन एक फन एक्टिविटी होने के साथ बच्चों में लैंग्वेज डेवलपमेंट का भी माध्यम बना। प्राचार्या सुखविंदर कौर के नेतृत्व में आयोजित आम महोत्सव बेहद ही आकर्षक रहा।इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय फल आम और उसके समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं परम्परा से परिचित कराया।उन्होंने बताया कि भारत में आज से पांच हज़ार साल पहले ही आम की खेती शुरू हुई और यहीं से आम अफ़्रीकी और यूरोपीय देशों में पहुँचा।पुर्तगाली व्यापारियों ने इसे मांगा और कालांतर में मैंगो से सम्बोधित किया।

ख़ास ख़बर

1104 लीटर अंग्रेजी शराब सहीत स्कूली वैन जप्त, चालक गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कैमूर- जिला के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत मरहियां मोड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग दो से दुर्गावती थाना प्रशासन द्वारा 1104 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ स्कूली वैन को जप्त कर, चालक को किया गया गिरफ्तार। थाना अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह से मिली जानकारी के अनुसार, थाना अध्यक्ष के निर्देश में एस आई विनय कुमार के द्वारा पुलिस बल के साथ मरहियां मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर रात्रि में विशेष अभियान चलाया गया। जिसमे यह बड़ी कामयाबी हासिल हुई। पुलिस को शक न हो इसको लेकर चालक द्वारा नया हथकंडा अपनाकर स्कूली वैन में शराब परिवहन किया जा रहा था। प्रशासन की सक्रियता के आगे तस्करों की चालबाजी विफल रहा। फिलहाल शराब को जप्त कर गिरफ्तार चालक के विरुद्ध पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। गिरफ्तार चालक चंदौली जिला के बलुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत सढ़ान गांव का निवासी रंजीत यादव बताया जा रहा है।

अपर समाहर्ता के द्वारा स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर किया गया बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कैमूर- जिला समाहरणालय 22 जुलाई 2023 अपर समाहर्ता कैमूर की अध्यक्षता में, 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित तैयारियों को लेकर किया गया बैठक, लिया गया लिया गया विभिन्न निर्णय। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, प्रभात फेरी एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने के बिंदु पर टीम गठित कर इस पर निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्मारको एवं प्रतिमाओं पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया जाएगा। स्टेडियम की साफ-सफाई ,बैठने की व्यवस्था इत्यादि करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।जगजीवन स्टेडियम भभुआ मे झंडोत्तोलन का समय 9ः00 पूर्वाहन पूर्व की भांति रखा गया। उक्त बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, मुख्यालय डीएसपी, सामान्य शाखा प्रभारी एवं जिले के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

बाइक और टेंपो की आपसी टक्कर में दो घायल, एक रेफर

शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर। रामगढ़ मोहनिया पथ पर दसौती गांव गांव के समीप शनिवार को एक बाइक और टेंपो में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार जख्मी हो गए आसपास मौजूद लोगों की सहायता से मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इमरजेंसी मौजूद चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद एक की स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर रामगढ़ मोहनिया पथ पर टेंपो और बाइक की आपसी टक्कर में 2 घायल हो गए घायलों में मोहनिया थाना क्षेत्र के दोनों घायल दसौती निवासी लल्लू पाल का पुत्र पंकज पाल दूसरा फेकन खरवार का पुत्र दद्दन खरवार सड़क हादसे में घायल हो गए आसपास मौजूद लोगों की सहायता से मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां इमरजेंसी मौजूद चिकित्सकों द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद पंकज पाल की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया

विद्युत कनेक्शन जोड़ने को लेकर दो गुटों में भारी टकराव प्रशासन की लापरवाही दूसरे दिन आधा दर्जन लोग हुए घायल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कैमूर- जिला के मोहनियां, अनुमंडल अंतर्गत स्थित विद्युत संचरण केंद्र पुसौली में विद्युत कनेक्शन जोड़ने को लेकर दो गुटों में भारी टकराव, प्रशासन की लापरवाही दूसरे दिन आधा दर्जन लोग हुए घायल, जमकर चला लाठी- डंडा, ईंट, पत्थर धारदार हथियार, व गोली भी चलने की मिल रही सूचना। स्थल से मिली जानकारी के अनुसार, विद्युत विभाग द्वारा उपलब्ध एक ट्रांसफार्मर से पुसौली गांव पुसौली डीएवी स्कूल एवं भोपतपुर के उपभोक्ता को विद्युत आपूर्ति के लिए अलग व्यवस्था किया गया है। पर विभाग के कर्मियों द्वारा कुछ दिन पहले भेलमा गांव का भी कनेक्शन उसी ट्रांसफार्मर से कर दिया गया। गर्मी का मौसम और कृषि कार्य की समय की वजह से अधिक भार पड़ने से ट्रांसफार्मर जवाब दे दे रहा है,जिसके वजह से विद्युत आपूर्ति ठप हो जा रहा है। पूर्व से जुड़े हुए उपभोक्ताओं द्वारा भेलमा गांव के लिए हुए कनेक्शन का विरोध किया जाने लगा। परिणाम स्वरूप विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा भेलमा गांव का विद्युत कनेक्शन ट्रांसफार्मर से हटाकर, दूसरे ट्रांसफार्मर में कर दिया गया। जिसका की भेलमा गांव के निवासियों द्वारा विरोध किया जाने लगा। साथ ही पुनः उक्त ट्रांसफार्मर में कनेक्शन करने हेतु विभाग पर दबाव बनाया जाने लगा,व कनेक्शन जोड़ने हेतु विगत शुक्रवार को स्थल पर पहुंचा गया। जिसका की विरोध दूसरे पक्ष द्वारा किया जाने लगा। दोनों पक्षों

(जमकर चला लाठी, डंडा, ईंट, पत्थर, धारदार हथियार, गोली भी चलने की मिल रही सूचना)

में तू तू मैं मैं में विवाद इतना बढ़ गया, कि दोनों पक्ष की ओर से जमकर चला ईंट, पत्थर, इतना ही नहीं, इस विवाद में चार राउंड गोली भी चलने की सूचना मिल रहा है। शुक्रवार को मोहनियां थाना प्रशासन द्वारा स्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु हिदायत दिया गया। पर प्रशासन की लापरवाही की वजह से शनिवार को दोनों गुटों में पुनः विवाद हो गया। जिसमें की लाठी- डंडे, ईंट, पत्थर, धारदार हथियार की चोट से लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थल पर पहुंच अनुमंडल पदाधिकारी मोहनियां व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां द्वारा दल बल के साथ स्थिति को नियंत्रित किया गया। हालांकि प्रशासन की उपस्थिति से अभी स्थिति नियंत्रण में है। घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र मोहनियां पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति जवाहिर शर्मा ग्राम- भोपतपुर, दरोगा राम ग्राम बड़की- पुसौली, जमराती हजाम ग्राम- बड़की पुसौली, कन्हैया सिंह ग्राम- छोटकी पुसौली, ओमप्रकाश उर्फ कूचा ग्राम- भोपतपुर, थाना- मोहनियां, जिला कैमूर के निवासी बताए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय आम दिवस के अवसर पर पर्यावरण प्रेमी ने विघालय के प्रांगण में आम का पौधा रोपण किया

भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/राष्ट्रीय आम दिवस के अवसर पर विघालय में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय आम दिवस स्वादिष्ट और उष्णकटिबंधीय फल आम के लिए समर्पित दिन है।

आम न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भी भरपूर होते है। आम के पेड़ पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हैं। पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आम दिवस प्रतिवर्ष 22 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिवस को यादगार बनाने के लिए विघालय के प्रांगण में बच्चों के साथ फलदार एवं छायादार आम का पौधा रोपण किया गया। वहीं पौधा रोपण के बाद हम सभी ने यह संकल्प लिया कि बड़ा होने तक पौधा को देख-भाल करेंगे। पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आम सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले फलों में से एक है, साथ ही, भारतीय इतिहास का एक अभिन्न अंग है। दुनिया भर में इसका सेवन किया जाता है। अपने मुंह में पानी लाने वाले स्वाद से परे, आम भारत के लिए सांस्कृतिक महत्व रखता है जो सदियों पुराना है। भारतीय पौराणिक कथाओं और साहित्य में, आम को अक्सर प्यार और समृद्धि से जोड़ा जाता है। भारतीय त्योहारों और अनुष्ठानों में इसका एक विशेष स्थान है, जो बहुतायत और सौभाग्य का प्रतीक है। इस तरह के समृद्ध सांस्कृतिक संबंधों के साथ, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अंतर्राष्ट्रीय आम महोत्सव इस प्यारे फल का एक खुशी का उत्सव बन गया है। आम की पैदावार करने के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है।

दुनियाभर में आम की करीब 1400 किस्में पाई जाती हैं। जिसमे से 1000 के आसपास की किस्में भारत में पैदा होती है।

किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने किया कार्यपालक अभियंता से बात

दैनिक शुभ भास्कर प्रखंड संवाददाता रामपुर/रामपुर- (कैमूर) प्रखंड अंतर्गत किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने किया कार्यपालक अभियंता से वार्तालाप। आपको बता दें कि रामपुर प्रखंड के बसिनी, ठकुरहट, बिजरा, झलखोरा, लिली सहित दर्जनों गांव के किसानों की धान का फसल पानी की वजह से सूख रहा है, तो कई किसानों का अभी तक रोपनी भी नहीं हुआ है। जिस समस्या को लेकर किसानों द्वारा भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विमलेश पांडेय के यहां पहुंचकर गुहार लगाया गया।

किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु श्री पांडेय द्वारा शनिवार को सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्तालाप करते हुए उच्च स्तरीय पानी छोड़ने का मांग किया गया। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों से सहमति बनाते हुए 84 आरडी पर नहर में लगे हुए फाटक को कुछ नीचे की ओर किया गया, जिससे कि उच्च स्थल में स्थित खेतों में भी पानी पहुंच सके। स्थल पर पहुंचे किसानों से वार्तालाप किया गया, तो उनके द्वारा कहा गया, चुनाव आते ही वोट मांगने के लिए अनेकों सांसद विधायक चक्कर लगाते हैं। पर हम लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए कोई भी सांसद विधायक अधिकारी नहीं आते हैं। हम लोगों के सुख दुख में हम लोगों के भाई विमलेश पांडेय ही हम लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर हाथ से हाथ मिला कर चलते हैं। भाजपा किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष जरूर है, पर हम सभी के लिए पार्टी और धर्म मजहब से ऊपर उठकर के कार्य करते हैं। कई किसानों के द्वारा बताया गया, इस क्षेत्र के गरीब गुरबा के यहां शादी पड़ जाती है तो पांडेय जी के द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाता है। किसी के भी दुख की घड़ी में उसके दरवाजे पर पहुंचते हैं,इसलिए हम लोगों का तो नेता यही है।

थाना परिसर में लगा जनता दरबार भूमि संबंधित मामले का किया गया निष्पादन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कैमूर- जिला के अधौरा प्रखंड अंतर्गत लोहरा थाना परिसर में लगा जनता दरबार, भूमि संबंधित मामले का किया गया निष्पादन। आपको बताते चलें कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार हर शनिवार को, अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में भूमि संबंधित मामले के निष्पादन हेतु जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम के द्वारा बताया गया, कि इस शनिवार को थाना क्षेत्र के सरईनार ग्रामवासी के द्वारा भुमि से संबंधित मामले के निपटारे हेतु एक आवेदन दिया गया। जिसमें रामजन्म अगरिया एवं सीताराम अगरिया के बीच 5 डिसमिल भूमि को लेकर विवाद था। जिस संदर्भ में दोनों पक्षों की उपस्थिति में भूमि से संबंधित दस्तावेज को देखते हुए, दोनों पक्षों की सहमति से मामले को निष्पक्ष रुप से निष्पादित किया गया।

मोहनिया थाना में जनता दरबार लगा भूमि विवाद से संबंधित मामलों का किया गया निबटारा

शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।शनिवार को जिले के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों स्थित थाना परिसरों में जनता दरबार का आयोजन कर भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निबटारे की कोशिश की गई।मोहनिया थाना परिसर में अंचल अधिकारी आलोक चांद रंजन की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में अंचल क्षेत्र से कई फरियादी अपने मामलों से जुड़े कागजी साक्ष्यों के साथ उपस्थित हुए।भूमि विवाद से जुड़े यहां कुल चार मामले आए। जिन लोगों के मामले सुनवाई के लिए रखे गए उसमें से एक मामले का निबटारा मौके पर हो गया। दोनों पक्षों की सहमति से न्याय संगत तरीके से मामले का निबटारा होने से दोनों ही पक्ष संतुष्ट व खुश दिखे। अंचलाधिकारी ने बताया की कई मामलों में दूसरे पक्ष की अनुपस्थिति के कारण मामले का कम निबटारा हो रहा है। अनुपस्थित रहने वाले को नोटिस भेजकर आगे मामले का समाधान कराया जाएगा।मौके पर थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि प्रशासन की कोशिश है कि छोटे मोटे भूमि विवादों का निबटारा कर दिया जाए ताकि यह लड़ाई झगड़े की भविष्य में वजह नहीं बन सके। ऐसे विवादों के निबटारे के लिए लोगों को थाने में आयोजित जनता दरबार का लाभ उठाना चाहिए मौके पर अंचल कर्मी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे

काले हिरण मारकर खाने के मामले में एक की हुई गिरफ्तारी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/ कैमूर- जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्जी गाँव के खेत में काले हिरण को मारकर खाने की तैयारी के मामले में, भगवानपुर थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव से एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार। आपको बताते चलें कि विगत 25 अप्रैल को चैनपुर थाना क्षेत्र के कर्जी गांव के खेत में काले हिरण को मारकर बेरहमी से उसके अंगों को टुकड़े टुकड़े कर खाने के तैयारी में अपराधी जुटे हुए थे,की गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल छापेमारी कर काले हिरण का टुकड़ा में किया शव बरामद किया गया था।

संदर्भ में जानकारी देते हुए,कैमूर डीएफओ चंचल प्रकाशम ने बताया कि 25 अप्रैल को सूचना मिली कि चैनपुर थाना के कर्जी गाँव मे काले हिरण का शिकार कर उसे काट रहे है, इसका व्यापार भी करते है। तत्काल घटना स्थल पर पहुँच कर पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया था। जिस जुर्म में शुक्रवार देर शाम एक आरोपी कृपा शंकर तिवारी को भगवानपुर थाना के बलीपुर गाँव से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अन्य चार फरार आरोपीयों के लिए छापेमारी किया जा रहा है। कैमूर डीएफओ चंचल प्रकाशम ने काले हिरण के संदर्भ में बताया कि यह प्रजाति बड़ी ही दुलभ प्रजाति है। जिला वासियों से अपील किया गया की वन्यजीवों का शिकार करना बहुत बड़ा अपराध है। यदि किसी के द्वारा ऐसे अपराध किया जाता है, तो वन अधिनियम के तहत सात वर्ष का कारावास की सज़ा होगा।

गंदे नाले गंदे नाले में तब्दील हुआ नोनार गांव का मेन रोड, सरकारी अधिकारी भी नहीं दे रहे हैं ध्यान

बिना नाले का रोड बनाकर मोटी कमाई करके चले गए ठिकेदार, ग्रामीण नाले से होकर गुजरने को होरहे हैं मजबूर





रामगढ़ कैमुर/यह मामला ग्राम नोनार के मेन रोड का है जिसको देखने में तो लग रहा है कि यह गांव का नहीं कहीं खेतों का फोटो खींचा गया है लेकिन सत्यता यह है कि नोनार गांव के पश्चिम के तरफ लगभग 500 से 1000 मीटर तक का मेन निकास सड़क पूरी तरह पानी और कीचड़ से 1 से 2 फीट पानी में माटी से लबालब भरा पड़ा है और इस गंदे पानी में गांव के सभी लोग जाने को मजबूर हैं सबसे बड़ी बात यह है कि दूषित पानी से मच्छरों का उपजना और डेंगू मलेरिया जैसे रोग का जन्म लेना कोई बड़ी बात नहीं है कुछ साल पहले रोड बनाने वाले ठेकेदार ने रोड एवं नाली को थोड़ा सा भी ध्यान में रखकर नहीं बनाया है। अगर रोड बनाते समय ही बड़े अधिकारियों के द्वारा जांच किया गया होता तो रोड का बनाया हुआ पैसा ठीकदार को बिना काम पूर्ण किए हुए निकासी नहीं करने दिया जाता । आज आलम यह है कि 500 मीटर से अधिक का रोड बीच में ही धंस गया है एवं माटी और पानी से रोड दलदल में भी तब्दील होते दिख रहा है ।उसी रास्ते से होकर गांव में जैसे साहूका , भारीगांवा महुअर, इत्यादि गांव में यह रास्ता जाता है कई बड़े अधिकारी भी इस गांव से होकर गुजर चुके हैं लेकिन किसी का निगाह तक इस पर नहीं गया है अगर जल्द ही इस पानी के निकासी के बारे में ध्यान नहीं दिया जाएगा तो आने वाले कुछ ही समय में बड़ी बड़ी बीमारियां निकल कर सामने आ सकती हैं क्योंकि घरों का पानी तो रोड पर ही निकल रहा है लेकिन रोड से पानी कहीं बाहर नहीं निकल रहा है ।

प्रत्येक शनिवार को थाना में आयोजित भूमि विवाद से सम्बंधित बैठक में विशेष रूप से निर्गत गिरफ़्तारी वारंट की समीक्षा करने का निर्देश

भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/ जिला पदाधिकारी कैमूर श्री सावन कुमार के द्वारा नीलाम पत्र वादों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई एवं निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा दायर नीलाम पत्र वादों का निष्पादन एवं वसूली में तीव्रता लाने हेतु निर्देश दिया गया।

कैमूर जिला में कुल दायर वादों की संख्या 15440 है जिसमें कुल सन्निहित राशि 31213.15 लाख रुपया है। माह जून में भिन्न भिन्न नीलाम पत्र पदाधिकारियों के द्वारा 90 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें कुल वसूल की गई राशि 211.04 लाख रुपये है।

लंबित वादों में से कुल 22,51 व्यक्तियों के विरुद्ध गिरफ़्तारी वारंट निर्गत किया गया है जिसमें सन्निहित राशि 13051.93 लाख रुपये है। निर्गत गिरफ़्तारी वारंट में सबसे अधिक थानाध्यक्ष कुदरा के पास

कैमूर जिला में कुल दायर वादों की संख्या 15440 हैजिसमें कुल सन्निहित राशि 31213.15 लाख रुपया है।

386 नीलाम पत्र वाद थानाध्यक्ष मोहनिया के पास 371 नीलाम पत्र वाद थानाध्यक्ष रामगढ़ के पास 301 नीलाम पत्र वाद थानाध्यक्ष दुर्गावती के पास 264 नीलाम पत्र वाद थानाध्यक्ष भगवानपुर के पास 273 नीलाम पत्र वाद एवं थानाध्यक्ष चाँद के पास 207 पत्र वाद क्रियान्वयन हेतु लंबित है लंबित है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रत्येक शनिवार को थाना में आयोजित भूमि विवाद से सम्बंधित बैठक में विशेष रूप से निर्गत गिरफ़्तारी वारंट की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी उपस्थित थे।

ख़ास ख़बर

मिशन जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत आरपीएफ जवानों ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में रेल यात्रियों को किया जागरूक

साहिबगंज- पूर्व रेलवे के मालदा रेलमंडल अन्तर्गत आने वाले साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में तथा गाड़ी संख्या 13235 अप के यात्रियों को आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी क्रिस्टोफर किस्कू के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया। जहां इस दौरान ट्रेन में सफर करने वाले सभी रेल यात्रियों को नशा खुरानी गिरोह के सदस्यों के द्वारा यात्रियों के सामान की चोरी कर लेने के संबंध में, जहां तहां कूड़ा कचरा नहीं फेंकने, गंदगी नहीं फैलाने, टोल फ्री नंबर 139 के बारे में, रेलवे ट्रैक पार नहीं करने एवं रेलवे परिसर में धूम्रपान नहीं करने जैसी बातों के बारे में बताया गया तथा सतर्क रहकर ट्रेन में यात्रा करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक दिनेश कुमार बंशीवाल, हेड कॉन्स्टेबल शूभम, आर. के. सिंह, कॉन्स्टेबल ए. के. यादव, आरआर ठाकुर, महिला आरक्षी स्वीटी कुमारी एवं अन्य जवान मौजूद थे।

एक वर्ष से खराब पड़ी पानी की टंकी और चापाकल, ग्रामीण परेशान

पतना- प्रखंड के तलझारी पंचायत के डुमरिया मांझी टोला में लगभग एक वर्ष से चापाकल और पानी टंकी खराब होने के कारण गांव के घरों में पानी नहीं आ रहा है। जिससे लोग परेशान है और जिसके चलते लोगों के सामने पेयजल की संकट शुरू हो गई है। वही ग्रामीण वासियों को एक जर्जर कुआ से पानी लाना पड़ रहा है और ग्रामीणों का कहना हैं सभी घरों में पानी टंकी के माध्यम से पेयजल पहुंचता है। इसके बाद ही लोगों के दिनचर्या का कार्य आगे बढ़ता है। रहवासियों का कहना है कि पिछले लगभग एक साल से पानी टंकी और चापाकल भी खराब हो गई है। लिहाजा पानी सप्लाई पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। इससे गांव में हाहाकार मचा हुआ है। पानी टंकी खराब होने के कारण घरों का पानी सप्लाई बंद हो गया है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और सबसे अधिक महिलाएं परेशान है। वही घर में पानी नहीं आने के कारण महिलाओं को गांव में स्थित जर्जर कुआ से पानी लाना पड़ रहा है।उक्त मौके पर सिशु हेंब्रम, रमकु मुर्मू, धर्मा मरांडी, लोगरा हेमब्रम, गोपाल मरांडी, जीवनी हंसदा, उपी हसदा, शांति टुडू अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

जान देंगे पर हटिया में निर्मित झोपड़ी को उजाड़ने नहीं देंगे- दुकानदार

बरहेट- प्रखंड क्षेत्र के लगने वाले बरहेट बाजार स्थित साप्ताहिक हाट परिसर में जिला परिषद विभाग द्वारा हटिया सुंदरीकरण को लेकर ग्रामीणों ने इसका विरोध कियाहै। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी दुकानदार एकत्रित हुए।वही दुकानदारों ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने कई वर्षों से दुकानदारी करते आ रहे है और दुकानदारों ने कहा की हटिया पारा में जहां जहां खाली जगह है। वहां सुंदरीकरण करें हम सब मिलकर इस पर सहयोग करेंगे। वही जिला परिषद विभाग द्वारा बाउंड्री वॉल, फेवर ब्लॉक का कार्य कराया जाना है। वही प्रखंड अंचलाधिकारी सोमनाथ बनर्जी विगत 17 जुलाई को दुकानदारों को चिट्ठी निकाली गई थी। वही चिट्ठी के अनुसार सभी दुकानदार अपने अपने झोपड़ी को हटाने का नोटिस जारी किया था।

प्रतिनिधि खुद बंगाल में कराते हैं इलाज, आम गरीब लोग कहां जाए- फारोग

साहिबगंज- जिले के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के इस्लामपुर के रहने वाले सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के गृह पंचायत आहुतग्राम में स्थित बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र को लेकर सियासत गर्म हो गई है। पहले पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने अपने फेसबुक पेज के माध्यम से बंद पड़े अस्पताल का मामला उठाया था और मंत्री के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया था। वही इसके बाद मंत्री आलमगीर आलम के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका खंडन करते हुए कई आरोप लगाए थे। जिसके बाद आजसू के प्रखंड मीडिया प्रभारी फारोग अहसान ने जवाब देते हुए मंत्री और उनके प्रतिनिधि पर जमकर जुबानी हमला बोला। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की झूठ और लूट के तर्ज पर बने मंत्री व उनके प्रतिनिधि खुले आम झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। वही विधायक प्रतिनिधि बरकत खान कहते है की आहुतग्राम अस्पताल की स्वीकृति 2008 में तत्कालीन स्पीकर आलमगीर आलम के प्रयास से तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही और मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कार्यकाल में हुआ था। जबकि यह सफेद झूठ है, यदि ऐसा है तो मैं चुनौती देता हूं की वे स्वीकृति पत्र जनता के सामने दिखाए। अन्यथा इस झूठ के लिए जनता से माफी मांगे।

उन्होंने आगे कहा की असलियत में हुआ यह था की 2008 में भ्रष्ट मधु कोड़ा सरकार में वर्ल्ड बैंक डेवलपमेंट फंड के पैसों का बंदरबांट के नियत से तत्कालीन स्पीकर आलमगीर आलम ने आहूतग्राम अस्पताल की अनुशंसा की थी। वही भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद मधु कोड़ा सरकार बर्खास्त हो गई, जिससे इस अस्पताल की अनुशंसा पर कोई काम नहीं हुआ और 2009 में विधायक बनने के बाद अकील अख्तर ने विधिवत तरीके से इसकी दोबारा स्वीकृति कराई और अस्पताल निर्माण का कार्य चालू कराया। वही विधायक प्रतिनिधि द्वारा अस्पताल के लिए गलत स्थान चयन करने की बात कहना मूर्खतापूर्ण है। अस्पताल के लिए जगह अनुपलब्धता के कारण तत्कालीन विधायक अकिल अख्तर के प्रयास और काफी मान मनोव्वल से आहूतग्राम निवासी स्व. नौशाद अली ने अपनी रैय्यती जमीन अस्पताल के लिए मुहैया कराई थी, और यह सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। वही तत्कालीन विधायक अकील अख्तर के कार्यकाल 2014 तक अस्पताल की स्थिति निर्माणाधीन थी। विभागीय अड़चनों के कारण अस्पताल हैंडोवर नहीं हो पाई थी। जिससे डॉक्टर या नर्स की व्यवस्था का सवाल ही नहीं उठता है। जबकि 2014 के बाद मंत्री आलमगीर आलम 9 साल से कुर्सी पर है, इस बीच 4 साल से खुद की सरकार में मंत्री भी बने हुए हैं, लेकिन अब तक इस अस्पताल में डॉक्टर नर्स की नियुक्ति कर इसे चालू कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। विधायक प्रतिनिधि बरकत खान इसकी मरम्मती की टेंडर निकलने की बात कह रहे है। जबकि 2014 से ही इन्हें बना बनाया हुआ अस्पताल भवन मिला था लेकिन इसे चालू करने की बजाए उसे जर्जर होने दिया। अब जाकर जर्जर भवन की मरम्मती की बात कह रहें है। वास्तव में यह उनकी नीति और नियत को दर्शाती है। भवन निर्माण में पीसी पगड़ी और कमीशन के नियत से टेंडर निकाला जा रहा है, जबकि मंत्री ने इसमें डॉक्टर नर्स और अस्पताल के संसाधन की उपलब्धता के बारे में कोई पहल नहीं किया है। मरम्मती होने के बाद भी क्षेत्र के लोगों को स्वस्थ व्यवस्था मुहैया होने की संभावना नही है। क्षेत्र में स्वस्थ व्यवस्था का हाल लोगों को भली भांति दिख रहा है। यहां के स्वास्थ्य व्यवस्था खुद स्ट्रेचर पर है। यहां के सरकारी अस्पताल रेफर अस्पताल की संज्ञा से अनुग्रहित हैं। यहां की जनता बंगाल और बिहार जाकर अपना इलाज कराने पर मजबूर हैं। उदाहरण स्वरूप आहूतग्राम अस्पताल के बारे में उलजुलुल बयानबाजी करने वाले विधायक प्रतिनिधि बरकत खान जब खुद कोरोना पीड़ित हुए थे तो वे बंगाल के धूलियान स्थित प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज करा रहे थे। जिसका फोटो खूब वायरल हो रहा था।

20 सूत्री की बैठक में उठा सवाल शिक्षक बना ठेकेदार, जांच करके उचित कार्रवाई करने की मांग सुदर्शन पासवान

राजमहल- प्रखंड के सभागार में शनिवार को 20 सूत्री की बैठक आयोजित की गई। वही जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष घिसु शेख ने किया। वही बैठक में पिछले बैठक में लिए गए प्रस्तावक को दोहराया गया और सभी से जानकारी ली गई बाल विकास परियोजना के संयोजक से प्रस्ताव की रिपोर्ट मनाई गई और कहा गया की कितने आंगनबाड़ी में अब तक आवश्यक निरीक्षण किया गयाहै। जिसमें पर्यवेक्षक हेमलता ने कहा की जांच किया गया था। जांच में सभी आंगनवाड़ी सही पाया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के आंगनबाड़ी में पोषाहार वितरण में गड़बड़ी पाई जाती है। जिससे वर्तमान सरकार को साजिश के तहत निकम्मा साबित कर बदनाम करने का काम कर रहे है। वही 20 सूत्री की बैठक में लिए गए प्रस्तावों की पालन नहीं होती है। बरकत ने कहा कि क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा बीएलओ का कार्य दिया गया है। जिसमें वोटर लिस्ट में नया नाम चढ़ाने के नाम पर पैसा लिया जा रहा है। जिस पर उचित कार्रवाई कराने की मांग किया गया है। वही उपाध्यक्ष सुदर्शन पासवान ने कहा राजमहल क्षेत्र में पारा टीचर प्रतिदिन समय पर विद्यालय नहीं आ पाते है और ना ही पढ़ाते है। वही पत्नी के नाम पर ठेकेदारी के लाइसेंस बना लिया है और दिन भर ठेकेदारी के काम पर व्यस्त रहता है और विद्यालय में प्रतिदिन उपस्थिति होने का अटेंडेंस बना लेते है और शिक्षा विभाग के बी ओ जालंधर महतो को जांच करके उचित कार्रवाई करने की निर्देश दियागया है। वही बी ओ ने सांत्वना देते हुए कहा कि बहुत जल्द उस शिक्षक को पहचान कर करवाई करने के लिए विभाग को लिखित दे दिया जाएगा और मौके पर चंदन सरकार, अभिजीत कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सुदर्शन पासवान, बरकत सेख, अजय मड़ैया, ऐकबाल सेख, सुभाष मित्रा, सिनटु घोष, विनोद मंडल, प्रवीण कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे।

नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाले शिक्षक की हुई पिटाई

साहिबगंज- बरहेट प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंचकठिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद शमशाद अली को कक्षा 10 की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करने के आरोप में छात्रा के अभिवावक एवं ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दिया है। वही यह मामला उस वक्त प्रकाश में आया जब उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंचकठिया में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा जब बीते 2 दिनों से स्कूल पढ़ने के लिए नही जा रही थी तो उसके पिता ने स्कूल नही जाने का कारण पूछा जिसके बाद नाबालिग छात्रा ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा प्राइवेट पार्ट छूने का आरोप लगाते हुए विद्यालय नहीं जाने की बात अपने परिजनों से कही। जिसके बाद नाबालिग छात्रा के परिजनों ने उक्त बात की जानकारी ग्रामीणों को दी जिसके बाद अचानक दर्जनों की संख्या में अन्य स्कूली छात्राओं के

परिजन विद्यालय पहुंच गए और स्कूली बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद शमशाद अली के साथ धक्का मुक्की करना प्रारंभ कर दिया और विद्यालय से बाहर निकालकर बच्चों के अभिभावकों और ग्रामीणों ने उक्त शिक्षक को धक्का मुक्की लप्पड़ थप्पड़ करने लगे और जमकर पीटाई कर दी। उधर सूचना पाकर बरहेट थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के बीच से शिक्षक को निकालकर पुलिस को सौंप दिया। उधर इस घटना के बाद पीड़िता नाबालिग छात्रा ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शमशाद अली के खिलाफ गलत नियत से प्राइवेट पार्ट्स को छूने और गलत हरकत करने का आरोप लगाते हुए बरहेट थाना में आवेदन दिया है। जहां बरहेट पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेते हुए पूछताछ कर रही हैं। वही इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि पुलिस मामले में गंभीरता से आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है जहां जांचोपरांत विधि सम्मत आरोपी के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। उधर इस मामले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में इस प्रकार की घटना घटित होने को लेकर तीखे सवाल खड़े किए हैं।

ओपी थाना परिसर में बालमित्र कक्ष का थाना प्रभारी एवं डीसीपीओ ने किया उद्घाटन

साहिबगंज- जिरवाबाड़ी ओपी थाना परिसर में बाल मित्र थाना कक्ष का विधिवत उद्घाटन ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद एवं जिला बाल कल्याण पदाधिकारी पूनम कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान जिला बाल कल्याण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि लापता हुए बच्चों एवं वैसे बच्चे जो किसी भी तरह के शोषण का शिकार हो रहे हैं उनके लिए यह बालमित्र कक्ष काफी लाभदायक साबित होगा। वही छोटे बच्चों के अधिकार के बारे में उन्हें जागरूक करने की दिशा में विभिन्न तरह के अवेयरनेस कार्यक्रम क्षेत्र के सभी स्कूलों में चलाया जाएगा। वही छोटे-छोटे बच्चों को उनके अधिकार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। इस बालमित्र कक्ष के उद्घाटन के दौरान ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद, जिला बाल कल्याण पदाधिकारी पूनम कुमारी, बालमित्र थाना प्रभारी प्रीतम रंजन, बाल कल्याण समिति सदस्य सुरेंद्र नाथ तिवारी, पीएलबी रेणुका प्रसाद समेत ओपी थाना के कई पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक पर हुआ केस दर्ज़

साहिबगंज- बरहेट प्रखंड के बाबूपुर पंचायत से एक अप्रिय घटना प्रकाश में आई है जहां उच्च विद्यालय पंचकठिया की नाबालिक छात्रा ने विद्यालय के शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इसी संबंध में पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए छात्रा के पिता द्वारा दर्ज़ किये गए एफआईआर के आलोक में आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया। वही संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई है कि उक्त आरोपी शिक्षक को मामले के संज्ञान होने के पश्चात ही पॉक्सो एक्ट के तहत हिरासत में ले लिया गया है तथा आरोपी पर संबंधित धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है। वहीं छात्रा को चाइल्ड लाइन वेलफेयर कमेटी में बयान के लिए भी भेजा गया है। इस आलोक में उपायुक्त रामनिवास यादव ने भी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा अधीक्षक को जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है जबकि कहा है कि ऐसे मामलों को जिला एवं पुलिस प्रशासन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा ने भी कहा है कि ऐसे मामलों पर पुलिस सख़्त से सख़्त कार्यवाही करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रखंड स्तरीय सुबर्तो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

बोरियो- खेलो झारखंड के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना साहेबगंज के प्रखंड संसाधन केंद्र की ओर से जिरूल मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय सुबोर्तो मुखर्जी कप फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ बीपीओ राजेश्वरी प्रसाद सिन्हा एवं अटल बिहारी भगत के द्वारा किक मार कर किया गया। जहां अंडर-17 बालिका वर्ग के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बोरियो व प्रोजेक्ट कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय बोरियो के बीच खेला गया जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ने 2 गॉल से विजेता हुए और अंडर 17 बालक वर्ग के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रंगमटिया व प्लस टू आर के उच्च विद्यालय बोरियो के बीच खेला गया जहां प्लस टू आर के उच्च विद्यालय बोरियो 2 गॉल से विजय हुए। विजेता एवं उप विजेता टीम को बीपीओ राजेश्वरी प्रसाद सिन्हा एवं बीपीओ अटल बिहारी भगत तथा कार्यक्रम नोडल बमबम कुमार के द्वारा मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वही विजेता टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। मौके पर सीआरपी दिनेश प्रसाद तांती, बीआरपी रामजीत मुर्मू, रेफरी पौलुस टुडू, अनिल टुडू, शिक्षक दिलीप प्रजापति, अनिता कुमारी, जेठा टुडू सहित अन्य मौजूद थे।

लौटरी अवैध लौटरी मामले के नामजद अभियुक्तो द्वारा जारी है काला कारोबार

अवैध लौटरी माफिया की गिरफ्तारी के बाद बरहरवा में कारोबार धड़ल्ले से जारी

बरहरवा- जिला अंतर्गत अवैध लौटरी के काले कारोबार पर प्रतिबंध लगाने के लिए जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन लगातार कार्यवाहियां कर रही हैं परन्तु इसके बाद भी इस कारोबार से जुड़े गुप्त एजेंटो और डिस्ट्रीब्यूटर लगातार अवैध लौटरी का कारोबार संचालित किए हुए है। वही बीते दिनों अवैध लौटरी कारोबार के मुख्य माफिया मुज्जमिल शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, परन्तु उसके गुर्गे अब भी क्षेत्र में खुलेआम इस काले कारोबार को हवा दे रहे है। **बरहरवा के घोडायपोखर और चंडीपुर बना सेफ जोन-** वही बरहरवा थाना क्षेत्र के घोडायपोखर एवं चंडीपुर अवैध लौटरी कारोबारियों के लिए अब पूरी तरह से सेफ जोन बन चुका है। वही गुप्त सूत्रों के अनुसार वर्तमान में अवैध लौटरी मामले में राधानगर थाना में दर्ज प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त छोटन साहा और उनके सहयोगियों द्वारा प्राइवेट स्कार्पियो वाहन एवं टोटो के माध्यम से अवैध लौटरी की तस्करी कर घोडायपोखर व चंडीपुर में विस्थापित कर वहीं से अपने एजेंटो के माध्यम से कारोबार का संचालन कर रहे हैं। जहां बरहरवा नगर मुख्य बाजार, हाटपाड़ा, रिलांयस पेट्रोल पंप, कुशवाहा टोला, राजमहल बस स्टैंड, सिनेमा हॉल रोड, मस्जिद चौक, पतना चौक जैसे इलाकों में स्कूटी व साइकिल द्वारा वितरण कर गरीब व छात्रों को रातोंरात अमीर बनने के सपने दिखाकर कंगाल कर रहे है। वहीं पुलिस को खुलेआम चुनौती देकर कानून को मजाक बनाने वाले इन कारोबारियों पर शिकंजा कसना एक चुनौती साबित हो रही है जबकि छोटन साहा के अलावा प्राथमिकी में दर्जनों नामजद अभियुक्त वर्तमान में अवैध लौटरी का कारोबार धड़ल्ले से कर रहे है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञात हो की बीते दिनों गिरफ्तार अवैध लौटरी के माफिया मुज्जिमल शेख के निशानदेही पर लगभग 3 लाख रुपये की अवैध लौटरी की बरामदगी पुलिस ने की थी। इसी मापदंडों के आधार पर बरहरवा में विभिन्न छोटे बड़े गुर्गे विस्थापित है जो अवैध लौटरी की खेफ तस्करी कर लाते है और थोड़े थोड़े मात्राओं में घरों में छुपाकर रखते है और बाजार एवं आसपास के इलाकों में कारोबार को संचालित करते है। वहीं कई ऐसे लौटरी के एजेंट है जिसका पूरा परिवार इस कारोबार में शामिल है। जहां बीते दिनों रंगे हाथ धराये घोडायपोखर के आसपास के निवासी अर्जुन साहा और उनके सुपुत्रों द्वारा इस कारोबार को जेल से छूटने के बाद पुनः संचालित कर चुके है जो रिलांयस पेट्रोल पंप के आसपास घूम घूम कर लौटरी को बेचते है साथ ही अपने सुपुत्रों द्वारा पतना चौक, मोदीकोला, बरहेट इत्यादि स्थानों में तस्करी रोजमर्रा का कार्य बन चुका है। वहीं राधानगर थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही अवैध लौटरी के नामजद अभियुक्तो व उनके गुर्गो को पुलिस अपने शिकंजे में ले लेगी इस प्रकार के कारोबार को इलाके में कोई भी हो बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा।

सावित्रीबाई फुले योजना के तहत सरकंडा विद्यालय में लगा विशेष कैंप

राजमहल- प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घाटजमनी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय सरकंडा में शुक्रवार को सेविका मधु कुमारी के नेतृत्व में किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने को लेकर विद्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर के माध्यम से विद्यालय के सौ से भी अधिक छात्राओं का आवेदन जमा लिया गया। वही छात्राओं को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए विद्यालय के शिक्षक व सहियाओ ने आवेदन लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता संजय मंडल ने बताया झारखंड सरकार द्वारा अपने राज्य की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को आरंभ किया है। इस योजना के तहत 8वीं एवं 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली लाभार्थी लड़कियों को 2500 रुपए और 10वीं, 11वीं और 12वीं में पढ़ने वाली को ?5000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा 18 साल की आयु पूरी कर लेने के बाद लाभार्थी बालिकाओं को ?20000 का एकमुश्त अनुदान भी दिया जाएगा। वही एकमुश्त अनुदान की राशि को बालिकाएं अपनी उच्च शिक्षा या शादी में इस्तेमाल कर सकती है। वही मौके पर आंगनबाड़ी सेविका मधु कुमारी, आशा साहू, नीलम साह, बेबी देवी, अंजली देवी, पिंकी देवी, उषा देवी, सांत्वना देवी, सहित शिक्षक हिमांशु झा, रुपेश चौरसिया, उज्ज्वल चौरसिया, संजय मंडल व अन्य उपस्थित थे।

ख़ास ख़बर

वृहद पौधरोपण का हुआ शुभारंभ

गोंडा ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर/ पंडरी कृपाल ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा बिशुनपुर बैरिया में पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रेयस्कर देव उर्फ गौरव सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र व जूनियर हाई स्कूल परिसर में पौधारोपण कर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रेयष्कर देव उर्फ गौरव सिंह ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है। अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं तो अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर वातावरण को शुद्ध कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पौधा लगाने के कुछ साल बाद पेड़ का स्वरूप लेते है। जिससे वह हमें ऑक्सीजन देने और कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करके वातावरण को शुद्ध रखते है। पेड़-पौधे प्राकृति का अनमोल तोहफा हैं जो धरती पर रहने वाले हर जीवों का मूल आधार हैं। इनके बिना हर किसी का जीवन असंभव है। यह चारों ओर अपनी हरियाली बढ़ाकर खूबसूरती तो फैलाते ही हैं, साथ ही यह हमें फल, फूल, लकड़ी, बांस, ईंधन आदि बहुत सी चीजें भी उपहार में ही देते हैं। इंसानी जीव के साथ-साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी इन्हीं पर निर्भर करता है। जूनियर हाई स्कूल विशुनपुर बैरिया के प्रधानाध्यापिका शबाना खान सरिता सिंह पुष्पा चौधरी ने विद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण किया इस अवसर पर बीडीसी विशुनू यादव, राम कुमार द्विवेदी, मोहसीन खान, जेपी वर्मा सहित अन्य लोग वृक्षारोपण में शामिल रहे।

ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा गोण्डा में वृक्षारोपण किया गया

गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ वृक्षारोपण जन अभियान 2023 के प्रथम दिवस पर आज मा0 ऊर्जा राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन सोमेंद्र तोमर व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा आज दिनांक 22-07-2023 को बलरामपुर चीनी मिल्स की मैजापुर इकाई के परिसर में वृक्षारोपण किया गया। बलरामपुर चीनी मिल्स की मैजापुर इकाई द्वारा इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में कुल 2000 पौधों को रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन रेंज अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण व परिस्थितिकी संतुलन के बारे में वार्ता कर लोगों को जागरूक किया एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण करने हेतु आमजनमानस को प्रेरित कर पर्यावरण संरक्षण के लाभों से भी अवगत कराया।इस अवसर पर बलरामपुर चीनी मिल्स मैजापुर इकाई के अधिकारी कर्मचारीगण व किसानजन भी उपस्थित रहे।

डीआईजी देवीपाटन अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कटरा में जनसुनवाई कर कराया गया जनशिकायतों का निस्तारण

गोंण्डा ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर/ पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा में जनसुनवाई की गयी। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा सर्वसम्बन्धित को शिकायतों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की मेरा गोण्डा मेरी शान अभियान की शुरुआत

जनपद को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए शुरू किया विशेष अभियान

गोंण्डा ब्यूरो शुभ भास्कर आवेश अंसारी/ जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए मेरा गोण्डा मेरी शान अभियान की शुरुआत की है। डीएम ने शनिवार को फेसबुक लाइव के माध्यम से जनपदवासियों को सम्बोधित कर इसकी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने सभी जनपदवासियों से आगामी 15 अगस्त तक संचालित स्वच्छता के इस महाभियान से जुड़ने और अपने जनपद को साफ और स्वच्छ बनाने में योगदान करने की अपील भी की। गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग दें जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शनिवार सुबह डीएम गोण्डा के फेसबुक पेज @gondadm के माध्यम से जनपदवासियों को सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि मेरा गोण्डा मेरी शान अभियान जनभागीदारी के साथ जनपद को स्वच्छता में नंबर वन बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि निकाय में नियमित रूप से प्रातः 05 से 08 बजे तक साफ-सफाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त मुख्य बाजारों, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, सांस्कृतिक एवं पर्यटक स्थलों पर दैनिक रूप से सांयकाल द्वितीय पाली में सफाई का

कार्य कराए जाने के साथ ही कूड़े का उठान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने जनपद वासियों से घरों में गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग कर इकट्ठा करके देने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल से कूड़े के समुचित निस्तारण में सहयोग मिलेगा। नालों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को नालों/नालियों की सफाई के लिए भी विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों को ठीक कराने एवं उनके अनुरक्षण व संचालन के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित करते हुये सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर नियमित रूप से दिन में एण्टीला स्प्रे का छिड़काव करने तथा शाम के समय फॉगिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में सहयोग करें जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 15 अगस्त को संचालित इस अभियान के अंतर्गत जनपद वासियों को प्रतिबंधित सिंगल उस प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसका स्तेमाल करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जनसामान्य के मध्य प्रतिबन्धित प्लास्टिक उपयोग के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्लास्टिक कैरीबैग के स्थान पर अन्य विकल्पों यथा जूट बैग, कपड़ों का बैग इत्यादि का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नगरीय निकायों में विशेष अभियान चलाकर पार्कों, सड़कों, फुटपाथों एवं पार्किंग क्षेत्रों में से अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने जनपद वासियों से इसमें सहयोग करने की अपील की है। कूड़े के ढेर खत्म, होगा सौंदर्यीकरण जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सौंदर्यीकरण को भी इस अभियान में शामिल किया गया है। शहर के मुख्य स्थलों पर वॉल म्युरल्स तथा वॉल पेन्टिंग का कार्य विभिन्न थीम के आधार पर कराये जायें। यह कार्य बारिश के बाद शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, गार्बेज बर्नेबल प्वाइन्ट को शत-प्रतिशत समाप्त करते हुए उक्त स्थलों का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। सरकारी दफ्तरों के लिए स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा सरकारी कार्यालयों को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए जिलाधिकारी की ओर से स्वच्छ कार्यालय प्रतिस्पर्धा का आयोजन किए जाने का फैसला लिया गया। फेसबुक लाइव कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य सरकारी कार्यालय में पहुंचने वाले जनपद वासियों को साफ और स्वच्छ माहौल उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत मासिक स्तर पर सभी सरकारी कार्यालयों की समीक्षा की जाएगी।

सीएम योगी के प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण के पवित्र संकल्प में अपनी-अपनी हिस्सेदारी निभानी है- कृषि मंत्री

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या। योगी सरकार द्वारा पौधरोपण अभियान 2023 के द्वारा निर्धारित लक्ष्य 35 करोड़ पौधारोपण के पूर्ति हेतु जनपद में निर्धारित लक्ष्य 41.33 लाख के पौधरोपण के प्रथम चरण का कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा पावन सरयू तट पर राजघाट के निकट नन्दन वन का विधिवत पूजा पाठ करके पौधरोपण अभियान 2023 का शुभारम्भ किया तथा सभी ने नन्दन वन में पौधे रोपित किये। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि सीएम योगी के प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण के पवित्र संकल्प में अपनी-अपनी हिस्सेदारी निभानी है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान 2023 पौधरोपण के लिए जनपद अयोध्या को 41.72 लाख का लक्ष्य शासन द्वारा प्राप्त हुआ है, जिसके प्रथम चरण में आज 34.38 लाख पौधों का रोपण सम्पूर्ण जनपद में किया जा रहा है तथा शेष 6.33 लाख पौधों का रोपण द्वितीय

चरण में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाली के साथ साथ जल संरक्षण करने तथा बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने हेतु वृहद पैमाने पर पौधरोपण जरूरी है। भावी पीढ़ी को यदि बचाना है तो वृहद स्तर पर पौधोरोपण करें।

उन्होंने उपस्थित बच्चों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी लोग आज के दिन एक-एक पौधा अवश्य लगायें तथा अपने माता-पिता भाई बहन तथा आसपास के सभी लोग तथा सभी सरकारी कर्मचारी इस अभियान में कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगायें तथा मुख्यमंत्री योगी के पवित्र संकल्प जनसहभागिता के साथ सभी लोग मिल करके पूरा करें। अधिक से अधिक वृक्ष रोपित करने से प्रकृति मजबूत होगी- जिलाधिकारी इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग पौधों को रोपित करने के साथ साथ उन्हें बड़े होने तक संरक्षित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जनपद में आज प्रथम चरण के पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ हुआ है। अभियान के दूसरे चरण में 15 अगस्त 2023 को रामपुर हलवारा में स्थित डेढ़ सौ एकड़ भूमि पर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि तहसील रूदौली में 80 हेक्टेयर भूमि पर जनपद के पहले जैव विविधता पार्क के निर्माण की शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है,शीघ्र ही इसको विकसित करने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा तथा इसे भविष्य में एक और जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बार पौधरोपण अभियान जनपद में कृषक भाईयों को भी उनकी मांग के अनुरूप पर्याप्त पौधे उपलब्ध कराये गये है तथा इस वर्ष पशु पक्षियों एवं जीव जन्तुओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये बनीकरण में फलदार पौधे ही अधिक लगाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि बच्चें यहां से जाकर प्राप्त पौधों को स्वयं रोपित करें तथा लोगों को पौधरोपण हेतु प्रेरित कर इस अभियान को सफल बनायें।

वृक्ष प्राकृतिक संतुलन के लिए अति आवश्यक- सांसद लल्लू सिंह

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लोकसभा अयोध्या क्षेत्र में आने वाली बीकापुर तहसील की दो सड़कों का शिलान्यास किया।

जिसमें जलालपुर से तारुन रोड़ वाया बल्ली वासुदेवपुर 6 किमी व बीकापुर इनायतनगर रोड वाया देवसिया पारा 6.90 किमी शामिल है। इसके साथ में सांसद भाजपा द्वारा चलाये जा रहे वृहद पौधरोपण जनअभियान के तहत बिबियापुर

मंडल नंदीग्राम में स्थित पिशाचमोचन कुंड में आयोजित कार्यक्रम में सम्मलित हुए। यहां उन्होने पौधरोपण करके कार्यक्रम की शुरुवात किया।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अच्छी सड़के किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। आवागमन की अच्छी सुविधा होने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। किसानों को अपनी फसल एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सुगमता होती है। जिससे वह अपेक्षित स्थल पर अपनी फसल आसानी से पहुंचा सकते है। इससे उनके आय में बढ़ोत्तरी होती है। वहीं सड़कों के होने से रोजगार सृजन भी होता है। बाजारों के व्यापारियों का भी इससे लाभ होता है। गांवों को बेहतर आवगामन सुविधा के द्वारा मुख्यमार्गो से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है। जहां सड़कें खराब है वहां मरम्मत तथा चौड़ीकरण किया जा रहा है।

विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को दी जाये एक पौधा बड़ा करने की जिम्मेदारी- राज्यमंत्री

गोंण्डा ब्यूरो शुभ भास्कर आवेश अंसारी/ प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था। उसी क्रम में जनपद गोंडा में 40 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य मिला। गोण्डा के करनैलगंज में श्री राम जानकी मंदिर सकरौरा घाट, आयुष वन में राज्यमंत्री उर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश सोमेन्द्र तोमर की गरिमामयी उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम की नोडल अधिकारी कंचन वर्मा महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौजूद रही। वहीं कार्यक्रम के दौरान वहां पर उपस्थित विद्यालयों के छात्र-छात्रायें एनसीसी, स्काउट एण्ड गाइड सहित अन्य बच्चों को भी पौधों का वितरण माननीय राज्यमंत्री, नोडल अधिकारी, विधायकगण, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया गया। राज्य मंत्री ने इस मौके पर कहा कि आज के विशेष अभियान में जितने भी पेड़ लगाए गए है, उन सभी पेड़ों को जिंदा रखा जाए उनकी समय से देखभाल हो। समय-समय पर अधिकारी भी उसकी देख-रेख करते रहे। उन्होंने कहा प्रत्येक विद्यालय के एक छात्र एवं छात्रा को पौधे लगाने की जिम्मेदारी दे दी जाए और सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जितना अधिक वृक्षारोपण होगा वातावरण उतना ही सुंदर होगा। उन्होंने लोगों से फलदार छायादार औषधीय वृक्ष लगाने की भी अपील की। इस मौके पर मौजूद नोडल अधिकारी ने भी सभी अधिकारियों कोछज निर्देश दिए कि इस वृहद अभियान में जो पौधे लगाए गए हैं उनके सुरक्षा हेतु पर्याप्त इंतजाम किये जायें। सभी पौधों की जियो टैगिंग हो उनको पर्याप्त मात्रा में खाद पानी भी उपलब्ध कराया जाए इस मौके पर नोडल अधिकारी श्रीमती कंचन वर्मा, महानिरीक्षक निबन्धन उ0प्र0, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, मा0 विधायक करनैलगंज अजय सिंह, मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव पूर्वी, जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली, वन संरक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, उपजिलाधिकारी करनैलगंज विशाल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नवीना शुक्ला, एसडीईएओ वन विभाग सुदर्शन, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्रशेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका करनैलगंज, जिला अध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप, अन्य सभी जनप्रतिनिधिगण, संबंधित विभाग के अधिकारीगणों द्वारा पौधे लगाए गए।

पुलिस अधीक्षक के सख्त ऐक्शन पर मोबाइल लूट गैंग के 02 सदस्य गिरफ्तार

गोंण्डा ब्यूरो शुभ भास्कर आवेश अंसारी/ पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वाहन चोरी लूट में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के आदेश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षो को दिये थे।उक्त आदेश के अनुक्रम में थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर लूट करने के 02 आरोपी अभियुक्तों- 01. अभिषेक कुमार सिंह, 02. उत्कर्ष आनंद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के 07 अदद मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तगणों ने दिनांक 20.07.2023 को वादिनी गुड्डा पत्नी नसीम निवासी दुर्जनपुर का थाना वजीरगंज हाल पता धोबहा रघुराज नगर टिकरी के लड़के के साथ वीरेपुर बाजार के पास मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा मोबाइल लूट की घटना को स्वीकार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने किया पौधरोपण

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इन विचारों को आत्मसात करते हुए आज 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' थीम पर प्रारंभ हो रहे 'पौधरोपण जन अभियान-2023' के अंतर्गत जिला पंचायत के विद्यालय खजुराहट स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में दो हजार पौधों को लगने का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत रोली सिह ने अपने प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित के साथ किया अतः पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थिति की संतुलन को सुनिश्चित करते इस ईश्वरीय कार्य में आप सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।आप सभी से अपील है कि कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और इस लोक-कल्याणकारी मुहिम को सफल बनाएं।इसी तरह जिला जिला पंचायत द्वारा निर्मित अमृत सरोवर महोली पर अध्यक्ष जिला पंचायत अयोध्या रोली सिंह विधायक बीकापुर अमित सिंह चौहान व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने पौधरोपण किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अयोध्या भाजपा कृष्ण कुमार पाण्डेय उर्फ खुन्नू सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, सोहावल ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार प्रियदर्शी,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सोहावल सर्वेश सिंह चौहान बलराम पाठक राजा सिंह चौहान नन्द कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि अवधेश कुमार सिंह सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया

इफको द्वारा नैनो उर्वरकों पर आधारित जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी/ इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड द्वारा नैनो उर्वरकों पर आधारित जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज दिनांक 22 जुलाई 2023 को विकास भवन गोंडा में संपन्न हुआ । प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि अवधेश कुमार सिंह सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया । श्री सिंह ने प्रतिभागी कृषकों से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का प्रयोग राष्ट्रहित में है। प्रेम कुमार ठाकुर उप कृषि निदेशक ने बताया कि मिट्टी में जीवांश कार्बन की मात्रा काफी कम है। इसकी पूर्ति के लिए हरी खाद अपनाएं तथा संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें । यूरिया की टॉप ड्रेसिंग के स्थान पर नैनो यूरिया का पर्णीय छिड़काव बेहद लाभकारी है। अरविंद प्रकाश उपायुक्त एवं उपनिबंधक

सहकारिता देवीपाटन मंडल ने मंडल में सहकारिता आंदोलन एवं सहकारिता द्वारा कृषक हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। जसवीर सिंह उप महाप्रबंधक विपणन इफको ने इफको के नये उत्पादों नैनो यूरिया, नैनो डीएपी आदि की विपणन नीति एवं भविष्य की कार्य योजना एवं रणनीति की जानकारी दी।

डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान केवीके मनकापुर ने इफको नैनो यूरिया एवं इफको नैनो डीएपी के फसलों में प्रयोग एवं महत्व, डॉ. हरपाल सिंह ने खरीफ फसलों में उर्वरक प्रबंधन एवं फसलों में सम सामयिक कार्य, अशोक कुमार सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी।जगदीश प्रसाद यादव जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि डीएपी आदि रासायनिक उर्वरकों पर भारत सरकार काफी मात्रा में सब्सिडी दे रही है ।

नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग से सब्सिडी देने की जरूरत नहीं होगी।जनपद को लगभग एक हजार करोड़ रुपए की बचत होगी । सुनील कुमार सिंह जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग एक लाख के क्षेत्रफल में गन्ना की खेती की जाती है।गन्ना में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिड़काव बेहद लाभकारी होगा।उपेंद्र पटेल टीएमई इफको एमसी अयोध्या ने इफको एमसी रसायनों का फसल उत्पादन में महत्व की जानकारी दी ।डॉ. डीके सिंह मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक इफको ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रशिक्षण का उद्देश्य, उपयोगिता, नवीनतम उर्वरक बिक्री पद्धति की आवश्यकता एवं उर्वरकों के वैज्ञानिक भंडारण की जानकारी दी ।कृषक प्रश्नोत्तरी में विजेता कृषकों संतोष कुमार दुबे, अंजनी त्रिपाठी आदि को इफको एनपीके,नैनो यूरिया, नैनो डीएपी आदि निशुल्क वितरित किए गए।प्रशिक्षण में बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों के सचिव, अध्यक्ष एवं प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग कर नैनो उर्वरकों पर आधारित तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

मणिपुर की सरकार ने मानवता को किया शर्मसार- सरोज यादव

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या। समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने कहा कि मणिपुर प्रदेश करीब ढाई महीने से हिंसा की आग में झुलस रहा है। मणिपुर में मानवता को शर्मशार कर देने वाला एक वीडियो सामने आया है इसमें दरिंदगी से बहनों को निर्वस्त्र कर पूरे इलाके में घुमाते रहे,महिलाए मदद की गुहार लगाती रही लेकिन कोई मदद को नहीं आया

इस अत्याचार दुराचार के विरोध में गुलाब बाड़ी से चौक तक कैंडल मार्च निकालते हुए सरोज यादव ने कहा की यह डबल इंजन की सरकार महिलाओं का वोट तो लेना जानती है लेकिन उनकी सुरक्षा, उनके आत्मसम्मान की कोई परवाह नहीं है आज जिस तरह से मणिपुर में हो रहा है देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मौन होकर तमाशा देखने का काम कर रहे हैं ऐसी सरकार को तत्काल प्रभाव से हटाकर राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए, जो सरकार महिलाओं की आन-बान-शान की रक्षा न कर सके ऐसी सरकार नहीं चाहिए । समाजवादी जिला महिला सभा अयोध्या मणिपुर सरकार से इस्तीफा की मांग करती है।

15 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से हुई मौत

विधायक ने मौके पर पहुंच कर शोक संतृप्त परिवार को बंधाया ढांढस
4 लाख आर्थिक सहायता दिलाने का दिया आश्वासन

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या /रुदौली-अयोध्या। रुदौली कोतवाली अंतर्गत शुजागंज चौकी क्षेत्र के नयापुरा गांव मजरे ग्राम पंचायत सड़री निवासी एक युवक की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई । ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से खोज निकाला गया । जानकारी के अनुसार शुजागंज चौकी क्षेत्र के नयापुरा गांव मजरे ग्राम पंचायत सड़री निवासी हरीश कुमार पुत्र सत्यनाम उम्र 15 वर्ष घर नयापुरा से अपने बाबा को खाना देने के लिए घर निकाला था की नदी किनारे पैर फिसल जाने से नदी की धारा में डूबने लगा वह अपने जानवरों को चारा रहे ग्रामीणों ने देख लिया जिसे नदी में कूद कर बचाने की कोशिश किया लेकिन जीवित नहीं बचा सके । मृतक के पिता ने बताया कि मेरे पिता रामलाल जानवरों को लेकर नदी चराने गए थे की उन्हें ही खाना गया था कि नदी किनारे पैर फिसल गया जिससे नदी में डूबने लगा गांव के ही नकछेद ने बचाने की कोशिश किया लेकिन बहाव तेज होने से जीवित नहीं बचा सके किसी प्रकार शव ही मिल गया हमारे तीन पुत्रों में माझिल पुत्र था जो सहारा था आज छोड़ गया । पिता तथा परिवार जनों का रो रो कर बूरा हाल था। पूरे गांव मे शोक था । इस सम्बन्ध में चौकी इंचार्ज विनय कुमार यादव ने बताया कि पंचनाम भार कर पी इ एम के जिला भेजवाया जा रहा है । घटना की जानकारी होते ही विधायक रामचंद्र यादव घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के स्वजनों को ढांढस बंधाया। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने एसडीएम अंशुमान सिंह को मृतक के स्वजनों को दैवीय आपदा के तहत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए।

ख़ास ख़बर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री का किया स्वागत, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/ झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को जामताड़ा परिसदन पहुंचे । जहां कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने उनका स्वागत किया। मौके पर हरिमोहन मिश्रा ने जिला के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा की। जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री से इस ओर गंभीरता पूर्वक ध्यान देने का आग्रह किया। इसके अलावा संगठन को लेकर दोनों के बीच लंबी बातचीत हुई। जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने जिला में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने की मांग की। विदित हो कि औपचारिक मुलाकात के बाद स्वास्थ्य मंत्री नाला विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर के लिए रवाना हो गए। जहां कैंसर के इलाज को लेकर जिला को ट्रीटमेंट सेंटर का सौगात दिया। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सहित विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक चमेली देवी भी उपस्थित थी।

वन विभाग ने महेशमुंडा में छापामारी कर अवैध लकड़ी लदा वाहन किया जप्त

दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला (जामताड़ा)/गुप्त सूचना के आधार पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अजिंक्य बनकर देवीदास के नेतृत्व में शुक्रवार देर शाम को छापामारी के दौरान लकड़ी लदा वाहन जब्त किया गया। इस संबंध में रेंजर रामचंद्र पासवान ने बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी अजिंक्य बनकर देवीदास के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर महेशमुंडा के समीप छापामारी की गई। इस दौरान 23 बोटा अवैध लकड़ी लदा हुआ वाहन जप्त किया गया है। बताया गया कि शीशम का 6, चोड़रा का 3 तथा पीपल का 14 बैठा जप्त किया गया है। इसके अलावा वाहन चालक तथा उप चालक को भी पकड़ा गया है। इस संबंध में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है । छापामारी के दौरान वन रक्षी दुर्गा किस्कु, विजय मरांडी सहित 1 अन्य सुरक्षा कर्मी आदि मौजूद थे।

बिहार में पदस्थापित एसडीओ के घर से चोरों ने हजारों के जेवरात पर किया हाथ साफ



दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/ मधुपुर शहर के चित्रगुप्त कॉलोनी में अज्ञात चोर ने बिहार में पदस्थापित एसडीओ के घर हजारों की जेवरात चोरी कर ली है । एसडीओ नीरज सिन्हा बिहार के वैशाली जिले के मन्हार अनुमंडल में पदस्थापित है । चोर मुख्य द्वार का दीवार फांदकर अंदर घुसे । ग्रिल और गेट में लगे ताला तोड़कर कमरा में प्रवेश किये। घर के ऊपरी फ्लोर के कमरे में रखे अलमीरा के लॉकर को तोड़ा । लॉकर में रखे जेवरात को चुराया । गृह स्वामी घर पर नही थे। गृह स्वामी प्रदीप सिन्हा अपने पुत्र एसडीओ नीरज सिन्हा के यहाँ गए थे। उनकी पत्नी भी बिहार में एसडीपीओ के पद पर पदस्थापित है। घटना की जानकारी मिलने पर गृहस्वामी के मामा मुरारी सिन्हा ने इसकी सूचना थाने को दिया । चोर के द्वारा कितने का आभूषण चुराया गया है । घर के लोग आने पर ही इसका मूल्यांकन करेंगे । तभी पता चलेगा कि कितने का आभूषण चोरी हुई है । सूचना पर मधुपुर एसडीपीओ विनोद रवानी,थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा घटनास्थल पहुँच कर जांच पड़ताल किये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

प्राइवेट नर्सिंग होम के चिकित्सक न्यूनतम 300 रुपया लेकर ओपीडी में करे मरीज का ईलाज- मंत्री हफीजुल हसन

बैठक में मंत्री ने सभी निजी क्लीनिक और पैथोलॉजी के संचालक से अनुरोध करते हुए

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/ शनिवार को स्थानीय विधायक सह अल्पसंख्यक कल्याण ,खेल और राजस्व मंत्री हाफिज उल हसन की अध्यक्षता में अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में स्वास्थ्य संबंधी समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मधुपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत संचालित सभी निजी क्लीनिक और जांच घर के संचालक, सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। सर्वप्रथम जिला के सिविल सर्जन डॉ जुगल किशोर चौधरी के द्वारा मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बैठक में सिविल सर्जन ने कहा कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत सभी निजी क्लीनिक और पैथोलॉजी को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। प्रत्येक वर्ष रजिस्टर्ड नर्सिंग होम का रिन्यूअल होना चाहिए ।बैठक में 16 नर्सिंग होम और पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन के कागजात अनुपलब्ध थे, जिसे गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन ने स्पष्टीकरण करने को कहा। अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल ने 1 सप्ताह के अंदर सभी निजी क्लीनिक और पैथोलॉजी को रजिस्ट्रेशन और रिनुअल की प्रक्रिया पूरी करने को कहा। वही अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालक बिना रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड ना करें । बैठक में मंत्री ने सभी निजी क्लीनिक और पैथोलॉजी के संचालक से अनुरोध करते हुए कहा कि गरीब गुरुवा का इलाज उचित फीस लेकर ही करें। उन्होंने प्राइवेट नर्सिंग होम के चिकित्सकों से न्यूनतम 300 रुपया लेकर ओपीडी में मरीज को चिकित्सीय लाभ देने का अनुरोध किया। कहा कि हेमंत सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति गंभीर हैं ।सर्पदंश से किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं होनी चाहिए ।अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के संबंध में कहा कि अस्पताल परिसर में ही इसके संचालन के लिए विभाग विचार कर रही है। ब्लड स्टोरेज यूनिट से लोगों को काफी फायदा मिल रहा है मात्र 15 दिन में ही करीब 8 थैलेसीमिया पीड़ित मरीज सहित 25 मरीज को ब्लड दिया गया। उन्होंने निजी चिकित्सकों से बेहतर नर्सिंग होम खोलने का अनुरोध किया ।कहा कि मैं हर कदम पर आप लोगों के साथ हूं सिर्फ बीमारी से किसी की जान नहीं जानी चाहिए, ऐसी व्यवस्था चिकित्सक करें। अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर मरीज को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके इसके बारे में मार्गदर्शन दिया। कहा कि ब्लड स्टोरेज यूनिट का मधुपुर में खुलना मंत्री जी के प्रयास का ही नतीजा है। लोग अब देवघर का चक्कर नहीं लगा रहे हैं।आसानी से अस्पताल से ही ब्लड मुहैया कराया जा रहा है।मंगलवार और शनिवार को ब्लड डोनेशन ऑन व्हील्स अस्पताल परिसर में मौजूद रहता है। लोग स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं वही डोनर को भी रक्तदान करने की बात बैठक में कहा गया। मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ रंजन सिन्हा, कार्यपालक दंडाधिकारी विनय पांडे, डा आशा, डॉक्टर इकबाल अंसारी, डॉक्टर रमेश कुमार, डॉक्टर मोहम्मद आरिफ, डॉ गोपाल प्रसाद, मौके पर स्वास्थ्य प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद, ग्रामीण प्रतिनिधि मोहम्मद अली सांसद प्रतिनिधि राजेश दुबे, युगल यादव, मीडिया प्रभारी समीर आलम समेत अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक और प्राइवेट नर्सिंग होम के चिकित्सक मौजूद थे।

मधुपुर थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/देवघर/मुहर्रम पर्व को लेकर मधुपुर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। थाना क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा के सदस्यों समेत प्रतिनिधियों और दर्जनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन मुख्य रूप से मौजूद रहे उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाएं। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा के पर्व के दौरान शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और स्थानीय लोगों के सहयोग लेने हुड़दंगयू पर नजर रखने आदि पर विचार विमर्श किया गया। वहीं थाना प्रभारी राम दयाल मुंडा ने कहा कि पर्व के दिन हुड़दुम करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व पर पुलिस की गश्ती की जाएगी कर्बला, इमाम बाड़ा समेत जगह-जगह अखाड़े में पुलिस की ड्यूटी रहेगी।बैठक में आए लोगों से पूर्व के दौरान संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पर पैनी नजर रखने और उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी सीओ परमेश्वर कुशवाहा, अस्पताल उपाधिक्षक डा0मो0शाहिद,थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा, जीआरपी थाना प्रभारी बृज नंदन ठाकुर, अभियंता सम्राट सिंह, पुर्व नप अध्यक्ष फैयाज कैसर,हाजी रकिब अंसारी, मो0शाहिद,अरबींद तिवारी, एनुल होदा,जयप्रकाश मंडल, मनोहर दास, कन्नू लाल कन्हैया, मोती सिंह, मो0 शयाम, हाजी अलताफ हुसैन उर्फ बीके, उत्तम भैया, पुर्व नप अध्यक्ष संजय यादव, नप विधायक प्रतिनिधि अरविंद यादव, आदिल रशीद, युगल यादव, बंशी सिंह, शाकिर अंसारी दिनेश्वर किस्कु, मीडिया प्रभारी समीर आलम, जिला परिषद् राजेंद्र दास, समेत अखाड़ा समिति के मुजाबर, उस्ताद व सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़ पहुंची नीति आयोग की सदस्य अर्चना जैन का किया गया सम्मान

ललितपुर। भारत सरकार की नीति आयोग सदासिवश्रीमती अर्चना जैन (राज्यसभा सदस्य दर्जा प्राप्त), महरौनी विकासखंड में सोजना के पास स्थित प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में अपने परिवार के साथ उपस्थित हुई,आपने अरनाथ भगवान के दर्शन करके आराधना की। यहां खुदाई में प्राप्त विशेष कलाकृतियों एवं प्रागैतिहासिक साक्ष्यों का अवलोकन किया। प्रचारमंत्री डॉ सुनील संचय ने बताया कि इस मौके पर श्रीमती अर्चना जैन सदस्य नीति आयोग भारत सरकार ने नवागढ़ तीर्थक्षेत्र के दर्शन, पूजन, अवलोकन किया, गुरुकुल के बच्चों से संवाद किया, बच्चों को भोजन परोसा और उनके मुख्य आतिथ्य में सभा का आयोजन किया गया।आयोजित सभा में आपने कहा कि निश्चित रूप से नवागढ़ एक बहुत बड़ी विरासत रहा है, जहां जैन संतों का आवागम भी होता रहा है। यहां प्राप्त उपाध्याय परमेष्ठी के जिन बिंबों एवं शैलाश्रयों से सिद्ध होता है यहां शिक्षा का विशेष केंद्र रहा होगा। अपने श्री नवागढ़ गुरुकुलम का गहनता से निरीक्षण करके प्रसन्नता व्यक्त की। अपने उद्बोधन में कहा क्षेत्र के निर्देशक जय निशांत भैया ने मुझे कई बार आमंत्रित किया पर आना नहीं हो सका।आज यहाँ आकर ऐतिहासिक सांस्कृतिक अमूल्य विरासत को देखकर अत्यधिक प्रसन्नता और गौरव की अनुभूति हो रही है। यहां की विरासत एवं गुरुकुल देख कर लगा जयनिशांत भैया जी पंचकल्याणक महोत्सव से ज्यादा महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। आपने कहा आज नवागढ़ आकर इतनी प्रसन्नता हो रही है ,शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती। सुनील जैन पति श्रीमती अर्चना जैन ने कहा कि मुझे नहीं लगता था कि नवागढ़ में इतनी विलक्षणता है,मैं हैरान हूं इतने कम समय में सुव्यवस्थित प्रबंधन, संस्थान जय निशांतभैया जी ने खड़ा किया है। मेरा परिवार सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस मौके पर नवागढ़ तीर्थक्षेत्र कमेटी एवं नवागढ़ गुरूकुलम ने श्रीमती अर्चना जैन सदस्य नीति आयोग भारत सरकार का तिलक, माला, श्रीफल, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, साहित्य भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। संचालन महामंत्री वीरचन्द्र जैन नेकौरा ने किया। प्रारंभ में नवागढ़ गुरूकुलम के बच्चों ने मंगलाचरण किया। अर्चना जैन एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया।

रंगारंग कार्यक्रम के साथ सात दिवसीय स्काउट लीडर प्रशिक्षण शिविर का समापन

दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/ मधुपुर शहर के 52 बीघा स्थित ट्रेनिंग पार्क में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सात दिवसीय स्काउट रोवर लीडर प्रशिक्षण शिविर समापन शनिवार को हो गया।एडवांस कोर्स पर ग्रैंड कैंपफायर का आयोजन किया गया।मौके पर प्रिंसिपल मधुस्थली विद्यापीठ बिटन विश्वास, आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज मधुपुर देवनाथ और स्टेशन प्रबंधक मधुपुर एस.के. पाठक उपस्थित थे।कब मास्टर्स, स्काउट मास्टर्स और रोवर स्काउट लीडर्स द्वारा सांस्कृतिक जीवंत प्रस्तुतियाँ शानदार ढंग से प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवा के लिए सर्विस रोवर्स और क्वार्टर टीम के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग देने के लिए स्टाफ सदस्यों और सहायता टीम के सदस्यों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।पोस्ट कोर्स मूल्यांकन की गई । प्रशिक्षुओं ने इन सात दिनों में अपने अनुभव साझा किए। अंत में, सभी स्टाफ सदस्यों ने अपने विचार को रखा । प्रशिक्षुओं को खुद को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। ध्वजारोहण के साथ पाठ्यक्रम समाप्त हुआ मौके पर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर श्यामलाल संजीव सा सुभाषित सरकार मोहम्मद इमरान जीतन कुमार मुकेश कुमार मौजूद रहे।

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत प्रखंड सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)/शनिवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में कार्यपालक अभियंता सह सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जामताड़ा के पत्र के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी के निर्देश पर "स्वच्छ सर्वेक्षण 2023" के तहत प्रखंड के सभी मुखिया एवं जल सहियाओं का कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कुंडहित के द्वारा सभी मुखिया एवं जल सहिया को ओडीएफ प्लस के तहत होने वाला कार्य एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के आवश्यक गतिविधि करने हेतु जानकारी दिया गया प्रखंड समन्वयक रफिक हुसैन ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत सभी प्रकार का विभागीय निर्देश का विस्तृत जानकारी दिया गया। जिसमें ग्राम स्तर पर निर्मित शौचालय का उपयोग, स्कूल, आगनबाड़ी पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम स्तर पर सार्वजनिक स्थानों का स्वच्छता का सभी आयामों को सही करने पर मुखिया एवं जल सहिया को बताया गया। साथ ही थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन में संबंधित ग्राम के सभी मुखिया एवं जल सहिया द्वारा जांच में सहयोग करने हेतु निर्देश दिया गया।

महिला की हत्या कर परिवार के सदस्य हुए फरार

बांका/ कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट/ बांका/जयपुर थाना क्षेत्र के लकरामा पंचायत अर्न्तगत पतलिखा गांव की एक दो बच्चे की माँ चाँदनी देवी उम्र 24 वर्ष के सास सावित्री देवी व पति विजय यादव ने मार कर हत्या कर दी है।साथ ही मृतक के दो बच्चे को लेकर घर से फरार हो गया है। मृतक के दो बच्चे पूजा कुमारी उम्र 05 वर्ष ओर आर्यन कुमार उम्र 03 वर्ष है।मृतक के भाई प्रमोद यादव घर भोक्ताकुरा के फर्द बयान पर पति विजय यादव पिता प्रसादी यादव व सास सावित्री देवी घर पतलिखा थाना जयपुर वाले पर मार कर मौत के घाट उतार देने का आरोप लगा कर आवेदन दिया है।मृतक के भाई प्रमोद यादव ने बताया कि इनकी बहन मृतक चॉदनी देवी ने आज बारह बजे के लगभग मायके वाले को फोन पर बताया था कि पति विजय यादव व सास सावित्री देवी मार पीट कर रही है।जब वह खबर पाकर बहन के ससुराल पतलिखा पहुँचे तो बहन की शव घर में जमीन पर पड़ा मिला और पति,सास ने मृतक के दोनों बच्चे को लेकर फरार हो चुके थे।मृतक के भाई ने बताया की जिजा सराबी था।जो दारू पीकर घर मे लड़ाई करते रहता था। जबकि मृतक का ससुर प्रसादी यादव कलकत्ता में मजदूरी करता है।

कार्यक्रम मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में महिलाओं के यौन संबंधी बीमारियों की जांच एवं उपचार हेतु मशीन का स्वास्थ्य मंत्री ने किया लोकार्पण

दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/ जिले के फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वीमेन डॉक्टर्स विंग आई. एम. ए. झारखण्ड एवं स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वधान में मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा रवीन्द्रनाथ महतो, माननीय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं विधायक जामताड़ा डॉ. इरफान अंसारी एवं अन्य गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।आयोजित कार्यक्रम में झारखण्ड से सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर उन्मूलन हेतु अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। शनिवार को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए लायी गई जननांग सम्बन्धी सूजन की जाँच एवं गर्भाशय ग्रीवा प्री-कैंसर के उपचार की मशीन को सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार राज्य से सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन के लिए गंभीर है। वूमेन डॉक्टर्स विंग ने सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की रोड मैप को बनाने में काफी साथ दिया है और अब हम बहुत जल्द अपने राज्य में सर्वाइकल कैंसर के वैकसिनेशन को शुरू करने के लिए प्रयासरत हैं, साथ ही अब ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन के लिए भी काम शुरू किया गया है। जामताड़ा डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि निश्चित तौर पर यह काफी अच्छा पहल है। फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में यह सुविधा शुरू होने से जिले की महिलाओं को न केवल जननांग सम्बन्धी समस्याओं की बेहतर जांच हो सकती है, बल्कि सर्वाइकल प्री कैंसर का उपचार भी हो सकता है।

स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर समाजसेवी चमेली देवी ने स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने का किया अनुरोध

दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/ शनिवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जामताड़ा परिसदन पहुँचे। उनसे मिलने विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक सह समाजसेवी चमेली देवी जामताड़ा परिसदन पहुँची व जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित एक माँग पत्र सौंपा। आवेदन की जानकारी देते हुए चमेली देवी ने बताया कि पूर्व में राँची पहुँच कर भी इस विषय से उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करवाया था। आज उनके जामताड़ा शहर पहुँचने पर उन्होंने एक माँग पत्र उन्हें सौंपा। जिसमें प्रमुख रूप से उनका ध्यान शहर के इंदिरा चौक पर अवस्थित पुराना सदर अस्पताल भवन की तरफ़ कराया जो उपयोगिता व विभागीय उदासीनता के कारण अनुपयोगी प्रतीत हो रहा। जहां सिर्फ़ टीकाकरण व प्रारंभिक उपचार ही मिल पा रहा था। वही हमारा सदर अस्पताल भी शहरी क्षेत्र से थोड़ी दूर अवस्थित है। अगर उक्त भवन को स्वास्थ्य विभाग जीर्णोद्धार करा कर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के रूप में संचालित कर दे तो शहर वासियों को सहूलियत होगी। वही दूसरी तरफ़ गोविन्दपुर-साहिबगंज हाईवे हमारे जामताड़ा से होकर गुजरता है। जिससे यातायात सुविधाएँ तो बढ़ी है परंतु हाईवे पर आय दिन कई गंभीर दुर्घटनाएँ होती रहती है। एक उच्च स्वास्थ्य सुविधा के नदारद होने के कारण घायलों को धनबाद, राँची जाना पड़ता है। जिससे कइयों को समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण जान गँवानी पड़ती है। वही वर्तमान में झारखण्ड सरकार द्वारा घोषित 48 ट्रामा सेंटर के स्थापना के पहले चरण के 16 ज़िलों में जामताड़ा का नाम न होना दुखद है। जामताड़ा- हाईवे में बढ़ते यातायात के दबाव व वर्तमान स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए अगर इस क्षेत्र में एक ट्रॉमा सेंटर की स्थापना हो जायेंगी तो शहर वासियों के साथ साथ हाईवे से गुजरने वाले लोगो को भी काफ़ी सुविधा मिलेगी और यह ज़िले के स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने में मिल का पत्थर साबित होगा। इसके मद्देनज़र जामताड़ा को एक ट्रामा सेंटर देने की माँग की हूँ। इन सभी माँगों पर स्वास्थ्य मंत्री ने सकारात्मक पहल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

ख़ास ख़बर

आशा के बिना स्वास्थ्य केंद्र अधूरा है

मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/जिले में नौ सूत्री माँगो की पूर्ति हेतु आज ग्यारवाँ दिन भी जिले के सभी प्रखंड स्वास्थ्य केंद्रों पर हड़ताल जारी है।जिले के सदर प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र पर आशा संघ की जिला संयोजिका कॉमरेड उषा सिन्हा के नेतृत्व में हड़ताल का आयोजन किया गया।कॉमरेड सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि आशा को एक हजार का पारितोषिक नहीं दस हजार का मासिक मानदेय देना होगा।आशा के सभी बकाये राशि का भुगतान अविलंब कारण होगा।हमारी नौ सूत्री मांगों की पूर्ति जब तक नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी।आज हमारे हड़ताल का ग्यारहवाँ दिन है ।आशा के हड़ताल से सरकार सकते में है। सरकार को हमारी माँग माननी पड़ेगी।हड़ताल में सुजाता कुमारी,कुमारी अनोखा,विनीता कुमारी,प्रमिला कुमारी, किरण देवी,नीलम कुमारी,आशा देवी,रंजन देवी,कोमल भारती, नूतन झा,बिजली देवी आदि दर्जनों आशा नेत्री ने सहभागिता निभाई ।

बालेश्वर मेहता एवं उनके परिवारजनों को गांव के कुछ लोगों ने मारपीट कर किया जख्मी

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में रतनपुर थानाक्षेत्र के लालमनपट्टी गांव निवासी बालेश्वर मेहता एवं उनके परिवारजनों को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। मारपीट में बालेश्वर मेहता का सिर फूट गया। घटना की वीडियो बनाने के दौरान वीडियो बना रही लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगे तथा मोबाइल छीनकर फेंक दिया। उक्त लोगों ने सरिया, लाठी व फरसा से हमलाकर बालेश्वर मेहता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। परिवारजनों साथ ही परिवार के अन्य लोगों से भी मारपीट की। इस बात की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। जिसके बाद पीड़ित के आवेदन के आलोक में थाने में मामला दर्ज कर ली गई है। पीड़ित बालेश्वर मेहता ने बताया कि शुक्रवार को लालमनपट्टी वार्ड नंबर 14 निवासी रतनलाल मेहता, अनिल मेहता,गीता देवी, जगदीप मेहता, जसमना मेहता आदि ने उनके घर पर हमला बोल दिया और मेरे पुत्र पर इल्जाम लगाने हुए कहा कि तुम्हारा बेटा पुलिस को शराब माफियाओं की सूचना देता है। इसे नहीं छोड़ूंगा। पुत्र को पीटते हुए देख बीच बचाव में मुझ पर भी धारदार हथियार से प्रहार कर मुझे जख्मी कर दिया। इस दौरान उनके घर में बक्सा में रखे नगदी व गले से चांदी के चेन भी छीन लिया। इस घटना के बारे में रतनपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि थाने में कांड अंकित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

थाने में एएसआई सद्दाम हुसैन को दी गई विदाई

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में शनिवार को करजाईन थाना के एएसआई पद पर रहे मो0 सद्दाम हुसैन को क्षेत्रवासियों ने फूलमाला व अंग वस्त्र पहना कर विदाई दी। मौके पर समाजसेवी लाल मेहता ने इनके द्वारा दो वर्ष में किए कार्य की सराहना की। इस अवसर पर देवेंद्र प्रसाद शारदा, प्रदीप कुमार मेहता, महेश आनंद देव, अभिनव कुमार मेहता, अभिषेक कुमार मेहता, संतोष सोनी सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद होकर फूल माला पहना कर विदाई दी।

थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर की गई शान्ति समिति की अहम बैठक

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/जिले के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में शनिवार को आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक थानाध्यक्ष राघव शरण व बीडीओ राजकुमार चौधरी के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बैठक में उपस्थित बीडीओ राजकुमार चौधरी ने कहा कि आगामी 29 जुलाई को मुसलमानों का मुख्य पर्व मुहर्रम है जिसमें प्रखंड में विभिन्न जगहों पर मोहर्रम का जुलूस के साथ-साथ मेला का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें हम सभी समुदाय के लोगों को एकजुट होकर एक दुसरे को सहयोग करना है। इसमें अगर जब आप लोगों को कहीं कोई किसी भी प्रकार का परेशानी होता है तो आप लोग हम लोगों को सुझाव दें ताकि हम लोग किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना को घटने से पूर्व सचेत रहे इस दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव ने कहा कि किशनपुर प्रखंड में प्रतिवर्ष चाहे हिंदू का पर्व हो या मुसलमान करो सभी लोग एकजुट होकर एक दूसरे को मदद करते हैं आए हैं आर आगे भी करते रहेंगे रही बात कुछ कुछ अफवाह फैलाने वाले लोगों का तो उन लोगों से सचेत रहने की जरूरत है उन्होंने कहा कि मोहर्रम में खासकर ताजिया के साथ जुलूस निकाला जाता है जिसमें भारी संख्या में लोग होते हैं जो विभिन्न सड़क और चौराहे से गुजरता है उसके लिए कम से कम भीड़भाड़ वाले जगहों पर पुलिस बल की तैनाती किया जाना चाहिए जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकता है वही पूर्व मुखिया मोहम्मद नईम उद्दीन ने कहा कि हम लोग हमेशा से एक दूसरे के पर्व त्योहार से लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में एक परिवार की तरह मदद करते आए हैं। और आगे भी करते रहेंगे फिर भी पुलिस प्रशासन का चौकशी जरूरी है वही हम लोगों को अगर जब कभी भी किसी प्रकार का किसी प्रकार का संदेह होगा तो हम लोग घटना से पूर्व सूचित करेंगे और मामले को बढ़ने से रोकने का प्रयास करेंगे। थानाध्यक्ष राघव शरण ने कहा कि हम लोग हमेशा से चौकस और सतर्क रखने का कार्य करते आए और आप लोगों का सहयोग अपेक्षित है आगे अगर जब आप लोगों को लगे कि कहीं किसी प्रकार का कोई घटना होने वाला है तो मुझे तुरंत सूचित करें पुलिस बल हमेशा से तैनात रहेगा और किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वालों से निपटने के लिए हमेशा तैयार है इसमें हुरदंगियो को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य हसनैन नोमानी, मुखिया बालकष्ण प्रसाद, राजद प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश कुमार उर्फ मंगल यादव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सगीर आलम दिलीप कुमार यादव ब्रह्मदेव यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

प्रखंड के टीपीसी भवन बेलही में जिला धिकारी की अध्यक्षता में जनकल्याण कारी योजना की, की गई समीक्षात्मक बैठक

ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मरौना/जिले के मरौना प्रखंड में जिला पदाधिकारी कौशल कुमार के अध्यक्षता में टीपीसी भवन बेलही में डीडीसी मुकेश कुमार के संचालन में निर्मली व मरौना प्रखंड में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का समीक्षा बैठक शनिवार को की गई। बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास के बारे में बताया कि वैसे लाभुकों जो भवन निर्माण का पहला क़िस्त उठा लिया है। अभी तक घर नही बनाया है। वैसे हट्टी लाभुकों के ऊपर अबिलम्ब कानूनी करवाई की जाय या तो लाभुक पैसा वापस करें नही तो घर बनाएं अन्यथा जेल जाएंगे। जल नल योजना में कार्यरत सम्बेदक को कहा गया है कि जलनल योजना के संचालक का बेतन का भुगतान जल्द किया जाय। कचरा प्रबधन का कार्य शुरू हो रहा है।जिसमे हर घर से कचरा उठाव होगा जिसमें प्रत्येक परिवार को 30 रुपये महीना देना होगा।

सभी पंचायत में पंचायत सरकार भवन व भवन विहीन विद्यालय को भवन निर्माण कार्य का भी समीक्षा किया गया। बाकी सभी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में गहन समीक्षा की गई जो संतोष प्रद रहा। वही कमरैल पंचायत के वार्ड 7 में 15 जुलाई को एक साथ तीन बच्चे की डूबने से मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार को चार चार लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।साथ साथ सभी मुखिया से कहा गया कि बारिस का समय है। सभी लोग अपने गांव मुहल्लों के लोगो को जागरूक करे की अपने अपने बच्चे पर विशेष ध्यान दे। जीवन बहुत ही कीमती है इसका मूल्य लगाना सम्भव नही है। फिर भी बिहार सरकार के नियमानुसार सहायता राशि दी जाती है। जनप्रतिनिधि के साथ साथ उनके परिजन भी बैठक में शामिल थे।

मौके पर एसडीएम संजय कुमार सिंह, प्रमुख मंजुला देवी, बीडीओ अभिमन्यु कुमार, प्रभारी सीओ किसलय कुमार, एई कुर्मा पिंटू, प्पु कुमर,प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी दिलीप कुमार, मुखिया अशोक कुमार, एकता यादव,अरुण कुमार मंडल, देवेन्द्र कुमार ठाकुर उर्फ रविंद्र, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व मुखिया लक्ष्मी नारायण यादव, सहित अन्य पदाधिकारी व मुखिया मौजूद थे।

छातापुर में बीजकपाठ का हुआ आयोजन

सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/जिले में छातापुर सदर पंचायत के वार्ड 15 में बीजक पाठ का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में साधू संतों ने भाग लिया शुभारंभ सत्र में प्रवचन देते हुए बैध नाथ दास ने कहा कि सावन मास में भगवान् शिव की आराधना से भक्तों को सदमार्ग पर चलने की मार्ग मिलता है

उन्होंने कहा कि बीजक पाठ के अनुश्रवण मात्र से मानव को भौतिक सूख की अनुभूति होती है इसके साथ ही उन्हें परम शन्ति भी मिलती है उन्होंने लोगों को नित्य के कार्यो का निर्वहन करने के साथ साथ भक्ति भजन में भी समय देने क बात कही उन्होंने लोगों को गलत क्रिया कलाप. इर्ष्या, लोभ लालच से बचने की बता कही

उन्होंने कहा कि भगवान् भोलेनाथ अपने तीसरे नेत्र से धरा पर मानव द्वारा किये गये क्रिया कलापों को देखते है इस लिये मानव को सभी कार्य साद मार्ग पर चलकर करना चाहिए उन्होंने सभी को नित्य भक्ति भजन करने की बात भी कही मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारी थी

11 लीटर देशी शराब के साथ गृहस्वामी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,मरौना ,सुपौल/जिले के मरौना प्रखंड अंतर्गत नदी थाना पुलिस में ललमनियाँ पंचायत वार्ड 4 में शुक्रवार की रात्रि छापेमारी के दौरान 11 लीटर देशी शराब के साथ गृहस्वामी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी देते हुए नदी थानाध्यक्ष राजू कुमा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ललमनियाँ पंचायत वार्ड 4 निवासी रविंद्र कुमार अवैध रूप से शराब कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान नेपाल राष्ट्र निर्मित मामा श्री 11 लीटर देशी शराब मरामद की गई।साथ साथ गृह स्वामी को पकड़ कर थाना लाया जहां मद्यनिषेद्ध अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के बाद न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया।

फंदे से लटक कर महिला ने की आत्महत्या

एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल/जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में रतनपुरा थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के वार्ड नंबर 9 में एक महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवानपुर वार्ड नंबर 9 सविता कुमारी उम्र (22 वर्ष) मायके में 3 माह से रह रही थी। शनिवार को फांसी का फंदा लगाकर भूसा घर में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस बारे में रतनपुर थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि महिला आज से 3 माह पूर्व अपने ससुराल सरायगढ़ भपटियाही थाना क्षेत्र के माकैर गढ़िया छोड़कर मायके में रहा करती थी। वर्ष 2023 के जनवरी माह में उनकी शादी माकैर गढिया निवासी मनीष कुमार से हुआ था। रिश्ते में अनबन हो जाने के कारण वह 3 माह पूर्व अपने मायके में आकर रहने लगी। शनिवार की दोपहर भूसी के घर में गले में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना अध्यक्ष ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए सुपौल भेज दिया गया है। वहीं मृतका के मायके से प्राप्त आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छातापुर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता कटहरा में छापेमारी कर 140 कैन बीयर किया बरामद

सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/जिले के छातापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहरा वार्ड संख्या 6 से गुप्त सूचना के आधार पर छातापुर थाना पुलिस के द्वारा की गई छापेमारी में कुल 140 बीयर कैन बरामद हुआ है। यह जानकारी प्रेस कांफ्रेंस कर देते हुए एसडीपीओ त्रिवेणीगंज विपिन कुमार ने शुक्रवार को दी। मामले को लेकर छातापुर थाना में आयोजित प्रेस कान्फ्रेस के माध्यम से एसडीपीओ त्रिवेणीगंज श्री कुमार ने बताया की छातापुर थानाध्यक्ष राम इकबाल पासवान को गुप्त सूचना मिली थी कि कटहरा वार्ड संख्या 6 निवासी दयानंद यादव पिता स्व महादेव यादव बीयर का अवैध कारोबार करता है। सूचना के सत्यापन के लिए छातापुर थानाध्यक्ष राम इकबाल पासवान के नेतृत्व में एसआई रंजीत कुमार सहित पुलिस बल को भेजा गया था। छापेमारी के दौरान दयानंद यादव के जलावन रखने वाले कमरे में कुल 140 बीयर कैन बरामद किया गया। बताया कि जुट के 3 बोरे में सभी बीयर की कैन को रखने के बाद उसे जलावन से ढककर रखा गया था। जानकारी अनुसार छापेमारी के दौरान आरोपी ने भागने का भी प्रयास किया था। जिसे पुलिस बल की तत्परता से पकड़ा गया। एसडीपीओ विपिन कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मौके पर छातापुर थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

बकरी चराने के दौरान बच्चा सर्प दंस का शिकार

डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली,सुपौल/ जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत भुतहा गांव में बकरी चराने के दौरान एक बच्चा को सर्प दंस का शिकार हो गया.जिसके बाद आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया. जहां उपस्थित डॉक्टर प्रदीप कुमार के द्वारा बच्चे का इलाज किया गया.फिलहाल बच्चे ठीक है.अस्पताल में भर्ती ब्च्चे की पहचान भुतहा गांव निवासी चंदन साह के पुत्र बलराम कुमार के रूप में बताया गया है.बच्चे के पिता चंदन साह ने बताया कि बच्चे खेत बकरी चराने गया था.इसी दौरान बकरी लाने के दौरान बच्चे के पैर में सर्प ने काट लिया.जिसके बाद आनन फानन परिजनो के द्वारा बच्चे को अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया.

जायज़ा मंत्री ने चीफ इंजीनियर मनोज कुमार रमण के साथ दुर्घटना के बारे में जानकारी ली

जल संसाधन मंत्री ने लिया कोसी बराज का जायज़ा किया

अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर, सुपौल। जिले के वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत जल संसाधन मंत्री बिहार सरकार संजय झा शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पश्चमी कोसी तटबंध का जायज़ा लेते हुए तकरीबन 5:30 बजे शाम में कोसी बराज पर पहुंचे।कोसी बराज पर पहुंचते ही मंत्री का काफिला कोसी बराज के गेट नम्बर 09 के सामने पहुंचा जहाँ 14 जुलाई को सुबह 8 बजे एक भारी भरकम नेपाली नम्बर का ट्रक एक बस से साइड लेने के क्रम में अनियंत्रित होकर कोसी बराज के रेलिंग को तोड़ते हुए डाउनस्ट्रीम में गिर गया था।

मंत्री ने चीफ इंजीनियर मनोज कुमार रमण के साथ दुर्घटना के बारे में जानकारी ली और तत्काल ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसे लेकर चर्चा की। दुर्घटना स्थल के टूटे हुए रेलिंग को देखने के बाद मंत्री कोसी बराज स्थित कंट्रोल रूम पर आए और कोसी नदी के डिस्चार्ज के बारे में पूरी जानकारी ली और स्काडा सिस्टम को भी देखा।

मालूम हो कि कोसी नदी का जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।शुक्रवार को सुबह 6 बजे कोसी का जलस्तर घटते क्रम में 114395 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया।8 बजे यह घटते क्रम में 109090 क्यूसेक पर पहुंच गया।10 बजे कोसी का जलस्तर109090 पर स्थिर रहा और पुनः12 बजे घटकर 108255 क्यूसेक पर पहुंच गया।2 बजे कोसी का जलस्तर घटते क्रम में 107930 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया।

शाम के 4 बजे कोसी नदी के जलस्तर में थोड़ी वृद्धि देखी गयी जो बढ़ते क्रम में 109870 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया।बराहक्षेत्र में शाम 4 बजे कोसी नदी का जलस्तर स्थिर अवस्था में 70400 क्यूसेक रेकॉर्ड किया गया।

पूर्वी कोसी मुख्य नहर में 8500 क्यूसेक तथा पश्चमी कोसी मुख्य नहर में 4800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कोसी बराज पर कंट्रोल रूम में बने बाढ़ नियंत्रण कक्ष तथा स्काडा सिस्टम को देखने के बाद मंत्री का काफिला वीरपुर के लिए प्रस्थान कर गया।उधर वीरपुर स्थित कौशिकी भवन के चीफ इंजीनियर बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार कोसी के नेपाल तथा भारतीय प्रभाग के दोनों तटबंध अपने सभी अबयवों के साथ सुरक्षित हैं।सतत निगरानी एवं चौकसी बरती जा रही हैं।

शनिवार को झामझम बारिस होने से किसानो के खिल उठा चेहरा

ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल/जिले के मरौना प्रखंड क्षेत्र मे शनिवार को चार बजे के आस पास झामझम बारिस होने से किसानो के चेहरा खिल उठे। क्षेत्र के किसान एक तरफ बाढ़ से जूझ रहे थे तो दूसरी तरफ सुखाड़ की मार झेल रहे थे। क्षेत्र के अधिकांश भागो में सुखाड़ जैसी हालात पैदा हो गया था। किसान रामेश्वर साह डोमी साह, नागेश्वर साह, सत्यनारायण साह सिहेश्वर साह,उपेन्द्र कामत,राम बहादुर मंडल,संजय कुमार,लक्ष्मी कुमार मंडल,बद्री नारायण मंडल,दिनेश कुमार यादव, रामु मंडल,राम चंद्र मंडल,परमेश्वर मंडल,राम लखन पंडित,परमेश्वर भंडारी,धर्म नाथ साह,जगरनाथ साह समेत सैकड़ो किसान ने बताया कि इस बार कि खेती करना मुश्किल साबित हो रहा है।

कहा कि एक तरफ बाढ़ से किसान परेशान है तो दूसरी तरफ सुखाड़ कि मार झेल रहे है। सूखे हुए खेतो में दिन रात पम्प सेट चलाकर पानी डाल कर धान कि रोपाई कर रहे है जो टफ साबित हो रहा है। कहा कि शनिवार को तकरीबन आधा घंटा झामाझम बारिस होने से सूखे हुए खेतो में पानी लग गया है और लगाये गये खेतो में धान कि फसले को एक तरह से संजीवनी का काम किया है । कहा कि कुछ भागो में बाढ़ का पानी भरा हुआ है जिस में धान का फसल नही लगया गया है ।

ख़ास ख़बर

बरकट्ठा स्टेडियम अड़वार में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया

संवाददाता /सोहैल किरमानी/ बरकट्ठा- आज शनिवार को बरकट्ठा स्टेडियम अड़वार में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या दक्षिणी प्रेरणा प्रिया, जिला परिषद सदस्या उत्तरी कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, 20सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी, समाजसेवी सी के पाण्डेय एवं अन्य गणमान्य समाजसेवी, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का उद्घाटन किया।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर खेल प्रदर्शन कर राज्य और जिले का नाम रोशन करने की बात कही। बताया जाता है कि इस एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से दो और बालिका वर्ग से एक टीम का चयन कर जिला भेजा जाना है। जिला से सफल होने के बाद रांची भेजा जाएगा। इसके बाद सफल टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कस्तूरबा गांधी के छात्राओं का हाल चाल जाना एवं फुटबॉल वितरण किये।इस अवसर शिक्षक जमुना साव, किशुन प्रसाद, मधु यादव, महेश साव, विकास दास, प्रदीप सिंह, दीपक पाण्डेय, सहदेव साव, हरिहर दास, प्रखंड के सभी हाई स्कूल के शिक्षक, फुटबॉल प्रेमी, समाजसेवी व ग्रामीण उपस्थित रहें।

मोहर्रम को लेकर हज़ारीबाग मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति का बैठक किया गया

संवादाता /हजारीबाग सोहेल किरमानी/ मोहर्रम को देखते हुए हजारीबाग मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक किया गया बैठक में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों को बुलाया गया मुफस्सील थाना प्रभारी बजरंग महतो अपनी बात रखते हुए कहे के मोहर्रम मोहर्रम का त्यौहार भाईचारा का त्यौहार है इसमें सभी धर्म के लोग मिलकर और शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए त्यौहार को संपन्न किया जाएगा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों के दायित्व बनता है कि अपने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें शांति समिति की बैठक में हुपाद पंचायत के मुखिया विनोद कुमार, समाजसेवी अब्दुल्ला खान, सिलवार मुखिया उमेशप्रसाद, नासिर अख्तर, पति प्रजापति और सैकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित थे

प्रो चांसलर प्रशासन डॉ. रवि पचमुथु के जन्मदिन को कर्मचारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया

आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ/मोदीनगर। एस आरएम के डॉ नितिन धामा प्रोफेसर ने बताया कि 22 जुलाई को प्रो चांसलर प्रशासन डॉ रवि पचमुथु के जन्मदिन को हर वर्ष की भांति SRMIST दिल्ली NCR परिसर में कर्मचारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के गैर-शिक्षण कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और संस्थान की प्रगति में योगदान के लिए सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। संस्था के निदेशक डॉ. संजय विश्वनाथन, डीन ई.एंड.टी.-डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन एफ.एम.एस.-डॉ. एन.एम.मिश्रा, मुख्य परीक्षा नियंत्रक -डॉ. रंजना दुबे एवं हेड ऑफ़ स्टूडेंट अफेयर डॉ. अजय सिंह यादव, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों और शिक्षकों के साथ इस अवसर पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत के रजिस्ट्रार डी. सैमुअल राज और एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनोपत के कंप्यूटर विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि थीं।

सीएससी और पैक्स की साझेदारी से कृषि और ग्रामीण विकास के एक नए युग का सूत्रपात- अमित शाह

आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ/नई दिल्ली। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह को विज्ञान भवन में प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) द्वारा जन सेवा केंद्र (सीएससी) की सेवाएं शुरू करने पर एक राष्ट्रीय महासंगोष्ठी का उद्घाटन किया. इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे सहकारिता मंत्रालय के विभाग राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (नेशनल को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) ने सीएससी के सहयोग से इस महासंगोष्ठी का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में पैक्स द्वारा सीएससी की सेवाएं प्रदान किए जाने से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पैक्स ग्राम स्तर की सहकारी ऋण समितियां हैं जो राज्य सहकारी बैंकों (State Cooperative Banks- SCB) की अध्यक्षता वाली त्रि-स्तरीय सहकारी ऋण संरचना में अंतिम कड़ी के रूप में काम करती हैं. पैक्स, विभिन्न कृषि और कृषि गतिविधियों के लिए किसानों को अल्पकालिक एवं मध्यम अवधि के कृषि ऋण प्रदान करते हैं. पैक्स सहकारिता की रीढ़ हैं और इनके जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी सेवाओं की डिलिवरी से रोज़गार के अवसरों में वृद्धि होगी अपने संबोधन में अमित शाह ने सीएससी को बधाई देते हुए कहा कि मात्र 2 माह के भीतर 17,176 पैक्स सीएससी बन चुके हैं जिसमें 6000 से अधिक ने ट्रांजेक्शन करना भी शुरू कर दिया है. अब हर पैक्स को 1-2 युवा को भी अपने केंद्र पर नौकरी देनी होगी जिसका मतलब है कि रोजगार और गांव की अर्थव्यवस्था दोनों को ही इस साझेदारी से लाभ मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म करने और आमजन को मजबूत करने का जो बीड़ा उठाया था, उसको सीएससी और सहकारिता मंत्रालय मिलकर निभा रहे हैं।उन्होंने कहा पिछले 9 वर्षों में भारत में इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों में ढाई सौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है. मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस का सीएससी से बड़ा उदाहरण कुछ और नहीं हो सकता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन करने का निर्णय एक अलग दृष्टिकोण से लिया. सहकारिता आंदोलन को रिवाइव करना, इसे आधुनिक बनाना, इसमें पारदर्शिता लाना और नई ऊंचाइयां छूने का लक्ष्य तय करना बहुत आवश्यक था. कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सहकारिता ही एकमात्र ऐसा आंदोलन है जिसके माध्यम से हर व्यक्ति को समृद्ध बनाया जा सकता है। सहकारिता आंदोलन बिना पूंजी वाले ऐसे लोगों को समृद्ध बनाने का बहुत बड़ा साधन बन सकता है।अमित शाह ने कहा कि पैक्स की मजबूती के साथ किसान मजबूत होता है. इन्हें मज़बूत करने का मतलब देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना है. जब कोऑपरेटिव्स के माध्यम से कृषि, पशुपालन और मत्स्यपालन को मज़बूत करते हैं तो जीडीपी के साथ-साथ रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में मोदी सरकार ने कई काम किए हैं. अब PACS पेट्रोल पंप चला पाएंगे, गैस की एजेंसी भी चला सकेंगे, CSC भी बन पाएंगे, सस्ती दवाई की दुकान भी चला सकेंगे, सस्ते अनाज की दुकान भी चला सकेंगे. आने वाले दिनों में ग्रामीण विकास और कृषि विकास का एक नया युग शुरू होगा। पैक्स देश के सहकारी आंदोलन की मूल इकाई है, इसलिए पैक्स की व्यवहार्यता में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं. पैक्स के लिए मॉडल उपनियम, मंत्रालय द्वारा सभी स्टेकहोल्डर से सलाह के बाद तैयार किए गए हैं. ये नियम पैक्स को डेयरी, मत्स्य पालन, गोदाम, कस्टम हायरिंग केंद्र, उचित मूल्य की दुकानों, एलपीजी/ डीजल/ पेट्रोल डिस्ट्रीब्यूटरशिप, आदि सहित 25 से अधिक आर्थिक गतिविधियों को शुरू करके अपने व्यवसायों में विविधता लाने में सक्षम बनाएंगे. इसके अलावा, संबंधित मंत्रालयों के परामर्श से, पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में कार्य करने, एफपीओ बनाने, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन करने, खुदरा पेट्रोल/डीजल पंप आउटलेट खोलने, जन औषधि केंद्र खोलने, उर्वरक वितरण केंद्रों के रूप में काम करने आदि के लिए भी सक्षम बनाया गया है. पैक्स के जरिए सीएससी सेवाओं की डिलिवरी इनको मजबूत करने की दिशा में नया कदम है. अब, PACS देश में कॉमन सर्विस सेंटर की तरह सुविधाएं भी दे सकेंगे. इसका लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने सीएससी के कामकाज की भूरि-भूरि प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि साल 2014 के बाद से गवर्नेंस और सरकार के काम करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है. माननीय मंत्री ने कहा, समाज के गरीब और वंचित वर्ग को सरकार की सुविधाओं को बिचौलियों के बिना पहुंचाया जा रहा है. 40 करोड़ लोगों के जन-धन अकाउंट खोले गए. यह संख्या पूरे यूरोप की आबादी के बराबर है. मोबाइल, आधार और जन-धन ने मिलकर समावेशी विकास का नया मॉडल स्थापित किया है. इसकी मदद से 30 लाख करोड़ रु. तक के सरकारी लाभ लोगों तक पहुंचे हैं. आज इसी विकास मॉडल में एक और आयाम स्थापित किया है-पैक्स अब देंगे सीएससी सेवाएं अतिथियों का स्वागत करते हुए सीएससी एसपीवी के प्रबंध निदेशक श्री संजय राकेश ने कहा, ÷सीएससी की वजह से सरकार की सुविधाएं हासिल करने के लिए शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती. 5 लाख से अधिक ऐसे केंद्र देश के दूरदराज इलाकों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं. पैक्स और सीएससी की यह साझेदारी किसानों और नागरिकों को समृद्ध करेंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और माननीय प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के विज़न को साकार करेगी। कार्यक्रम के दौरान सचिव सहकारिता मंत्रालय ज्ञानेश कुमार सहकारिता मंत्रालय और आइटी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान पैक्स द्वारा सीएससी सेवाओं की डिलिवरी पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई.सीएससी जिला प्रबंधक गौरव चौधरी व जिला सह प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया की 17 पैक्स को दिल्ली विज्ञान भवन भेजा और जनपद में 980 सीएससी केंद्र पर यह कार्यक्रम दिखाया।

गाजियाबाद के एम एम एच कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला

आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ/गाजियाबाद। आज एम एम एच कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर एक विशेष कार्यशाला प्रातः 11:30 बजे से महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित की गई।दीप प्रज्वलन के साथ अतिथियों को सम्मान स्वरूप पौधे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा गौरव कुमार, एसिस्टेंट प्रोफेसर, बेनेट विश्वविद्यालय एवम सस्थापक, एवम निदेशक कोलकॉम, दिल्ली के साथ साथ गाजियाबाद साइबर सेल से अंकित शर्मा और ध्रुव नारायण कार्यक्रम में शरीक हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीयूष चौहान ने आज के दौर में साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि छात्रों को साइबर जागरूकता के साथ समाज में अन्य को भी सचेत करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। आई ए आई एस डी सी के संयोजक प्रो.प्रकाश चौधरी ने बढ़ते साइबर प्रयोग के साथ बढ़ते साइबर अपराधों के नए नए स्वरूपों के प्रति सतर्क रहने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में सबका स्वागत किया। मुख्य वक्ता डा गौरव कुमार ने साइबर संसार की व्यापक ताकत के साथ जुड़े सभी प्रकार के साइबर अपराधो जैसे फाइनेंशियल फ्रॉड, शोषण अपराध, सामाजिक, मानसिक शोषण आदि को समझाते हुए शानदार व्यक्तव्य दिया।

व्हाट्सएप से जुड़े पहचान संबंधी सेटिंग्स को सुरक्षित रखने, गूगल पर भी सचेत रहने और सूचनाओं पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय उन्हें काउंटरचेक करने के तरीके सुझाए. कई उदाहरण और केस स्टडी वीडियो दिखाते हुए उन्होंने आगाह किया कि साइबर अपराध से बचने के लिए किसी भी तरह के लालच/प्रलोभन में नहीं आना है और सूचना को क्रॉसचेक जरूर करना है.

कोलकॉम साइबर सुरक्षा पर अब तक साठ हजार से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित कर चुका है और वर्ष के अंत तक एक लाख लोगों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। लगभग दो घंटे चली कार्यशाला के अंत में छात्रों ने साइबर अपराधों और सुरक्षा से संबंधित अपने प्रश्न/शंकाएं रखीं जिनका समुचित समाधान डा गौरव कुमार और साइबर सेल से आए श्री अंकित शर्मा और ध्रुव नारायण जी ने किया। कार्यशाला के अंत में कोलकॉम द्वारा तैयार ऑनलाइन गूगल फॉर्म प्रश्नोत्तरी का लिंक सभी उपस्थित छात्रों/प्राध्यापकों को उपलब्ध कराया गया जिसके जरिए सभी प्रतिभागी ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन आयोजक प्रकोष्ठ की सदस्या प्रो. रोजी मिश्रा ने किया।

प्रकोष्ठ के छात्र प्रतिनिधि रवि वर्मा, बबीता, और वॉलंटियर्स आकाश कुशवाहा, रितिक, गौरव, सैनी, आकाश चौधरी, सेजल, ज्योति यादव, ताशू अग्रवाल आदि ने कार्यशाला आयोजित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया. सभी संकायों के लगभग दो सौ पचास छात्र एवम प्राध्यापक आज के कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. जमुना प्रसाद, प्रो. कामना यादव, प्रो.आर पी पटेल, प्रो. आर एस यादव, डा सुभाषिनी शर्मा, डा हेमेंद्र कुमार, डा विलियम, प्रो सुता कुमारी, डा मनोज कुमार, डा छाया रानी, प्रो.मधु श्रीवास्तव, डा हरिदत्त शर्मा, प्रो.अनिल गोविंदन एवम डा श्वेता बी सी ए विभाग के कई शिक्षक आदि उपस्थित रहे। प्रो प्रकाश चौधरी कोऑर्डिनेटर, आई ए आई एस डी सी एम एम एच कॉलेज, गाजियाबाद।

विद्यालय परिसर में बच्चों के द्वारा किया गया वृक्षारोपण

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/मानव विकास द्वारा संचालित कैंपियन् बेसिक अकैडमी में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के सभी छात्र - छात्राओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न तरह के पौधे लगाए। मौके पर उपस्थित विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। इसलिए विद्यालय परिवार प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपन का आयोजन किया जाता है। वहीं प्रबंधक गणेश शंकर मदन ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए। साथ ही साथ प्राचार्या सुरभि वर्मा ने भी बच्चों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया तथा उन्होंने कहा कि हमारे सामने पर्यावरण असंतुलन एक बहुत बड़ी चुनौती है , अधिक से अधिक वृक्षारोपन करके हमलोग पर्यावरन को संतुलित कर सकते हैं। पुरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक संदीप सिंह, रंजीत शर्मा, गौरव कुमार, सुजीत शर्मा, आरिफ हुसैन, कुणाल कुमार , धनेश्वर कुमार,रजा आलम, सत्येन्द्र कुमार, अनिता दास, शालू गुप्ता, कविता कृष्णा, स्मिता कुमारी एवं गुड्डू कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना परिसर में आज मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर/ जिला ब्यूरो चीफ/ रूपेश मिश्रा की रिपोर्ट/कटिहार जिले के कोढ़ा थाना परिसर में आज मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक कोढ़ा थाना अध्यक्ष आलोक राय जी के अध्यक्षता में की गई कटिहार के अनुमंडल आरक्षी उपाधीक्षक महोदय अंचल निरीक्षक प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि समाजसेवी मोहर्रम कमेटी के खलीफा सदस्य गण की भारी उपस्थिति हुई शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने के संकल्प के साथ कटिहार के अनुमंडल आरक्षी उपाधीक्षक महोदय को सर्वसम्मति से शांति समिति के सदस्यों के द्वारा शांतिपूर्वक मोहर्रम मनाने का निर्णय लिया गया मेरे द्वारा भी कई बिंदुओं पर मोहर्रम शांतिपूर्ण सफल हो के बारे में अपनी बात से अवगत कराते हुए धीरज कुमार सिंह मुख्य पार्षद कोढ़ा नगर पंचायत कटिहार

सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को सीटू का समर्थन- गंगेश्वर दत्त शर्मा

आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ/नोएडा, नियमितीकरण, वेतन में बढ़ोतरी सहित कई मांगों को लेकर आंदोलनरत प्राधिकरण के सफाई कर्मचारियों के आंदोलन व उनकी मांगों का सीटू की ओर से जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने समर्थन किया और प्रदेश सरकार व नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण से उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग किया। नोएडा प्राधिकरण कार्यालय सेक्टर- 6, नोएडा पर सफाई कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते हुए सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि प्राधिकरण में तैनात सफाई कर्मचारियों का जबरदस्त शोषण किया जा रहा है। 25-30 साल बीत जाने के बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है और ना ही उन्हें नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन में सुविधाएं दी जा रही है जो समानता कानून का खुला उल्लंघन है, सेफ्टी के अभाव में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा अनेकों कर्मचारियों की दुर्घटना में मौत हो चुकी है उनके परिवारों को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के आंदोलन व उनकी मांगों का हम पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं और आंदोलन के साथ हैं।

पर्यावरण राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के तत्वावधान में 125 पौधा रोपण का संकल्प लिया गया

संत कोलंबा महाविद्यालय अपनी स्थापना के 125 में वर्ष में प्रवेश का स्थापना दिवस मनाया

संवाददाता /हजारीबाग सोहेल किरमानी/देश के ऐतिहासिक एवं गौरवमई संत कोलंबा महाविद्यालय अपनी स्थापना के 125 में वर्ष में प्रवेश कर गया है। इस अवसर पर आज दिनांक 22 /07/ 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के तत्वावधान में 125 पौधा रोपण का संकल्प लिया गया, जिसकी शुरुआत में आज 25 पौधों का रोपण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विमल रेवेन्यू एवं विभावि की एनएसएस समन्वयक डॉक्टर जॉनी रूफीना तिर्की वा महाविद्यालय के अनेकों शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। तत्पश्चात महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में युवा संवाद विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। जिसकी बोल है - उठे समाज के लिए उठे जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें। स्वयं सजें वसुंधरा सवार दे..तत्पश्चात स्वयंसेवक पाणिनि मिश्रा द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति हुई। स्वागत अभिभाषण मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सविता शीतल द्वारा दिया गया।समस्त कार्यक्रम के आयोजन की अगुवाई प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर जयप्रकाश रविदास ने किया। विषय प्रवेश करते हुए युवा संवाद विषय की आवश्यकता एवं उपादेयता पर प्रकाश डाला। साथ ही अपने वक्तव्य में कहा कि मेरा देश मेरी मिट्टी पोर्टल पर सभी एनएसएस स्वयंसेवक अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। मुख्य अतिथि एनएसएस कोऑर्डिनेटर मैडम जॉनी रिफाइनरी की ने अपने वक्तव्य समाज और देश की ज्वलंत समस्याओं पर संवाद करने पर जोर दिया। जिसमें पर्यावरण असंतुलन के कारण उत्पन्न अतिवृष्टि अनावृष्टि की समस्या, नक्सलवाद, मद्यपान, भारत में गांव का का देश है गांव में अशिक्षा, बेरोजगारी, स्वच्छता की समस्याएं हैं , इस पर भी संवाद की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल रेवेन ने अपने संबोधन में प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चे बहुत कम ऐसे हैं जो हिंदी एवं इंग्लिश पढ़ पाते हैं जिसके चलते ड्रॉपआउट की समस्या उत्पन्न होती है और अभी भी झारखंड जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र वाला राज्य में जंगल पहाड़ गांव में रहने वाले गरीब ग्रामीण बच्चे उच्च शिक्षा से महफूज है

मणिपुर की अमानवीय घटना के दोषियों को तुरंत फांसी दो- बिजेंद्र यादव

आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ/गाजियाबाद। के अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कहा कि मणिपुर के खराब होते हालात के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार मणिपुर सरकार बर्खास्त करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाया जाए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव दीदी प्रियंका गांधी के निर्देश अनुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बृज लाल खाबरी और प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी के आव्हान पर आज दिनांक 22 जुलाई 2023 को मणिपुर में हुई है ए मानवीयघटना के विरोध में प्रातः 10:30 बजे से एक दिवसीय उपवास गांधी पार्क लोहिया नगर में जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव के नेतृत्व में सैकड़ो नेता व कार्यकर्ताओ के साथ मे उपवास किया गया। उपास लगातार कई घंटे चला सभी मे केंद्र और मणिपुर सरकार के विरुद्ध ज़बरदस्त आक्रोश था। उपास में उपस्थित बिजेंद्र यादव ने कहा कि मणिपुर में जो हो रहा है उससे देश शर्मशार हो रहा है देश का मान सम्मान गिर रहा है केंद्र सरकार गूंगी बाहरी बानी हुई है ग्रह मंत्री घटना की ज़िम्मेदारी लेने के बजाए राजनीति कर रहे है बिजेंद्र ने कहा कि महिला के साथ हुई घटना के बाद पूरे देश का सर महिलाओ के सामने झुक गया है अब दोषियों को सज़ा देने में देर नही की जानी चहिय दोषियों को अवलिम्ब फांसी दी जानी चहिय। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि मणिपुर की घटनाएं की दोषी ऐडहे तौर पर मोदी सरकार है। प्रदेश सचिव नसीम खान और प्रदेश प्रवक्ता पवन दीक्षित ने संयुक्त रूप से कि मणिपुर में तुरंत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शाशन लगाया जाना चाहिए और ग्रह मंत्री को इसके लिये स्वम् ज़िम्मेदारी लेनी चहिये। पूर्व मेयर9 पुष्पा रावत जी ने कहा कि आज के समय में महिलाएं सौच भी नही सकती थी कि महिलाओं को सरेआम रोड पर बिना वस्त्र घुमाया जाता है बलात्कार किया जाता है ये अमानवीय है भाजपा को शर्म आनी चाहिये। इस आबसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष संगठम प्राभारी अमोल वशिष्ठ , पूर्व पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष कांग्रेस नेता सलीम सैफी, मेयर प्रत्यसी लाल मनपाल,लोनी नगर अध्यक्ष हाजी बी के मेजर, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन पीसीसी सदस्य अहसान अली , पीसीसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा , पीसीसी सदस्य राजाराम भारती , जिला उपाध्यक्ष हनीफ चीनी , हस्द्ध जिलाध्यक्ष सलमान मंसूरी , पुष्पेंद्र राठौर , एस एन राय ,दिनेश पपताप सिंह ज़ शंकर ठाकुर , तरुण रावत , पूर्व पार्षद वीर सिंह जाटव , गाज़ियाबाद कांग्रेस नेता हुमायु बेग मिर्ज़ा , जिला महासचिव राजेन्द्र शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गैरा, कांग्रेस नेता धीरेंद्र ध्यानी, कांग्रेस नेता बाबुराम आर्या, डासना सलमान ,सनजय शर्मा मोदीनगर , ब्रजेश कुमार मोदीनगर , सुनील रघुवंशी , प्रेमदत्त शर्मा , हरेन्द्र चौधरी एडवोकेट , राकेश पाल , जिला महासचिव देव चौधरी , साहिल अब्बासी , विनय बौद्ध , कादर जी , सब्बीर करैशी , दलित कांग्रेस महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी विजेंद्र जाटव आदि शामिल रही।

ख़ास ख़बर

अवैध विद्युत कनेक्शन तथा बड़े बकायेदारों के खिलाफ विद्युत विभाग ने जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया

सिकंदरपुर, बलिया। अवैध विद्युत कनेक्शन तथा बड़े बकायेदारों के खिलाफ विद्युत विभाग ने जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें सिकंदरपुर मनियर मार्ग, बेल्थरारोड मार्ग तथा बलिया मार्ग पर 8 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। वहीं ?50000 की बकाया वसूली भी किया गया। इस दौरान एसडीओ अजय सरोज, जेई जितेंद्र, राजेश, कमलेश यादव, संजय पाल, प्रदीप, रामनिवास, आकाश आदि शामिल रहे। एसडीओ अजय सरोज ने बताया कि अवैध रूप से कनेक्शन धारियों के खिलाफ य अभियान निरंतर चलता रहेगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि 1 दर्जन से अधिक बाईपास कनेक्शन धारियों के कनेक्शन काटे गए जो बीच से ही कनेक्शन को जोड़कर अपना एसी चला रहे थे। ऐसे लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कराई जाएगी।

यातायात निरीक्षक रूद्र प्रताप मल्ल ने छात्राओं को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए प्रेरित किया

सिकन्दरपुर, बलिया: स्थानीय नूरजहां मुश्लिम गर्ल्स इण्टर कालेज में परिवहन विभाग के तत्वावधान में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के पांचवें दिन यातायात निरीक्षक रूद्र प्रताप मल्ल ने छात्राओं को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए प्रेरित किया। कहा कि आपका जीवन आपके व आपके परिवार के लिए अमूल्य है। उन्होंने हेलमेट या सीटबेल्ट पहनने, ट्रेफिट लाइट का पालन करने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने, क्षमता से अधिक सवारी न ढोने और बिना लाइसेंस के वाहन का संचालन न करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। हेलमेट लगाएं-सिर बचाएं, सीट बेल्ट-सुरक्षा का सर्वोत्तम उपाय, तेज गति जीवन की क्षति, मोबाइल-न बजने दे खतरे की घंटी, नशे में वाहन न चलाने का संदेश देते हुए राष्ट्रीय गति सीमा के बारे में जानकारी दी। इंचार्ज नजरुल बारी, प्रधानाचार्य संतोष शर्मा, दयानंद प्रसाद, अनिल यादव, गौहर खान, सनाउल्लाह आदि मौजूद रहे।

जिला मुगलसराय शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शनिवार को शाम सैंडल मार्च निकाला गया

पीडीडीयू नगर चंदौली शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शनिवार को शाम सैंडल मार्च निकालकर काली माहौल चौराहा स्थित राजीव गांधी पार्क पर मणिपुर में हुए अमानवीय घटना के विरोध एवं मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल जलाकर कांग्रेश जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया इस दौरान जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि मणिपुर में आई महिला उत्पीड़न व हिंसा की घटनाएं को विचलित करने वाली है यह घटना इंसानियत को शर्मसार करने वाली है निंदनीय है कि हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर हालात पर केंद्र सरकार द्वारा निठूर एवं संवेदनहीन रवैया शर्मनाक है हमारे लिए महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से बढ़कर कुछ भी नहीं है शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि अत्यंत दुख की बात है कि मणिपुर में हिंसा बंद होने के नाम नहीं ले रही है इसे पूरा देश चिंतित है भाजपा की लापरवाही की वजह से मणिपुर मैं अभी तक 142 लोगों की मृत्यु हो चुकी है मणिपुर को देखकर देश में लोग पूछ रहे हैं कि भाजपा की सरकार को कानून व्यवस्था चलाना क्यों नहीं आता

मणिपुर के शर्मनाक कांड के खिलाफ भाकपा माले का आक्रोश पूर्ण प्रतिरोध मार्च

छौड़ादानो 22 जुलाई ,बृज किशोर/भाकपा माले के देशव्यापी आह्वान के तहत मणिपुर में महिलाओं को नंगा घुमाने और सामूहिक बलात्कार कांड के खिलाफ न्याय की मांग पर प्रतिरोध मार्च छौड़ादानो- मोतिहारी रोड में नारायण चौक पर निकाला गया!

भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने भयावह घटना में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने, मणिपुर के भाजपा मुख्यमंत्री ऐन वीरेन सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा देने और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नारीवादीयो और वकीलो की एक टीम तत्काल मणिपुर भेजने की मांग की है!प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व-

भाकपा माले के जिला सचिव- प्रभुदेव यादव अंचल सचिव रूपलाल शर्मा व जिला कमिटी सदस्य जीत लाल सहनी और इंसाफ मंच के तबरेज आलम, इंकलाबी नौजवान सभा के चांद कुमार, सुधीर कुमार ,मेराज अहमद और ध्रुव शाह, सरपंच मनोज कुमार सिंह, अखबर मियां, रामाधार प्रसाद, राम इकबाल यादव, उपेंद्र यादव, मुनीराम, रामभरोस पासवान ने किया !आगे नेताओं ने कहा- मणिपुर में नफरती भीड़ द्वारा कुकी महिलाओं पर यौन हमले की भयावह घटना से देश शर्मसार हुआ है! कांगपोकपी जिले में जब महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों के साथ पास के इलाके में गांव को जलाने वाली भीड़ से बचने की कोशिश कर रही थी! भीड़ ने महिलाओं के कपड़े उतारकर नंगा परेड पर मजबूर -यौन उत्पीड़न एवं सामूहिक बलात्कार कांड की अंजाम दिया! घटना 4 मई की बताई जाती है लेट से वीडियो वायरल हुआ है! लगता है देश में अब सरकार एवं प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है! 75 दिनों से जब दो समुदायों के बीच एक दूसरे के खिलाफ युद्ध छेड़ी है !क्या डबल इंजन की सरकार हस्तछेप नहीं कर सकती थी? मूक-दर्शक बनी रही, घड़ियाली आंसू बहा रही है!

जिलाधिकारी, मोतिहारी द्वारा एक बालक रिषु कुमार (काल्पनिक नाम), उम्र-05 माह को उनके भावी दत्तक माता-पिता को सौंपा गया

मोतिहारी 22 जुलाई अशोक वर्मा/ जिला पदाधिकारी द्वारा 5 माह के बालक रिषू कुमार को उसके दत्तक माता-पिता को सुपुर्द किया गया।दत्तक माता पिता भागलपुर निवासी हैं।पिता प्राईवेट शिक्षक हैं, ट्यूशन पढ़ाते हैं वहीं भावी माता सरकारी शिक्षिका है। इस वर्ष का यह सातवाँ बच्चा है, जिसे दत्तकग्रहण हेतु सौंपा गया। वर्तमान में 0-6 वर्ष के आयुवर्ग के 08 शिशु विशिष्ट दत्तकग्रहण स्ंस्थान, मोतिहारी में आवासित हैं।

दत्तकग्रहण हेतु इच्छुक कोई भी दम्पति केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण के पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर बच्चा गोद ले सकता है। केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण भारत सरकार अन्तर्गत देशीय एवं अन्तर्देशीय सभी प्रकार के गोद लेने की प्रक्रिया का अनुश्रवण हेतु नामित संस्था है, जिसके देख-रेख में दत्तकग्रहण की प्रक्रिया जिला स्तर पर विषिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा पूर्ण की जाती है।

वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत बृहद वृक्षारोपण कृषि विज्ञान केन्द्र में धूमधाम से सम्पन्न हुआ

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ गाजीपुर । वृक्षारोपण महाअभियान-2023 के अंतर्गत बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन आकुशपुर कृषि विज्ञान केन्द्र गाजीपुर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्व0प्रभार) स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क पंजीयन मंत्री उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । आकुशपुर कृषि विज्ञान केन्द्र भूमि पर मियांवाकी वृक्षारोपण में कुल 34 हजार पौध रोपण किये गये। मा0मुख्य अतिथि रवीन्द्र जायसवाल,विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मुख्य विकास

अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने क्रमशः रूद्राक्ष, हरिशंकरी, त्रिदेवी एवं अन्य लाभकारी पौधो का रोपण पूरे विधि विधान एवं मंत्रोचारण के साथ परिसर में किया।कार्यक्रम मे मंच पर आसीन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को वन विभाग द्वारा रूद्राक्ष के पौध भेट स्वरूप देकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो ने स्कूली छात्र-छात्राओ मे यूनिफार्म, किताबे एवं पौधरोपण हेतु पौध का वितरण किया गया। यूनिफार्म एंव किताबे पाकर छात्र-छात्राओ के चेहरे खिल उठे। तत्पश्चात मत्री जी ने उपस्थित समस्त आगन्तुको को वृक्षारोपण के प्रति शपथ दिलाई। मंत्री ने भगवान के चरणों में नमन तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपने संबोधन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ वृहद वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसे पूरा करना हमारा कर्तव्य है। इसी क्रम में जनपद में कुल 33 लाख 86 हजार 853 पौधरोपण किया जाना है । उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के अंदर वृक्षारोपण अति आवश्यक है क्योंकि वनों एवं पेड़ पौधों से जड़ी बूटियां, औषधियां, फल, फूल प्राप्त होते है तथा इसका लाभ आम जन को प्राप्त होता है।

एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे जविप्र डीलर

गावां जन वितरण प्रणाली संघ के द्वारा गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप राम को ज्ञापन सौपा।

उन्होंने बताया कि गावां के सभी 103 जविप्र डीलर झारखंड डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर एक अगस्त से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। जविप्र के डीलर संघ के अध्यक्ष धीरज सिंह यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जविप्र डीलर की मृत्यु पर पूर्व की भांति अनुकम्पा का लाभ देने, राशन वितरण के काया कमीशन का भुगतान करने, प्रति किलो राशन पर एक रुपये से कमीशन बढाकर तीन रुपये करने, जविप्र के डीलरों को प्रति महीने तीस हजार रुपये मानदेय लागू वापस लिए गए जूट के बोरों का मूल्य भुगतान नहीं किया जा रहा है।

5जी के युग में 2जी से जबरन खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है जिससे लाभुक विक्रेताओं दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। समेत 10 सूत्री मांग को लेकर सभी डीलर उक्त तिथि से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है ।

उन्होने बताया कि जब तक मांगे पूरी नही होती है, प्रदेश एसोसिएशन के आह्वान पर सभी जविप्र के डीलर हड़ताल पर डटे रहेंगे। इधर डीलरों के हड़ताल पर जाने के निर्णय से अगस्त महीने का राशन वितरण बाधित होने की संभावना बन गई है। मौके पर बृजनन्दन साव, अजय कुमार, बृजनन्दन पांडेय समेत कई लोग थे।

वीके इंटरनेशनल स्कूल में समारोहपूर्वक मनी गायक मुकेश की जयंती

मोतिहारी 22 जुलाई अशोक वर्मा। शहर के बरियारपुर स्थित वीके इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शनिवार को मशहूर पार्श्वगायक मुकेश चंद्र माथुर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय मुकेश के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विनय कुमार शर्मा ने कहा कि मशहूर पार्श्वगायक मुकेश पार्श्वगायन के देदीप्यमान नक्षत्र थे। संगीत के क्षेत्र में इनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्कूल के प्राचार्य अंजनी अशेष ने बताया कि मुकेश की आवाज सीधे-सच्चे इंसान की आवाज थी। उन्होंने हर मूड के गीत गाकर यह साबित कर दिया कि वे अद्वितीय हैं। इस अवसर पर श्री अशेष ने मुकेश के गीत जाने चले जाते हैं कहां दुनिया से जाने वाले..और एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल...गाकर खूब तालियां बटोरीं ।वही छात्र-छात्राओं के द्वारा भी कई गीत प्रस्तुत किए गए। मौके पर शिक्षक विकास कुमार, कुणाल कुमार, आदित्य कुमार, विकेश कुमार, मोहन प्रभात, कंचन उपाध्याय, प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी,अर्पिता कुमारी, रिंकू कुमारी, पूजा कुमारी, सुमन आर्या, रजनी कुमारी, सुषमा कुमारी, राहुल कुमार, राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

सिकन्दरपुर/ पुलिस अधीक्षक बलिया एस. आनन्द के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर भूषण वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता।शनिवार को थाना सिकन्दरपुर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक मय टीम द्वारा चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/ सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित वारण्टी करते हुए मुखविर की सूचना पर मु0अ0स0 180/23 धारा 2/3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप गुप्ता उर्फ सोनू गुप्ता पुत्र मदन गुप्ता सा0 जजौली थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को हुसेनपुर तिराहा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय बलिया भेजा जा रहा है ।

वृक्षारोपण बृक्ष हमारे जीवन का प्राण तत्व है-अजय कुमार गुप्ता

ग्राम सभा खंडवारी में पंचायत भवन पंचायत सहायक अजय कुमार गुप्ता के तहत वृक्षारोपण का अभियान चलाया गया

चहनिया(चंदौली)/मुख्यमंत्री बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत शनिवार को खंडवारी में पंचायत सहायक अजय कुमार गुप्ता द्वारा वृक्ष,आम, अमरुद,आमला,अनार, इमली,नीम, अशोक, पीपल, बरगद पंचायत भवन पर जगह जगह पौधारोपण किया गया। इस दौरान पंचायत सहायक अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पेड़ पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। पेड़ पौधे लगाने से कई फायदे हैं पेड़ वायु प्रदुषण को कम करने और ऊर्जा संरक्षण में मदद करते हैं। वृक्षों से हमे आक्सिजन मिलता है जो हर एक संजीव वस्तु के लिए जरूरी है आक्सिजन के बिना कोई भी मनुष्य जीव जंतु पृथ्वी पर जीवित नहीं रह सकता।वृक्ष मानव जीवन चक्र में एक महत्वपूर्ण भमिका निभाते हैं,

इनसे न केवल भोजन सम्बन्धी आवश्यकता की पूर्ति होती है, बल्कि जीव जगत से नाजुक संतुलन बनाने में भी यह आगे रहते हैं। हमारे शरीर को निरोगी बनाने में पौधों का अत्यधिक महत्व होता है, यही वजह है कि भारतीय पुराणों, उपनिषदों, रामायण एवं महाभारत जैसे पौराणिक ग्रन्थों में इसके उपयोग के अनेक साक्ष्य मिलते हैं । बृक्ष हमारे जीवन का प्राण तत्व है। इसके बिना जीवन और विकास कि कल्पना नहीं की जा सकती है।

पौधें भूमि के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। पेड़ पौधे हमारे जीवन साथी है । पेड़ ही हमारे जीवन को हरा भरा और खुशहाल बनाते हैं। साथ ही मोजूद लोगो को कहा कि पौधों कि सुरक्षा करते हुए पार्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए एक एक पौधे जरुर लगाएं। वही प्रधान पति सतीश गुप्ता द्वारा लगाए गए पौधों प्रसन्नता जताई गई।इस अवसर पर पंचायत सहायक अजय कुमार गुप्ता , कृष्णा गुप्ता विजय यादव, विजय कुमार, पवन शर्मा, शैलेन्द्र कुमार, नगीना, सुनिता, वीरू आदि लोग मौजूद रहे।

प्रधानाध्यापक ने कि अभिभावकों को संघ एक आवश्यक बैठक

अलीम हाशमी/सकलडीहा चंदौली अभिभावक शिक्षक संघ गोष्ठी का आयोजन पर प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों साथ कई बिंदुओं पर विशेष चर्चा के साथ आवश्यक सुझाव दिए

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हिमांशु पांडे य द्वारा उपस्थिति अभिभावकों से कई बिंदुओं पर गाना ता पूर्वक चर्चा की चर्चा के दौरान मिशन शारदा के तहत जो बच्चे 6 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद आउट ऑफ स्कूल जो किसी भी विद्यालय में नामांकित नहीं किए गए हैं उन्हें मिशन शारदा तरफ विद्यालय पर नामांकन कराने की बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को हम लोग अलग से 3 माह की विशेष संसाधनों के माध्यम से शिक्षित करने का कार्य करते हैं वही समर्थ कार्यक्रम के तहत वह बच्चे जो किसी प्रकार से दिव्यांग है उन्हें समर्थ स्वावलब ऐप रजिस्ट्रेशन कराने के साथ विशेष

उपकरण कराते हुए शिक्षित का करने का कार्य किया जाएगा वही जो बच्चे विद्यालय पर पूर्व में ही नामांकित है उनके खाते में डीबीटी का पैसा भी उपलब्ध होने की सूचना प्रदान की गई उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया यह अभिभावक इस पैसे को निकालकर बच्चों के लिए ड्रेस बैग जूता मोजा शिक्षा ग्रहण की सामग्री के साथ अन्य सामग्री का खरीदारी कर सकते हैं जिससे बच्चों की शिक्षा ग्रहण करने से किसी प्रकार का कोई व्यवस्था धान उत्पन्न ना हो सके संगोष्ठी के पश्चात सभी अभिभावकों को जलपान कराने के साथ विदा किया गया इस संगोष्ठी में भास्कर संवाददाता अनिल कुमार सेठ दैनिक मान्यवर संवाददाता अलीम हाशमी नंदन कुमार एसएमसी अध्यक्ष रेखा देवी प्रधानाध्यापक हिमांशु पांडे सहायक अध्यापक अभिषेक पांडे य अध्यापक राजमणि नेहा मिश्रा अर्चना जायसवाल शालिनी अर्चना पांडे आशुतोष आनंद पीरामल फाउंडेशन कुमार वर्मा जिला प्रतिनिधि पूजा शर्मा गांधी के सारे लोग उपस्थित रहे

ख़ास ख़बर

छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दयालपुर सदलपुरा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया

सकलडीहा चंदौली क्षेत्र के छात्रधारी स्नातकोत्तर दयालपुर सदलपुरा शनिवार को वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय दयालपुर सदलपुरा के प्रधानाध्यापक प्राध्यापिका एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा प्रधानाध्यापक अध्यापकों की उपस्थिति में जागरूकता अभियान चलाकर पौधारोपण का कार्य किया गया प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा वाराणसी एवं कुलसचिव महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पत्राक कानू पाला करते हुए कुल लगभग 350 छात्र-छात्राएं इस महा अभियान का हिस्सा बने महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ अरुण कुमार सिंह जी ने कहा कि विनीत जी हमारा जीवन है प्रीत की सेवा करना माता पिता की सेवा करने के बराबर है इस अवसर पर श्री रामा राम यादव महाविद्यालय के प्राचार्य श्री प्रमोद कुमार सिंह डॉक्टर नंदलाल श्री अशोक श्री प्रतिस केसरी श्री रमेश सदा ही विनीत कुमार कीर्ति अजय कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविका आदि उपस्थित रहे

सीओ अनिरुद्ध सिंह ने बच्चों के साथ किया वृक्षारोपण,सीओ बोले -सभी लोग एक पौधा जरूर लगाएं

चन्दौली जिले के वृक्षारोपण अभियान के तहत पीडीडीयू नगर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर शनिवार को बच्चों के साथ सीओ अनिरुद्ध सिंह ने पौधा लगाया। वही सीओ अनिरुद्ध सिंह ने उपस्थित लोगों से कम से कम एक पेड़ लगाने की सलाह दी। सेंट जॉन्स मिशन स्कूल बच्चे व प्रधानअध्यापक के द्वारा पीडीडीयू नगर सीओ ऑफिस में क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह के हाथों से पौधा लगाया गया। इस दौरान सीओ अनिरुद्ध सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि पर्यावरण दूषित होने के कारण लोगों शुद्ध ऑक्सीजन नही मिल पा रहा है। जिससे लोग कई गम्भीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं और वर्षा भी कम हो रही हैं। जिससे सर्वत्र पेयजल संकट उपस्थित हो गया है और कृषि कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो गया है और कृषि कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उपस्थित लोगों से कम से कम एक पेड़ लगाने की स्कूल के बच्चे और बच्चियों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग की चपेट आ गया है। जिससे मानव जाति समेत अन्य जीव-जन्तु प्रभावित हो रहे हैं।इस मौके पर सेंट जॉन्स मिशन स्कूल के मैनेजर मिस ऋषि दयाल, अध्यापक मुस्कान दयाल, इस्मि पल्लवी, प्रति सिंह, रोशन शर्मा सहित स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे और बच्चियां- कृष्णा प्रिया, जिया, आदित्य, प्राची, सौरभ, रिद्धि, पुश्ती आदि लोग भी मौजूद रही।

डीएम साहिबा एक नजर इधर भी,गांव सभा हरधना लालपुर हरी जनसमस्याओं से जुझ रहा है

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ गाजीपुर । व्लाक मनिहारी का गांव हरधना लालपुर हरी जनसमस्याओं से जुझ रहा है, जहां सरकार मनरेगा योजना, चौदहवां वित्त योजना, सांसद निधि, विधायक निधि सबके बावजूद भी आज गांव में बदहाली झेल रहा है, गांव की निधि भी काम नहीं आ रही है,देखा जाए तो आज गांव में बजबजाती नालियां, बल्लीपुर मार्ग से जुड़े गांव में बरसात जैसे मौसम में बदहाली झेल रहा है, मजेदार बात यह है कि एक तरफ सरकार ने गांव गांव में जिलाधिकारी को चौपाल लगाकर कर जन समस्या की जानकारी लेना है और समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाना है,मगर आज तक व्लाक मनिहारी गाजीपुर के ग्राम पंचायत हरधना में जिलाधिकारी ने चौपाल के माध्यम से जन समस्या की जानकारी नहीं लिया गया, गांव की जनता ने जिलाधिकारी से कई-बार मांगे मांग चूकें है फिर भी गांव में चौपाल द्वारा जनसमस्याओं को नहीं लगाया गया है, उक्त संबंध में जिलाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो मोबाइल नंबर नहीं उठा की बताएं जा सकें की गांव में कब तक आप द्वारा चौपाल लगाएं जाएंगे,की गांव की जनता अपनी अपनी आप बीती और जनसमस्याओं को बता सकें, जहां उक्त रास्ते पर बल्लीपुर मार्ग तक जुड़ा गांव है आएं दिन सैकड़ों की संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है यहा तक की गांव से पठन पाठन के छोटे-छोटे बच्चे का आना जाना लगा रहता है ,महा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की यूनिट उक्त समस्या पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा की गांव में चौपाल के माध्यम से मनरेगा जैसी योजनाएं की जांच हो और शौचालयों, स्वच्छता अभियान जैसी योजनाएं धीमी गति से चल रही है चौपाल के माध्यम से जाने और समस्याओं का निस्तारण हो , मनिहारी व्लाक का गांव सभा हंसराजपुर में विगत दिनों चौपाल लगाया गया था

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान शिक्षक संकुल कार्यशाला का शुभारंभ किया गया

सकलडीहा चंदौली जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सकलडीहा के तत्वधान में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षक संकुल की क्षमता संवर्धन हेतु यह मान एक दिवसीय जनपद स्तरीय जब शिक्षक संकुल कार्यशाला का शुभारंभ स्वर्गीय रामविलास सिंह शिक्षक संस्थान पचपेड़वा मैं शनिवार को डायट प्राचार्य डॉ माया सिंह की अध्यक्षता में किया गया कार्यशाला में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप उज्जवल का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा सरस्वती वंदना एवं आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य माया सिंह ने बताया कि कार्यशाला 3 दिनों तक चलेगी जिसमें जनपद के सभी संकुल ए आर पी प्रतिभाग करेंगे प्रथम दिन चहनिया चंदौली और नियमताबाद से कुल 180 शिक्षक संकुल और ए आर पी ने प्रतिभाग किया प्राचार्य ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दिसंबर 2023 तक जनपद के सभी विद्यालयों का निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य प्राप्त करना है मुख्यमंत्री के विजन निपुण विद्यालय लक्ष्य को महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्री विजय किरण आनंद जी जो निर्देश जारी किया है उसी को ध्यान में रखकर हमें इस लक्ष्य को प्राप्त करना है उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी श्री राम शरण सिंह जी ने अपने जोश भरे उद्बोधन में कई महत्वपूर्ण बातें कई बाल केंद्रित शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षक व अभिभावक के बीच में किसी भी प्रकार का अंतर नहीं रहना चाहिए तथा इन सब में एक बेहतर आत्मीय संबंध जुड़ा होना चाहिए बच्चों के बीच किसी भी प्रकार के अंतर को हटाता है ताकि बच्चा खुशी और आनंद के माहौल में बेहतर सीखना सिखाया कर सके उन्होंने बी ई ओ एसआरजी ए आर पी और डायट मेंटल को आपस में आत्मीय संबंध बनाकर कार्य करने की अपील कि उन्होंने कहा कि हमें अपने काम के प्रति जोश जुनून और एक मिशन की तलाक कार्य करना है तभी निपुण विद्यालय के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार जी ने कहा कि शासन द्वारा जो पुल विद्यालय विद्यालय बनाने का लक्ष्य दिया गया है उसमें हमारे शिक्षक बड़ी ही तन्मयता से लगे हुए हाय जिसका परिणाम चहनिया के दो विद्यालयय निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं अन्य विद्यालय भी निपुण लक्ष्य की काफी करीब पहुंच चुके हैं उन्होंने अध्यापकों से अपील करते हुए कहा कि या आपके प्रयास से पूरे प्रदेश में पालनपुर जनपद चंदौली बनेगा यह मेरा विश्वास है कार्यशाला में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण विद्यालय के विषय पर मोटिवेशनल वीडियो दिखाया गया तथा दीक्षा एप के महत्व के बारे में बताया गया गुणवत्ता हेतु निपुण विद्यालय के 5 पॉइंट टूलकिट उत्कृष्ट शिक्षक संकुल द्वारा प्रदर्शित किया गया बेस्ट शिक्षा संकुल द्वारा निकुल विद्यालय की कार्य योजना बताया गया कार्यशाला में प्राचार्य माया सिंह द्वारा समयांतर निपुण विद्यालय बनाने हेतु निपुण शपथ दिलाया गया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुर्वेदी मनोज कुमार यादव अजीत पाल एसपी साहब जितेंद्र सिंह देवेंद्र उपाध्याय आनंद सिंह एसआरजी जयप्रकाश यादव सुभाष यादव अनिता कुमारी डायट मेंटल रामाशंकर यादव आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्री अजहर सइद एवं जे पी रावत जी ने किया कार्यक्रम प्रभारी श्री राजेश कुमार सिंह एवं नोडल डॉक्टर रोशन सिंह ने किया

मानव जीवन कल्याण के लिए हम सभी को करना चाहिए पौधारोपण- धीरज

सैयदराजा (चंदौली) मानव जीवन प्रकृति प्रदत है प्रक्रति के द्वारा ही मानव जीवन उन्नति की ओर अग्रसर होता है यदि प्रकृति खुशहाल है तो मानव जीवन खुशहाल है ,मानव कल्याण के लिए सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी अच्छी प्रकार से देखभाल करने की जरूरत है, उक्त बातें सफाई अभियान के तहत शनिवार को सैयदराजा नगर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 स्कूल पर वार्ड नं 4 के सभासद धीरज गुप्ता ने कही ,श्री गुप्ता ने कहा कि पौधारोपण अभियान के तहत शनिवार को अपने वार्ड के प्राथमिक पाठशाला नंबर 2 में अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया जिसमें अमरूद ,जामुन ,बेल आदि का पौधा लगाया गया अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि शासन की मंशा स्वरूप जगह -जगह वृद्ध स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है करना चाहिए श्री गुप्ता ने कहा कि पौधारोपण सिर्फ सेल्फी तक ना सीमित करें बल्कि पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की भावना से करें सभासद धीरज गुप्ता ने कहा कि कुछ लोग पौधारोपण कर कर उसे भूल जाते हैं इससे उक्त पौधा पेड़ नहीं बन पाता है, इसलिए जरूरी है कि सभी लोग पौधारोपण के पश्चात उसकी देखभाल अपने नवजात शिशु की तरह करें इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद रहे?

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर महिला सभा ने निकाला कैंडल मार्च

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय/ गाजीपुर विधानसभा जखनिया मे 22जुलाई को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी की महिला सभा के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष विभा पाल के नेतृत्व में मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी और निर्वस्त्र कर घुमाये जाने के विरोध में महुवाबाग से गांधी पार्क आमघाट तक कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव जी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए तथा इस घटना की तीखी निंदा करते हुए इसे मानवता को शर्मशार कर देने वाला बताया।जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि मणिपुर में लगभग दो महीनों से हिंसा फैली हुई है। लेकिन मणिपुर को लेकर न मोदी जी को चिंता है और न गृहमंत्री अमित शाह जी को। मोदी जी और अमित शाह जी को देश में फिर कैसे सरकार बने और मोदी जी कैसे तीसरी बार प्रधानमंत्री बन जायें इस बात की तो चिंता है लेकिन मणिपुर में अमन शांति कैसे बहाल हो इस बात की उन्हें कत्तई फिक्र नहीं है। प्रधानमंत्री जी को विदेशी और जिन प्रदेशों में चुनाव संभावित है का दौरा करने की तो फुर्सत है लेकिन मोदी जी के पास मणिपुर जाने का वक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भीड़ ने दो महिलाओं को दरिदंगी के साथ निर्वस्त्र कर क्षेत्र में घुमा रही है वह बहुत ही दुखी और शर्मशार करने वाली घटना? है। इस घटना से दुनिया की निगाह में देश की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने कहा जिस तरह से महिलाएं मदद की गुहार लगा रही है और उन्हें बचाने के लिए भीड़ के डर से न पुलिस और न ही जनता बल्कि कोई भी आगे नहीं आ रहा है,यह बात यह साबित करने के लिए काफी है कि मणिपुर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में शांति बहाल करने में असफल देश के प्रधानमंत्री मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री विरेन सिंह से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से विभा पाल,सीमा यादव,संगीता यादव, सुनीता यादव, रीना यादव,कंचन रावत,पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, आमिर अली, रविन्द्र प्रताप यादव, कन्हैयालाल विश्वकर्मा,अशोक कुमार बिंद, अरुण कुमार श्रीवास्तव,मदन यादव ,डॉ समीर सिंह,नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, तहसीन अहमद, भानु यादव, आदित्य यादव, सुजीत कुमार, अशोक अग्रहरि,कैलाश यादव,आरिफ खां, फिरोज जमाल, लड्डन खां बाबी चौधरी, नरेन्द्र कुशवाहा, द्वारिका यादव, आदित्य यादव, इंद्रजीत कुशवाहा, रमेश यादव, राजेश यादव, रामनगीना यादव, राधेश्याम यादव, बैजू यादव, गोपाल यादव, छन्नू यादव, सतिराम यादव आदि उपस्थित थे।

नागरिक सुरक्षा कोर ने विभिन्न स्थानों पर किया पौधरोपण

डीडीयू नगर। स्थानीय अलीनगर स्थित नक्षत्र लान सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर जिलाधिकारी चन्दौली के निर्देश पर नागरिक सुरक्षा कोर के तत्वावधान मे शनिवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पौधरोपण करते हुए सहा.उपनियंत्रक योगेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी जीवनशैली का एक अंग हैं वृक्ष।यदि हमारे जीवन से इन्हे हटा दिया जाय तो मनुष्य को शुद्ध आक्सीजन ही प्राप्त नही होगा जिसके चलते मनुष्य का जीवन खतरे मे पड़ जाएगा। चीफ वार्डेन राजीव गुप्ता ने कहा कि प्रकृति से ही हमारा जीवन है और इसे जितना सुंदर बनाएंगे वह उतना ही हमे स्वच्छ और सुरक्षित जीवन प्रदान करेगी। वहीं स्टाफ आफीसर अग्नि शमन कमलेश तिवारी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि इस धरा ही नही हमारे भी सौंदर्य का कारक वृक्ष ही हैं।शुद्ध जल, वातावरण सहित शुद्ध आक्सीजन प्रदान करने का कार्य ये वृक्ष ही करते हैं।हमारा सम्पूर्ण जीवन ही इन वृक्षरूपी प्रकृति की गोद मे पलता है,अतः हमे अधिक से अधिक पौधरोपण कर इस धरा के श्रृंगार को सुरक्षित और संरक्षित करने का काम करना चाहिए। उक्त अवसर पर कार्यालय अधीक्षक राजीव कुमार, विजय दूबे , तेज प्रकाश मल्लिक, प्रमोद कुमार,मुकेश कुमार, मलयरंजन केसरी, पंकज कुमार सिंह, सुधांशु कुमार ,प्रवीण यादवेंदु,धर्मराज भारती सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे

आयोजित वृक्षारोपण महाभियान में श्रम एवं सेवायोजन कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, विधायक चकिया श्कैलाश आचार्य, जिलाधिकारी श्री निखिल टी. फुंडे व अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया वृक्षारोपण

चंदौली वृक्षारोपण महाभियान के शुभ अवसर पर जनपद चन्दौली की नौगढ़ रेंज के अर्रा पहाड़ी रोपावनी 2023 में प्रभारी मंत्री मा0 अनिल राजभर, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय उ0प्र0 सरकार द्वारा हरिशंकरी पौधों का रोपण करके शुभारम्भ किया गया। स्कूल की छात्राओं ने पर्यावरण को बचाने एवं पौधों को अधिक से अधिक लगाने हेतु गीत के माध्यम से लोगों से आवाहन किया। उन्होंने पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुये सरकार की वर्ष 2023 की नीति पेड़ लगाओं पेड़ बचाओ तथा हर खेत में मेड़- हर मेड़ पर पेड़ का आवाहन किया तथा वृक्षारोपण को एक उत्सव के रूप में मनाये जाने का आवाहन किया।वृक्षारोपण महाभियान का प्रारम्भ वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया। मा0 मंत्री ने वृहद वृक्षारोपण महाभियान में उपस्थित सभी लोगों का उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से स्वागत करते हुए कहा कि मा0 मोदी जी एवं मा0 योगी जी के संकल्प से उत्तर प्रदेश सरकार ने यह तय किया है कि 35 करोड़ वृक्षारोपण कर धरती मां का श्रृंगार करेंगे और मानवता को बचाएंगे। मा0 मंत्री अनिल राजभर ने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग प्रकृति की गोद में रहते हैं,आप सभी से निवेदन है कि जो भी वृक्ष लगाए जा रहे हैं उनकी संरक्षा एवं सुरक्षा अवश्य करें।जनपद में अलग अलग स्थानों पर कुल 5260818 पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मा0 विधायक चकिया, विधायक कैलाश आचार्य, जिलाधिकारी श्री निखिल टी फुंडे, प्रभागीय वनाधिकारी, उप जिलाधिकारी नौगढ़, खण्ड विकास अधिकारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुगलसराय रेंज के अन्तर्गत स्थापित नन्दन वन में हरिशंकरी पौध का रोपण चन्दौली जिले के लिये नामित नोडल अधिकारी श्री सुहास एल0वाई0, (आई0ए0एस0) सचिव, खेल एवं युवा कल्याण, उ0प्र0 शासन तथा महानिदेशक, युवा कल्याण पी0आर0डी0 विभाग, उ0प्र0 द्वारा किया गया।

बिजली चोरी करने पर छह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर। सेवराई तहसील क्षेत्र में जेई अश्वनी कुमार ने टीम के साथ बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कुल छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है। इसमें एक बिजली से संचालित ट्यूबवेल संचालक भी पकड़ा गया है। जो करीब दो वर्ष से बिना बिजली कनेक्शन का ही मशीन चला रहा था। वहीं उस मशीन तक जालसाजी तरीके से बिजली के तार व ट्रांसफार्मर भी लगा दिए गये है। अब इनकी भी जांच कराने के लिए विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी। विभाग अब उन संबंधित अधिकारी व कर्मियों को भी चिंहित कर कार्रवाई करेंगे। जिन्होने इस बिजली का खंभा लगवाने सहित ट्रांसफार्मर दिलाने में अहम भूमिका निभायी है।

पर्यावरण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी- बीईओ रामआसरे

धीना।प्राथमिक विद्यालय रामपुर पर शनिवार को प्रधानाध्यापक व आदर्श शिक्षक बलराम पाठक के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ बरहनी रामआसरे व प्रधानाध्यापक बलराम पाठक ने संयुक्त रूप से दर्जनों पौधों को लगाने का काम किया।वही विद्यालय के शिक्षकों को पौधों के सरंक्षण के लिए संकल्प दिलवाने के काम किया। बीईओ बरहनी रामआसरे ने कहा कि वृक्षारोपण महोत्सव सिर्फ एक महोत्सव नहीं वरन एक उत्तरदायित्व है। जिसका निर्वहन छात्र, शिक्षक एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को करना है।वृक्षारोपण के माध्यम से हम अपने आने वाली पीढ़ी को एक उज्जवल भविष्य दे सकते हैं। वृक्ष न सिर्फ पर्यावरण को सुरक्षित रखते हैं। अपितु मौसम के अनुकूलन में भी सहयोग करते हैं।पौधरोपण कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में आम,अनार, कटहल, नींबू, अमरूद के पौधे लगाए गए।इस मौके पर प्रधानाध्यापक बलराम पाठक, रिंकू चंद्र, लकमुद्दीन ,मयंक मौर्य मनीषा ,राजेश बिंद ,रुहिया खानम, शिवमुनि आदि रहे।

पौधरोपण | मरुई गांव में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया।

पर्यावरण के लिए वृक्ष लगाना बहुत जरूरी-विधायक सुशील सिंह

सैयदराजा। वृक्षारोपण महाअभियान के तहत शनिवार को मरुई गांव में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने आम ,पीपल,बरगद के पौधे लगाए।मौके पर उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने कहा कि आज तेजी से शहरीकरण व निजी स्वार्थ में पेड़ो को काटा जा रहा है।

इससे तेजी से ऑक्सीजन की कमी होती जा रही है।इसके लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की जरूरत है।वृक्ष धरा के सबसे सुंदर आभूषण है।इसे लगाना बचाना हमारी आपकी समाज में हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है।पेड़ पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन हवा मिलता है।समिति की तरफ से लगाए गए वृक्ष निश्चित रूप से आने वाले भविष्य में ऑक्सीजन के स्रोत बनेंगे।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख बरहनी प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, वन क्षेत्राधिकारी अमरनाथ सिंह, छविनाथ त्रिपाठी, पुन्नू कबाड़ी, संतोष सिंह, गोरखनाथ अग्रहरि, मनोज, अमित अग्रहरि डाली, आलोक सिंह, ओमप्रकाश सिंह, जितेंद्र, भगवान सिंह, इस्तखार अली, अजय सिंह, रमेश राय, शशांक पांडेय आदि लोग रहे।